जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**From wrestling to singing...** Whatever is happening in the field of music is very unhealthy. Thanks to music videos, anyone and ever one can become a singer.

**Bumble Bees Carrying Pollen**

**The Ancient Roots of Psychotherapy** | Understanding and treating mental suffering



*समुद्र के गहरे ठंडे पानी में तैरते हुए खुद को गर्म रखने के लिए हैमरहैड शार्क्स का अपना ही अनूठा तरीका है। वो अपने गिल्स (गलफड़े) बंद कर लेती हैं और सांस रोक लेती हैं। यह अनूठा व्यवहार इससे पहले किसी भी मछली में नहीं देखा गया था। हवाई के इंस्टिट्यूट ऑफ मरीन बायॉलजी के शार्क रिसर्च ग्रुप के वैज्ञानिक मार्क रोयर ने कहा, ''यह पूर्णतया आश्चर्यजनक बात थी। स्तनपायी समुद्री जीव की तरह शिकार करते समय शार्क द्वारा सांस रोक लेना पूर्णतया अप्रत्याशित और असाधारण व्यवहार था''। हैमरहैड शार्क्स एक्टोथर्म्स यानि ''कोल्ड ब्लडेड'' जानवर हैं। अर्थात् उनके शरीर का तापमान उनके पर्यावरण के आधार पर निर्धारित होता है। ये जीव अपने गिल्स से सांस लेते हैं। पानी में घुली हुई ऑक्सीजन ग्रहण करने वाले गिल्स उनके शरीर के प्रमुख पॉइन्ट्स हैं, जहाँ से शरीर की गर्मी कम होती है। चूंकि शार्क खुद गर्मी उत्पन्न नहीं कर सकतीं, इसलिए बहुत ज्यादा ठंडी होने पर तैर नहीं पाती हैं और सुस्त हो जाती हैं। और अगर शार्क तैरेंगी नहीं तो उनके गिल्स से पानी का प्रवाह नहीं होगा, जिससे उनका दम घुट सकता है। इसके बावजूद भी हैमरहैड शार्क भोजन की तलाश में समुद्र में हजारों फीट नीचे चली जाती हैं, जहां पानी बहुत ठंडा होता है। हैमरहैड शार्क की ''स्ट्रैटजी'' का पता लगाने के लिए रोयर व उनके सहयोगी ने उनकी पीठ पर विशिष्ट सैंसर्स लगा दिये, जो इनकी मांसपेशियों का तापमान, आसपास के पानी का तापमान व यह पता लगाने में सक्षम थे कि, शार्क कितनी गहराई में तैर रही हैं। रोयर ने कहा, ''इससे शार्क की हरेक हरकत का मुझे पूरा और सटीक ब्यौरा मिलता रहा। हैमरहैड शार्क्स ने उथले पानी से बार-बार और जल्दी-जल्दी गहरे पानी में गोता लगाया, जहाँ पानी का तापमान 79 डिग्री फैरनहाइट था और 2600 फीट नीचे तक गईं, जहाँ पानी का तापमान 41 डिग्री था। गहराई में भोजन के लिए वो सिर्फ 4 मिनट ही ठहरीं। उसके बाद वो सीधे ऊपर आ गईं। ऊपर आते समय उनके शरीर का तापमान 17 मिनट तक स्थिर रहा। शरीर के तापमान के डेटा का अध्ययन करके हमने पाया कि, ये शार्क कुछ बहुत अलग और रोचक करती हैं, अन्य मछलियों की तुलना में। कम्प्यूटर मॉडलिंग से संकेत मिले कि, वो अपने गिल्स बंद कर लेती हैं ताकि ठंडा पानी उनके शरीर के अंदर न जा सके''। वर्ष 2015 में तंजानिया में 3400 फीट की गहराई में लिए गए एक वीडियो से भी इस बात की पुष्टि हुई। जबकि छिछले पानी में ली गई अन्य फुटेज में हैमरहैड के गिल्स खुले हुए दिखाई दिए।*

# पेपर लीक मामले में ई.डी. ने एक साथ सात जगह रेड की

## दल-बल के साथ आई ई.डी. की टीम ने जयपुर, डूंगरपुर, बाड़मेर और अजमेर में आरोपियों के ठिकानों पर रेड की

- **पेपर लीक के मास्टरमाइन्ड और आर.पी.एस.सी. सदस्य बाबू लाल कटारा के डूंगरपुर के घर और अजमेर के सरकारी आवास में ई.डी. की टीम ने रेड की और कई दस्तावेज जब्त किए।**
- **एक अन्य आरोपी, सुरेश ढाका के जयपुर स्थित वैशाली नगर के फ्लैट व सांचोर में पैतृक आवास पर भी रेड की गई, रेड की खबर से ढाका के पिता भयभीत होकर अलमारी में बंद हो गए और बेहोश हो गए।**
- **सुरेश विश्नोई और भजन लाल विश्नोई के घरों व अन्य ठिकानों पर, आरोपी भपेन्द्र सारण के घर तथा एन.एम.यू.आई. के कुछ लोगों पर भी ई.डी ने रेड की।**
- **बताया जाता है कि, ई.डी. ने पेपर लीक मामले में सात दिन पहले आर.पी.एस.सी. से नामजद आरोपियों का ब्यौरा मांगा था और ई.डी. काफी समय से इस मामले में एस.ओ.जी. के सम्पर्क में रही है। ई.डी. ने बयानों व तथ्यों के विश्लेषण के आधार पर माना है कि, इस मामले में मनी लॉण्डरिंग की गई है।**
- **ज्ञातव्य है कि, पेपर लीक मामले को लेकर भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने ई.डी. में शिकायत की थी।**

जयपुर, 5 जून (का.प्र.)। राजस्थान में पेपर लीक मामले में एन्फोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) ने छापेमारी शुरू कर दी है। सोमवार को ई.डी. बाड़मेर, डूंगरपुर, जयपुर में एक साथ सात जगहों पर छापे मारे। बाड़मेर में रीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार ठेकेदार भजनलाल विश्नोई के घर पर छापा मारा है। वहीं, डूंगरपुर में राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य बाबूलाल कटारा के घर पर छापेमारी की है। ई.डी. के अधिकारी सुबह से दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। पेपर लीक के मास्टरमाइंड सुरेश ढाका के वैशाली नगर के आशापूर्णा सोसाइटी में स्थित फ्लैट पर रेड की गई है। ई.डी. की टीम अजमेर में बाबूलाल कटारा के सरकारी आवास पर भी पहुंची है।

जानकारी के अनुसार सात दिन पहले ई.डी. ने आरपीएससी के अधिकारियों से पेपर लीक के नामजद आरोपियों की डिटेल मांगी थी। आरपीएससी ने सभी सदस्यों और पेपर लीक में शामिल लोगों की जानकारी ईडी के साथ साझा की थी। केंद्रीय सुरक्षा बल के 50 से अधिक अधिकारी और जवान इस रेड में शामिल हैं। ई.डी. के अधिकारी पिछले काफी समय से एस.ओ.जी. के अधिकारियों के भी सम्पर्क में हैं। ऐसा भी बताया जा रहा है कि ई.डी. द्वारा आरोपियों के बयानों के विश्लेषण से पेपर लीक के मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की पुष्टि की गई है। गौरतलब है कि पेपर लीक मामले में राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा की शिकायत पर ई.डी. ने मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था।

ई.डी. की अलग-अलग टीमों ने आज बाड़मेर, डूंगरपुर, सांचौर और जयपुर में एक साथ छापे मारे हैं। रीट पेपर लीक मामले में बाड़मेर के ठेकेदार भजनलाल विश्नोई को एसओजी ने गिरफ्तार किया था। उससे भी पेपर खरीदने और बेचने के लिए करोड़ों रुपए का लेन-देन हुआ था। ई.डी. की टीम बाड़मेर शहर के महावीर नगर में भजनलाल के घर पर तलाशी कर रही है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सी.बी.आई. को बालासोर एक्सीडैंट की जांच क्यों सौंपी गयी है?

## विपक्ष का आरोप है कि, यह रेलवे सेफ्टी के खराब रिकॉर्ड को ढकने का प्रयास है

- **सी.ए.जी. की रिपोर्ट के अनुसार गत 5 साल में ''डिरेलमैंट'' की लगभग एक हजार घटनाएं हुई हैं, जिनका प्रमुख कारण इंटर लॉकिंग फेलियर है, जैसा कि बालासोर की रेल दुर्घटना में हुआ।**
- **अगर सेफ्टी कमिश्नर जांच करते हैं। तो, रेल्वे की कमियां, खामियां उजागर होने की ज्यादा संभावना होती।**
- **रेल्वे एक्ट के अनुसार रेल्वे सेफ्टी कमिश्नर द्वारा, किसी रेल एक्सीडैंट, जिसमें यात्रियों की मृत्यु हुई हो, की जांच करवाना अनिवार्य होता है।**
- **रेल्वे द्वारा ट्रैक रिन्युअल (पटरी की मरम्मत) आदि के लिये आवंटित राशि कम होती जा रही है तथा यह रेल्वे की प्राथमिकता नहीं है, अतः यह राशि उपलब्ध होने के बाद, उसका ''युटिलाइज़ेशन'' भी घटा है।**

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 जून। शुक्रवार को बालासोर में हुई भयानक रेल दुर्घटना की सी.बी.आई. जांच की सिफारिश के रेलवे बोर्ड के आनन-फानन में लिये गये निर्णय पर राजनैतिक हलकों में भृकुटियां तन गई हैं।

सन् 1895 के रेलवे एक्ट (जिसमें आगे चलकर संशोधन हो गया था) के अनुसार, चीफ कमिश्नर और रेलवे सेफ्टी (सी.सी.आर.एस.) को अनिवार्यतः ऐसी दुर्घटना की जांच करनी होती है जिसमें यात्रियों की मृत्यु हुई हो। बड़ी दुर्घटनाओं, जैसे खन्ना तथा गैसल दुर्घटनाओं के मामले में सर्वोत्तम न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में न्यायिक आयोगों का गठन किया गया। समझौता ब्लास्ट केस की जांच एन.आई.ए. ने की थी, जबकि नक्सली तत्वों द्वारा ट्रेनों पर किये गये हमलों की जांच के मामले की जिम्मेदारी राज्य की पुलिस को सौंपी गई थी। वर्ष 2009 में हुई भुवनेश्वर राजधानी की दुर्घटना ही अब तक ऐसा एकमात्र मामला था, जिसमें सी.बी.आई. को जांच के लिए लगाया गया था। उस समय, तत्कालीन रेल मंत्री ममता बनर्जी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को इस प्रकरण की जांच सी.बी.आई. से कराने के लिये राजी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# पैंथर्स पार्टी राजस्थान में चुनाव लड़ेगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 जून। नैशनल पैंथर्स पार्टी इस साल के अंत में होने वाले राजस्थान विधानसभा चुनाव में सभी 200 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यह घोषणा पार्टी के चीफ पैट्रन अंकित लव (39) ने राजस्थान के अलवर नगर में हुई अपनी वर्किंग कमेटी की मीटिंग में की। इस मीटिंग में अनिल शर्मा (56)

- **पैंथर्स पार्टी के चीफ पेट्रन, अंकित लव ने अलवर में पैंथर्स पार्टी की प्रदेश इकाई की बैठक में सभी 200 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की।**

सर्वसम्मति से पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष चुने गये।

शर्मा ने कहा कि वे यह चुनाव अंकित की मां जय माला, जिनका निधन अप्रैल में जम्मू में हो गया था, की स्मृति में लड़ेंगे। शर्मा को अंकित के पिता तथा पार्टी के संस्थापक प्रो. भीम सिंह ने 12

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पटना में संयुक्त विपक्ष की पहली बैठक टली

## प्रमुख कांग्रेस नेताओं से डेट्स नहीं मिल पाने के कारण अब यह बैठक 12 जून की बजाय 23 जून को बुलाई गई है

- **कांग्रेन ने ही अपने प्रमुख नेताओं की अनुपलब्धता के कारण मीटिंग की तारीख बदलने का सुझाव दिया था, जिसे मान लिया गया है।**
- **इसके अतिरिक्त, कांग्रेस ने यह बैठक पटना की बजाय हिमाचल प्रदेश में आयोजित करने का भी सुझाव रखा था, जिसे अन्य क्षेत्रीय दलों ने अस्वीकार कर दिया। अब यह बैठक पटना में ही होगी।**

नई दिल्ली, 5 जून। पटना में आगामी 12 जून को होने वाली विपक्षी दलों की संयुक्त बैठक फिलहाल टाल दी गई है। कांग्रेस के सुझाव के बाद विपक्षी दल के क्षत्रप 12 जून के बदले अब 23 जून को एक मंच पर आने वाले हैं। कांग्रेस का सुझाव यह भी था कि, बैठक हिमाचल प्रदेश में की जाए, लेकिन भाजपा के खिलाफ विपक्ष की पहली बैठक पटना में ही होगी।

सियासी हकीकत यह है कि क्षेत्रीय दल कांग्रेस को बैठक से पहले ही यह संदेश दे देना चाहते हैं कि वह विपक्षी एकता के लिए कांग्रेस की बड़ी जरूरत है, लेकिन क्षेत्रीय विपक्षी दलों की भूमिका ही अहम होने वाली है।

परोक्ष रूप से हिमाचल प्रदेश के सुझाव को खारिज कर कांग्रेस को इसका एहसास करा दिया गया है। हालांकि, 23 जून के लिए भी कांग्रेस की ओर से सहमति आना अभी बाकी है, लेकिन जदयू के मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने इसकी पुष्टि की है। केसी त्यागी का कहना है कि प्रारंभिक बैठक की तिथि टलने से इतना साफ हो गया कि अब एकता की कवायद पहले से भी ज्यादा व्यवस्थित और संगठित तरीके से होगी।

यह भी संकेत है कि अगली बैठक के लिए सुनिश्चित किया जा रहा है कि सारे दलों के अध्यक्ष और प्रमुख नेता उपस्थित रहें, ताकि कोई महत्वपूर्ण निर्णय पर पहुंचा जा सके। राहुल चाहते हैं कि प्रारंभिक बैठक के बाद दो-तीन दिनों का एक सत्र अलग से भी होना चाहिए, ताकि सारे मुद्दों पर सभी दलों से बातचीत की जा सके।

केसी त्यागी ने बताया कि को बैठक को किसी निष्कर्ष पर पहुंचाने के लिए दो-तीन तरह की समितियां बनाने की भी तैयारी है। क्षेत्रीय अस्तित्व में वृद्धि और विभिन्न मुद्दों को लेकर आगे बढ़ रहे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बाइक टैक्सी के खिलाफ अब सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 जून। केजरीवाल सरकार दिल्ली उच्च न्यायालय के उस अंतरिम आदेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय चली गई है, जिस आदेश में

- **बाइक टैक्सी पर दिल्ली सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध पर दिल्ली हाई कोर्ट ने स्टे ऑर्डर दिया था, इसके खिलाफ दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की है।**

ट्रांसपोर्ट डिपार्टमैंट की राष्ट्रीय राजधानी में राइड-शेयरिंग प्लेटफॉर्म्स द्वारा बाइक-टैक्सी सेवा पर रोक लगा दी थी।

केजरीवाल सरकार दिल्ली उच्च न्यायालय के 26 मई के उस आदेश के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'ए.सी.बी. अच्छा काम कर रही है अतः ई.डी. की एन्ट्री क्यों'

## राजस्थान में ई.डी. की एन्ट्री पर राजनीति गर्माई, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यह भी कहा कि, ई.डी. के अधिकारी ऊपर के दबाव में

- **प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ई.डी. पोलिटिकल टास्क लेकर आई है, भाजपा वाले तो साल भर से कह रहे हैं कि, ई.डी. आ रही है।**
- **ई.डी. ने पेपर लीक मामले को लेकर राजस्थान में एन्ट्री ली है। डोटासरा ने यह भी कहा कि, हमारी सरकार ने आरोपियों को पकड़ कर जेल में डाल दिया है, अब ई.डी. क्या करेगी।**
- **डोटासरा ने भाजपा को लक्ष्य करके कहा, जहां भी चुनाव होते हैं भाजपा की केन्द्र सरकार वहां ई.डी. व सी.बी.आई. को भेज देती है। ई.डी., सी.बी.आई. और इन्कम टैक्स से चुनाव नहीं जीते जाते।**
- **पेपर लीक मामले के एक आरोपी, भजन लाल विश्नोई के साथ फोटो वायरल होने के मसले पर डोटासरा ने कहा, ''अगर फोटो से ही अपराधी बनते हैं तो बनाओ ना अपराधी।''**

जयपुर, 5 जून (का.प्र.)। राजस्थान में ई.डी. (एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट) की एंट्री हो गई है। अभी तक ई.डी. ने किसी भी राजनीतिक व्यक्ति को ना तो टारगेट किया है ना जांच के नाम पर छापे मारे हैं। ई.डी. का पूरा ध्यान पेपर लीक मामले को लेकर है और इस सिलसिले में ई.डी. ने पहले पेपर लीक मामले में जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ की थी। उसके बाद सोमवार को राजस्थान में एक साथ कई जगह छापे मारे। इनमें प्रमुख रूप से राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन के सदस्य बाबूलाल कटारा का बांसवाड़ा के डूंगरपुर आवास और अजमेर स्थित सरकारी आवास और बाड़मेर में ठेकेदार भजनलाल बिश्नोई का ठिकाना शामिल है। इधर पेपर लीक के आरोपियों के यहां छापे पड़ने के साथ ही राजनीति गरमा गई है। सबसे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने अपना बयान दिया कि ई.डी. पोलिटिकल टास्क लेकर आई है। वही मख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी भी ई.डी. के आने पर सवाल उठाए।

ई.डी. की छापेमारी पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा- जहां चुनाव आने वाले होते हैं, वहां ई.डी. और सी.बी.आई. की एंट्री हो जाती है। राजस्थान में ए.सी.बी. अच्छा काम कर रही है तो ई.डी. की एंट्री क्यों हुई? उन्होंने कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि अगर कुछ मिले तो ई.डी. ए.सी.बी. की मदद करे। ई.डी. अगर अच्छा काम करे तो मुझे खुशी होगी, लेकिन मैं ई.डी. ए.सी.बी. के अफसरों से कहना चाहता हूं कि वे ऊपर वालों के दवाब में न आए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने ई.डी. के छापों पर कहा है कि हम तो ई.डी. का इंतजार कर रहे थे, हम तो इनका स्वागत करेंगे। ईडी पोलिटिकल टास्क लेकर आई है। मोदी-शाह की केंद्र सरकार चुनावों से पहले हर राज्य में ऐसा करती है, लेकिन भाजपा को गलतफहमी निकाल देनी चाहिए। ई.डी. और इनकम टैक्स से चुनाव नहीं जीते जाते हैं। चुनाव जीतने के लिए लोगों का दिल जीतना पड़ता है। डोटासरा ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में मीडिया से बात करते हुए कहा।

डोटासरा ने कहा कि हम तो काफी समय से इंतजार कर रहे थे, क्योंकि मोदी-अमित शाह की केंद्र सरकार हमेशा राजनैतिक मौका देख कर ई.डी., इनकम टैक्स और सी.बी.आई. का दुरुपयोग करती है। पहले उन्होंने कर्नाटक में ऐसा किया, छत्तीसगढ़ में कर रहे हैं और अब राजस्थान में भी उन्होंने अपना खेल चालू कर दिया है। हम तो उनका स्वागत करेंगे, वे चाहे जो करें। जिस तरीके का पोलिटिकल टास्क लेकर वह आएं हैं, वे जांच करें कोई घबराने वाला नहीं है। डोटासरा ने कहा- हम तो खुद चलकर कार्रवाई कर रहे हैं। हमारी सरकार के द्वारा नियुक्त किए हुए आरपीएससी सदस्य के बारे में जब पता चला उसने बेईमानी की है, पेपर आउट किया है, भ्रष्टाचार किया है तो उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा है। हमारी पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके जेल भेजा है, उसे ई.डी. ने थोड़े ही जेल भेजा है। हमारी जांच से संतुष्ट नहीं हो तो अलग बात होती, लेकिन भाजपा नेता तो साल भर से कह रहे थे कि ई.डी. आएगी और उन्हें गलतफहमी है, कि राजस्थान में भाजपा विधानसभा चुनाव जीत लेगी। तो यह गलतफहमी निकाल देनी चाहिए, चुनाव जीतने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुम्बई पुलिस के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट को जमानत

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 जून। सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस अधिकारी तथा ''एनकाउन्टर स्पेशलिस्ट'' प्रदीप रामेश्वर शर्मा को,

- **सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र पुलिस के अफसर प्रदीप रामेश्वर शर्मा को, अस्पताल में भर्ती उनकी पत्नी की देख रेख के लिए जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए।**

उनकी बीमार पत्नी की देखभाल करने के लिये, तीन सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी। ज्ञातव्य है कि मुम्बई के लीलावती हॉस्पीटल एंड रिसर्च सैंटर में उनकी पत्नी का ऑपरेशन होना है। इस केस की जाँच

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

हर किसी की निंदा सुन लो, लेकिन अपना निर्णय गुप्त रखो। –शेक्सपियर

# सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने आंदोलन रत महिला पहलवानों के विषय में पूर्णतया चुप्पी साध रखी है। इन महिला पहलवानों का आंदोलन 23 अप्रैल 2023 से जंतर-मंतर पर चल रहा था और समाज के विभिन्न वर्गों का समर्थन भी लगातार मिल रहा था। ये पहलवान शांतिपूर्वक, जंतर मंतर पर धरना दे रहे थे। नई संसद के उद्घाटन के अवसर पर जहां प्रधानमंत्री, उनकी सरकार ने किस प्रकार महिलाओं की गरिमा को बचाने और बढ़ाने का काम किया है, उसका बखान कर रहे थे, ठीक उसी समय लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली महिला पहलवानों को दिल्ली पुलिस द्वारा सड़कों पर घसीट कर बलपूर्वक हिरासत में लिया जा रहा था। उनके ऊपर कई प्रकार की धाराएं लगाकर एफ आई आर दर्ज कर ली गई। जहां एक और यौन शोषण के आरोपी बृजभूषण सिंह पर एफ आई आर दर्ज कराने के लिए महिला पहलवानों को सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा, वहीं न्याय मांग रही उन महिला पहलवानों को बेइज्जत करते हुए धरना स्थल से उठा लिया गया। उनके तंबू इत्यादि भी हटा दिए और जंतर-मंतर के स्थान को साफ कर लिया गया। न केवल यह, दिल्ली पुलिस ने यह भी कहा कि दुबारा उन्हें जंतर-मंतर पर बैठने नहीं दिया जाएगा। इसके बाद लगातार कुछ दिनों से उत्तर प्रदेश और हरियाणा में खाप पंचायतों की बैठकें हुई हैं जहां पहलवानों के समर्थन में विभिन्न प्रकार के कदम उठाने की बात की गई है।

अपने साथ दुर्व्यवहार से महिला पहलवान इतने दुखी और क्षुब्ध थे कि उन्होंने अपने सारे जीते हुए मेडल गंगा नदी में प्रवाहित करने का निर्णय ले लिया एवं इस हेतु वे हरिद्वार में हर की पौड़ी तक पहुंच गईं। बाद में किसान नेता नरेश टिकैत आदि ने उन्हें ऐसा करने से रोका और सरकार को कार्रवाई करने हेतु कुछ समय देने की बात कही। उनकी बात को मानते हुए पहलवानों ने अपने मेडल प्रवाहित नहीं किए एवं इस निर्णय को कुछ दिनों के लिए टाल दिया। अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संघ ने भी भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव 10 जून तक नहीं कराने पर भारतीय कुश्ती संघ की मान्यता समाप्त करने की चेतावनी दे डाली। यदि ऐसा हो जाता है तो यह देश के लिए शर्म की बात होगी। भारत के पहलवानों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के अंतर्गत भाग लेने का मौका नहीं मिलेगा एवं वह बिना राष्ट्रीय ध्वज के अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह सब केवल इसलिए हो रहा है। कि भारत सरकार ने इस पूरे प्रकरण में चुप्पी साध रखी है।

भाजपा की महिला नेता, जिनमें भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी प्रमुख हैं, का कोई बयान इस विषय में नहीं आया है। ये छोटी-छोटी बातों पर बहुत बढ़-चढ़कर के बयान देती रही हैं। हाल ही में भारत सरकार की मंत्री मीनाक्षी लेखी से इस विषय में एक पत्रकार ने टिप्पणी लेनी चाही तो वे भागती नजर आयीं। इस दृश्य को टीवी कैमरा द्वारा कैद कर लिया गया। कोई भाजपा महिला सांसद, अभी तक इस विषय में किसी प्रकार का समर्थन देने के लिए आगे नहीं आई है। यह अवश्य है कि 1983 की क्रिकेट विश्वकप विजेता टीम के सदस्यों ने महिला पहलवानों के समर्थन में अपना बयान जारी किया है। प्रश्न उठता है कि क्या केवल दलीय संबद्धता के आधार पर व्यक्ति इतना कमजोर हो जाता है कि नारी सम्मान की बड़ी बातों को भूलकर उदासीन हो जाते हैं। यह नहीं पता कि महिला पहलवानों के आरोप में कितनी सच्चाई है, किंतु कानूनी आवश्यकता के अनुरूप यौन उत्पीड़न के आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर उसे सभी पदों से मुक्त किया जाना चाहिए, तब ही स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच, पहलवानों के आरोपों के बारे में हो सकती है।

एक अँग्रेजी समाचार पत्र 'इंडियन एक्सप्रेस' ने पूरे विस्तार से एफ आई आर का विवरण प्रकाशित किया है कि किस प्रकार एक से अधिक बार बृजभूषण सिंह ने महिला पहलवान, जिनमें एक नाबालिग भी सम्मिलित है, का यौन उत्पीड़न किया है। प्रकाशित विवरण को पढ़कर ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। इन सबके बावजूद सत्ताधारी दल द्वारा अपने आरोपी सांसद को बचाने का प्रयास बहुत ही अनुचित है। बृजभूषण सिंह 6 बार से सांसद है और ऐसा माना जा रहा है कि उनका एक जाति विशेष पर बहुत प्रभाव है, जिसके कारण उत्तरप्रदेश की कुछ संसदीय सीटों पर भाजपा को क्षति हो सकती है, यदि उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई या उन्हें गिरफ्तार किया गया। क्या वोटों की खातिर महिलाओं की इज्जत को गिरवी रख दिया जाएगा? क्या सरकार को यह ज्ञात नहीं है कि महिलाओं की गरिमा के प्रति बेरुखी का देश की महिलाओं में कितना विपरीत प्रभाव होगा और उसका किस प्रकार का परिणाम आगामी चुनाव में देखने को मिल सकता है? इस प्रकरण में सरकार को दलीय स्वार्थ से ऊपर उठ कर में कार्यवाही करने की आवश्यकता है। यदि वास्तव में सत्ताधारी दल यह सिद्ध करना चाहता है कि वह महिलाओं के सम्मान के प्रति प्रतिबद्ध है तो भाजपा नेताओं, विशेषकर प्रधानमंत्री मोदी को इस बारे में पूरी पारदर्शिता बरतते हुए, अपनी बात देश के सम्मुख रखनी चाहिए। यदि अब तक उन्होंने अपनी चुप्पी तोड़ दी होती एवं सरकार की स्थिति स्पष्ट कर दी होती तो शायद इस प्रकार की अटपटी स्थिति सरकार के लिए नहीं बनती।

**आशा है, जनभावना का सम्मान करते प्रधानमंत्री जी, महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न, सुरक्षा इंतजाम की कमी के कारण हुई रेल दुर्घटना में मारे गए 300 से अधिक यात्रियों के बारे में, प्रारंभिक शिक्षा और स्वास्थ्य की खराब गुणवत्ता के सम्बन्ध में अपने विचार साफ़-साफ़ देश के समक्ष रखेंगे।**

प्रधानमंत्री 'मन की बात' देशवासियों से प्रति माह करते हैं, किंतु एक बार भी मन की बात में भी इन पहलवानों के बारे में किसी प्रकार का कोई जिक्र न होना खेद का विषय है। क्या कथनी और करनी में इतना अंतर रखना राजनीतिक दलों के लिए अनिवार्य हो गया है ? क्या सारी सामाजिक मर्यादाओं को राजनीति की भेंट चढ़ा दिया जाएगा? वैसे भी, प्रधानमंत्री किसी भी प्रश्न का उत्तर देना पसंद नहीं करते हैं। यही कारण है कि नौ वर्षों में प्रधानमंत्री ने एक भी प्रेस वार्ता आयोजित नहीं की है। संभवतया यह पहली बार है जब किसी भी निर्वाचित प्रधानमंत्री ने देश के मीडिया से बात नहीं की। हां, यह अवश्य है कि वे अपने मीडिया मित्रों को बुलाकर उनसे एक प्रकार से प्रायोजित साक्षात्कार दे देते हैं। अभी तक मीडिया के प्रश्नों से बचते रहे हैं। यह कुछ अजीब सा लगता है क्योंकि प्रधानमंत्री, वाकपटुता में माहिर माने जाते हैं और उन्हें पत्रकारों के प्रश्नों से बचने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। वैसे भी लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों का उत्तरदायित्व जनता के प्रति होता है। मीडिया ही जनता की ओर से नेताओं को प्रश्न करता है।

यदि देश के सम्मुख उत्पन्न कुछ अन्य विषयों की भी बात करें, तो लगता है कि सरकार की प्राथमिकता केवल विशिष्ट वर्ग की आकांक्षा को पूरा करने तक सीमित हो गई है। हाल ही में ओडिशा के बालासोर में जिस प्रकार की भयंकर रेल दुर्घटना हुई और लगभग 300 व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा 1000 से अधिक घायल हुए, इसी प्रकार के विकास की सोच का परिचायक है क्योंकि हमने बुलेट ट्रेन और आधुनिक सुविधाओं से युक्त वंदे भारत ट्रेन चलाने पर तो बहुत खर्च किया, किंतु सामान्य रेल यात्रियों के लिए सुरक्षा की व्यवस्था के लिए जो आवश्यक प्रावधान किए जाने चाहिए थे वह नहीं किए गए। ट्रेनों को दुर्घटना से बचाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था 'कवच' के नाम से विकसित की गई थी किन्तु उसका पूरी तरह लागू नहीं होना, यही संकेत करता है कि सरकार के लिए सुरक्षा से कहीं अधिक महत्वपूर्ण दिखावा हो गया है। कुछ-कुछ इसी प्रकार की सोच सेंट्रल विस्टा जैसी विभिन्न परियोजनाओं को प्राथमिकता पर पूरा करने से परिलक्षित होती है।

सत्ताधारी दल ने सामान्य नागरिक की मूलभूत आवश्यकता शिक्षा और स्वास्थ को तो महत्वहीन बना दिया है। विभिन्न प्रकार के सर्वेक्षणों से स्पष्ट हो रहा है कि देश के बच्चों को दी देने वाली शिक्षा की गुणवत्ता पहले से भी कमजोर हुई है। स्पष्ट है कि देश गरीब और अमीर, दो भागों में बट गया है। सरकार की नीतियों के कारण अमीर और अधिक तीव्र गति से अमीर होते जा रहे हैं और गरीब और गरीब हो गए हैं। बाल श्रम निषेध कानून 1986 में बना किन्तु आज भी लाखों बच्चे कचरा बीनते हुए, ढाबों में बर्तन साफ़ करते हुए, चौराहों पर सामान बेचते हुए, घरों पर काम करते हुए दिखाई देते हैं। 2009 में 'शिक्षा का अधिकार' कानून आने के बाद कामकाजी बच्चों के लिए चल रहा अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम भी बंद कर दिया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि जो बच्चे कुछ शिक्षा प्राप्त कर पा रहे थे वे उससे पूर्णतया वंचित हो गए। होना तो यह चाहिए था कि सभी को समान गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती। स्वतन्त्रता के बाद उच्च शिक्षा के उत्कृष्ट संस्थान जैसे आई आई टी, आई आई एम आदि तो खोले गए, किन्तु प्रारंभिक शिक्षा की उपेक्षा की गई। फलस्वरुप, देश के नागरिक दो भागों में विभाजित हो गए। एक वह, जिसे सारी सुख-सुविधायें उपलब्ध हैं और दूसरा वह, जिसके पास न दो समय की रोटी का जुगाड़ है, न रहने के लिए घर। शुद्ध पेय जल, स्वास्थ्य, शिक्षा का तो प्रश्न ही नहीं। गरीब-अमीर में बढ़ती खाई का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि विश्व में असमानता भारत में सबसे अधिक हो गई है।

चूंकि वर्तमान सरकार का यह अंतिम वर्ष है, यह बहुत अच्छा होगा, यदि प्रधानमंत्री एक संवाद मीडिया के साथ शीघ्र करें और अपनी सरकार की प्राथमिकताएं देशवासियों के समक्ष स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करें। प्रधानमंत्री ने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद कहा था कि वे नियमित रूप से जनता के सामने अपना रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करेंगे। ऐसा करते समय उन्हीं बातों का उल्लेख करना चाहिए जो उन्होंने प्रधानमंत्री बनते समय कही थीं। आजकल, रिपोर्ट कार्ड में गिनाया उन कामों को जा रहा है जिसका जिक्र उन्होंने प्रधानमंत्री बनते समय नहीं किया था। यह तो वही बात है कि उत्तर हम वही देंगे जो हमने तैयार किए हैं चाहे प्रश्न कुछ भी क्यों न हो। जनता उन वादों के बारे में जानना चाहती है जो उससे चुनाव से पहले और बाद में प्रधानमंत्री द्वारा किए गए।

आशा है, जनभावना का सम्मान करते प्रधानमंत्री जी, महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न, सुरक्षा इंतजाम की कमी के कारण हुई रेल दुर्घटना में मारे गए 300 से अधिक यात्रियों के बारे में, प्रारंभिक शिक्षा और स्वास्थ्य की खराब गुणवत्ता के सम्बन्ध में अपने विचार साफ़-साफ़ देश के समक्ष रखेंगे। कर्नाटक के चुनाव ने यह तो सिद्ध कर ही दिया है कि अब केवल जातिगत और धार्मिक ध्रुवीकरण के आधार पर चुनाव जीतना सरल नहीं होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# अयोध्या और हरिद्वार के कथित हिंदू संत आरोपी के साथ क्यों खड़े हैं?



रामगोपाल जाट

भाजपा और सपा के टिकट पर 6 बार सांसद बन चुके भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली के कनॉट प्लेस थाने में दर्ज एफआईआर की बातें इंडियन एक्सप्रेस अखबार के माध्यम से सामने आने के बाद देशभर में महिला पहलवानों के पक्ष में खड़े लोगों में गहरा रोष है। जिस तरह के आरोप दो एफआईआर में सामने आ रहे हैं, उससे साफ है कि बृजभूषण लड़कियों को किस तरह से दबाव में लेकर उनका शोषण करता होगा। बीते 12 साल से बृजभूषण भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष बना हुआ है। उसे एक ही सीट से 6 बार लोकसभा चुनाव जीतने का घमंड भी है। उसको इस बात का भी गुमान है कि वह भाजपा ही नहीं, बल्कि जब भाजपा ने टिकट नहीं दिया, तब समाजवादी पार्टी से जीतकर भी संसद पहुंचा था। बृजभूषण सिंह पर दर्जनों एफआईआर दर्ज हैं, जिनमें गैंगस्टर एक्ट, अपहरण, हत्या, कब्जा करने और दंगे भड़काने के मामले भी दर्ज हैं। इनमें ही एक मुकदमा उस पर अयोध्या में बाबरी मस्जिद ढहाने के दौरान का भी है। यह वह मुकदमा है, जिसके कारण बृजभूषण सिंह उन स्वयंभू हिंदुओं का मसीहा बन गया है, जो बिना सोचे-समझे अंधभक्ति करते हैं, या किसी का अंधविरोध करते हैं। क्या कोई व्यक्ति इसलिये देवता बन जाता है कि उसपर राम मंदिर आंदोलन का केस दर्ज है? दरअसल, उस दौरान कुछ ऐसे लोगों पर भी मुकदमे दर्ज किये गये थे, जो बाबरी मस्जिद को गिराने में थे ही नहीं, बल्कि अन्य किसी कारण से उन पर मुकदमे हो गये थे। कुछ के ऊपर राजनीतिक विद्वेष के कारण मामले दर्ज किये गये थे। क्या इसी आधार पर बृजभूषण देवता बन जाता है कि उस पर राम मंदिर बाबरी मस्जिद मामले का मुकदमा दर्ज हुआ था? या फिर जिस तरह से अयोध्या और हरिद्वार के कुछ स्वयंभू हिंदू संत उसके पक्ष में खड़े हैं, उसके पीछे मासिक वेतन का कारण तो नहीं है? दरअसल, देश में आज भी कई जगह पर अपराधी किस्म के लोगों द्वारा अपना जनपक्ष लेने के लिये कई स्वयंभू साधु-संतों और गरीब लोगों की मासिक तौर पर सहायता के नाम पर धन मुहैया करवाया जाता है।

आपको ध्यान होगा कई राज्यों में धर्मांतरण कराने वालों द्वारा गरीब हिंदुओं को मासिक धन देकर उनका धर्म बदलवाया जाता है। क्या इसका मतलब यह हो जाता है कि वो धर्मान्तरण करवाने वाले लोग देवता हैं? क्या उनके पक्ष में गरीबों की लॉबी खड़ी हो जाये तो धर्मान्तरण को जायज ठहराया जा सकता है? ठीक इसी तरह से धर्म के नाम पर धंधा करने वाले कई ठेकेदार तो बकायदा नेताओं और माफिया द्वारा पोषित होते हैं, और जब उन नेताओं और माफिया पर किसी तरह का संकट आता है, तो वो लोग धर्म की आड़ लेकर बचने का प्रयास करते हैं। कहा जा रहा है कि अयोध्या के जिन कथित संतों ने बृजभूषण सिंह का पक्ष लिया है, उनका पोषण करने का काम यही करता है। विधानसभा में एक बार योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि समाजवादी पार्टी द्वारा पोषित माफिया को मिट्टी में मिलाने का काम करेंगे। ठीक इसी तरह यदि बृजभूषण द्वारा पोषित स्वयंभू संत आज उसके साथ खड़े हैं, तो क्या वो सम्पूर्ण हिंदुओं के संत हो गये? और महिला पहलवान हिंदू नहीं हैं?

मजेदार बात देखिये, जब खिलाड़ियों ने ऐलान किया कि उनके साथ न्याय नहीं हो रहा है, इसलिये वो अपने मेडल गंगा में बहा देंगे, तब वहां के कुछ हरिद्वार के पंडे सामने आ गये, और बोलने लगे कि मेडल से गंगा को अपवित्र नहीं होने देंगे। अब इन मूर्खों को कौन समझाए कि एक मेडल पाने के लिये बरसों की तपस्या लगती है, अपने पवित्र रक्त को पानी तरह तरह बहाना पड़ता है, परिजनों की कठोर मेहनत और लाखों-करोड़ों रुपये खर्च होते हैं, तब जाकर एक मेडल जीत पाते हैं, यदि ये मेडल ही अपवित्र हैं तो फिर संसार में ऐसी कोई वस्तु नहीं, जो पवित्र होगी। दूसरी बात यह है कि इसी गंगा नदी में ये ही पंडे दिन भर फेंके हुए सिक्के चुनते हैं, तब गंगा अपवित्र नहीं होती? चंद सिक्कों के लिये अपना सब कुछ दांव पर लगाने वाले पंडे जब खिलाडियों के खिलाफ खड़े मिले, तब समझ आ गया कि बृजभूषण ने धर्म के नाम पर अपनी जड़ें कितनी गहरी जमा रखी हैं। तीसरी बात यह है कि इसी गंगा में इन्हीं पड़ों की अनुमति से लाशों को बहा दिया जाता है, तब गंगा अपवित्र नहीं होती है? जब इसी गंगा में इन्हीं पड़ों द्वारा अपना मल मूत्र नलों-नालियों के माध्यम से बहाया जाता है, तब गंगा अपवित्र होती है या पवित्र ही रह जाती है? इन्होंने कहा कि गंगा को राजनीति का अखाड़ा नहीं बनने देंगे, तब सवाल यह उठता है कि जब पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर तमाम नेता अपनी राजनीति चमकाने के लिये इसी गंगा में डुबकी लगाते हैं, तब गंगा पवित्र होती है या अपवित्र? यदि नेताओं के द्वारा अपने पाप धोने के लिये गंगा को दुरुपयोग किया जाता है, तब गंगा गंदी नहीं होती है, तब कठोर तपस्या से कमाये मेडल बहाने से गंगा कैसे अपवित्र हो सकती है?

सरकार और प्रशासन की कमी यह रही है कि पहलवानों द्वारा आरोप लगाने के बाद भी उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई, उनको न्याय पाने के लिये सुप्रीम कोर्ट तक जाना पड़ा, तब मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद सवाल यह उठा कि जब मेडल जीतने पर पीएम मोदी इन खिलाड़ियों को अपने घर बुलाते हैं, तब उनकी समस्या सुनने का समय क्यों नहीं देते हैं? क्यों भाजपा की आईटी सेल और कई नेता इन महिला पहलवानों की सोशल मीडिया पर इज्जत उछालने का काम करते हैं? लड़कियों को न्याय दिलाने के लिये आखिर क्यों खापों को सामने आना पड़ता है? क्या देश में कानून का राज समाप्त हो गया है? क्या कानून कई मामलों के एक आरोपी को इसलिये नहीं पकड़ पाता, क्योंकि वह सत्ताधारी दल का सांसद है? क्या एक माफिया पर सरकार हाथ डालने से इसलिये बचती है, क्योंकि उसकी जाति के वोट छिटकने का डर है?

दर्ज किये गये मुकदमों में जो बातें निकलकर सामने आई हैं, उससे साफ होता है कि आरोप झूठे नहीं हैं। जिस तरह से महिला पहलवानों को गलत जगह पर छूना, उनकी सांस चेक करने के बहाने छाती पर हाथ फेरना, कंधों को पकड़कर दबाना, बाहों में लेकर फोटो खिंचवाना, उनको सप्लीमेंट दिलाने का लालच देकर संबंध बनाने का दबाव बनाना, आगे खिलाने का लालच देकर शारीरिक संबंध बनाने को मजबूर करना। ये ऐसी बातें हैं जो बृजभूषण को जेल भेजने के लिये काफी हैं। इंडियन एक्सप्रेस ने जिस तरह से पूरी कहानी का खुलासा किया है, उसके बाद आरोपी के समर्थकों के तेवर भी नरम पड़े हैं, अन्यथा न्याय मांग रही महिला पहलवानों को ही असली आरोपी की तरह सोशल मीडिया पर भला बुरा कहा जा रहा था।

सवाल यह भी उठता है कि 40 दिन बीतने के बाद भी भाजपा के नेताओं के मुंह से यह क्यों नहीं निकल रहा है कि आरोपी को पकड़ा जाना चाहिए, उसके बाद पॉक्सो एक्ट में जांच की जानी चाहिये। वैसे भी पॉक्सो के अनुसार आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी होनी जरूरी है। जब एक महिला के केवल आरोप लगा देने पर आम आदमी को पुलिस तुरंत पकड़ लेती है, तो फिर पॉक्स जैसा मामला होने पर भी बृजभूषण आखिर पुलिस की गिरफ्त से दूर क्यों है?

एक सवाल यह उठता है कि महिला पहलवान हरियाणा की हैं, और अधिकांश एक ही जाति की हैं। क्या इसी आधार पर बृजभूषण सिंह को बचाने के लिये सोशल मीडिया की आर्मी खड़ी हो गई है? कल तक देश के लिये दर्जनों गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली महिला पहलवानों की वजह से जिस देश का नाम ऊंचा हो रहा था, आज न्याय की मांग करने पर उन्हीं को एक जाति में बांध दिया जाना कितना उचित है? क्या एक आरोपी के पक्ष में एक जाति विशेष या वर्ग विशेष खड़ा है, वह ठीक है? क्या इसलिये एक आरोपी का बचाव किया जा रहा है कि वह सत्ताधारी दल का सांसद है? क्या इस आधार पर खिलाड़ियों का विरोध किया जा रहा है कि उनके पक्ष में विपक्षी दल खड़े हो गये हैं? सोचो यदि इन ख्यातनाम खिलाड़ियों की जगह यदि कोई आम महिला ने बृजभूषण जैसे माफिया, बाहुबली, धनबली पर आरोप लगाये होते तो उसका और उसके परिवार का क्या होता? क्या ऐसे कोई महिला या लड़की बच सकती थी, जिसका नाम देश दुनिया में ख्याति प्राप्त नहीं होता? जब देश का नाम दुनिया में ऊंचा करने वाली खिलाड़ियों को ही न्याय के लिए बेइज्जत होना पड़ रहा है, तब सोचो आम महिला को पॉक्सो या यौन शोषण के मामलों में कितना न्याय मिलता होगा, और जब आरोपी विधायक, सांसद, रसूखदार, कारोबारी, माफिया, बाहुबली, धनबली हो, तब तो न्याय के बारे में सोचना ही पाप है।

**–रामगोपाल जाट,**
**वरिष्ठ पत्रकार**

# अनीता ने एवरेस्ट बेस कैंप पर फहराया तिरंगा

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर स्थित प्रतापनगर निवासी अनीता अग्रवाल ने नेपाल में स्थित दुनिया के सबसे ऊँचे पर्वत माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप पर तिरंगा फहराया है। बेस कैंप की ऊंचाई 17,600 फीट है अलग-अलग राज्यों से 17 सदस्यों के साथ 130 किलोमीटर तक का ट्रैक कर 29 मई 23 को इन्होंने यह उपलब्धि हासिल की इस दुर्गम ट्रैक में 11 दिन का समय लगा। यहां पर इन्होंने भारत माता की जय व वन्देमातरम का नारा लगाया। रास्ते में स्नोफॉल भी हुई वह कभी माइनस तापमान भी रहा। अधिक ऊँचाई होने पर एटीट्यूड सिकनेस के कारण कभी कभी सांस लेने में तकलीफ भी हुई क्योंकि इतनी ऊँचाई पर वनस्पति नहीं होने से ऑक्सीजन की कमी रहती हैं। इससे पहले अनिता माइनस 30 डिग्री तापमान में लेह लद्दाख स्थित जांस्कर रिवर पर चादर ट्रैक 55 किमी तथा माउंट यूनाम पीक तथा 19500फीट तक आरोहण कर चुकी है। तिब्बत स्थित कैलाश मानसरोवर के साथ चार अन्य कैलाश वह कई अन्य ट्रैक कर चुकी है। उनका कहना है कि विल पावर हो तो इंसान कुछ भी कर सकता है।




डूंगरपुर स्थित प्रतापनगर निवासी अनीता अग्रवाल ने माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप पर तिरंगा फहराया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष

# चिंतित हैं आज सभी बुद्धिजन, कैसे बचाएं हम अपना पर्यावरण?



प्रकाश चंद्र शर्मा

पर्यावरण शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है, 'परि और आवरण' जिसमें परि का मतलब है हमारे आसपास या कह लें कि जो हमारे चारों ओर है। वहीं आवरण का मतलब है जो हमें चारों ओर से घेरे हुए है। विश्व पर्यावरण दिवस वर्ष 2023 की थीम की बात करें तो इस साल की थीम- 'प्लास्टिक प्रदूषण का समाधान रखी गई है, जिसका उद्देश्य प्रकृति को प्लास्टिक मुक्त बनाना और पर्यावरण को बचाना है।

इस बार विश्व पर्यावरण दिवस 2023 की मेजबानी कोटे डी आइवर गणराज्य द्वारा की जा रही है, जिसे पश्चिम अफ्रीका में आइवरी कोस्ट के रूप में भी जाना जाता है। इस साल नीदरलैंड उसका भागीदार होगा।

मानव और पर्यावरण एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं। पर्यावरण जैसे जलवायु प्रदूषण या वृक्षों का कम होना मानव शरीर और स्वास्थ्य पर सीधा असर डालता है। मानव की अच्छी-बूरी आदतें जैसे वृक्षों को सहेजना, जलवायु प्रदूषण रोकना, स्वच्छता रखना भी पर्यावरण को प्रभावित करती है। मानव की बूरी आदतें जैसे पानी दूषित करना, बर्बाद करना, वृक्षों की अत्यधिक मात्रा में कटाई करना आदि पर्यावरण को बुरी तरह से प्रभावित करती है। जिसका नतीजा बाद में मानव को प्राकृतिक आपदाओं का सामना करके भुगतना ही पड़ता है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिवस पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता लाने के लिए मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 1972 में 5 जून से 16 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन से हुई। 5 जून 1973 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत साल 1972 में संयुक्त राष्ट्र संघ की और से की गई थी। पर्यावरण दिवस की शुरुआत स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम से हुई थी। इसी दिन यहां पर दुनिया का पहला पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमें भारत की ओर से तात्कालिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भाग लिया था। इस सम्मेलन के दौरान ही संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की भी नींव पड़ी थी। जिसके चलते हर साल विश्व पर्यावरण दिवस आयोजन का संकल्प लिया गया।

पर्यावरण के जैविक संघटकों में सूक्ष्म जीवाणु से लेकर कीड़े-मकोड़े, सभी जीव-जंतु और पेड़-पौधों के अलावा उनसे जुड़ी सारी जैव क्रियाएं और प्रक्रियाएं भी शामिल हैं। जबकि पर्यावरण के अजैविक संघटकों में निर्जीव तत्व और उनसे जुड़ी प्रक्रियाएं आती हैं, जैसे:- पर्वत, चट्टानें, नदी, हवा और जलवायु के तत्व इत्यादि।

सामान्य अर्थों में यह हमारे जीवन को प्रभावित करने वाले सभी जैविक और अजैविक तत्वों, तथ्यों, प्रक्रियाओं और घटनाओं से मिलकर बनी इकाई है। यह हमारे चारों ओर व्याप्त है और हमारे जीवन की प्रत्येक घटना इसी पर निर्भर करती और संपादित होती हैं। पर्यावरण के असंतुलन के दो प्रमुख कारण हैं। एक है बढ़ती जनसंख्या और दूसरा बढ़ती मानवीय आवश्यकताएं तथा उपभोक्तावृत्ति। इन दोनों का असर प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ता है और उनकी वहनीय क्षमता लगातार कम हो रही है। पेड़ों के कटने, भूमि के खनन, जल के दुरूपयोग और वायु मंडल के प्रदूषण ने पर्यावरण को गभीर खतरा पैदा किया है।

दुनिया में पर्यावरण को लेकर चेतना में वृद्धि तो हो रही है परन्तु वास्तविक धरातल पर उसकी परिणति होती दिखाई नहीं दे रही है। चारों ओर पर्यावरण सुरक्षा के नाम पर लीपा-पोती हो रही है। पर्यावरण आज एक चर्चित और महत्वपूर्ण विषय है जिस पर पिछले दो-तीन दशकों से काफी बातें हो रहीं हैं। हमारे देश और दुनियाभर में पर्यावरण के असंतुलन और उससे व्यक्ति समाज और राष्ट्र के जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों की चर्चा भी बहुत हो रही है और काफी चिंता भी व्यक्त की जा रही है लेकिन पर्यावरण असंतुलन अथवा बिगाड़ को कम करने की कोशिशें उतनी प्रभावपूर्ण नहीं हैं, जितनी अपेक्षित और आवश्यक हैं। इस प्रकार किसी जीव और पर्यावरण के बीच का संबंध भी होता है, जो कि अन्योन्याश्रित है। मानव हस्तक्षेप के आधार पर पर्यावरण को दो भागों में बांटा जा सकता है, जिसमें पहला है प्राकृतिक या नैसर्गिक पर्यावरण और मानव निर्मित पर्यावरण। यह विभाजन प्राकृतिक प्रक्रियाओं और दशाओं में मानव हस्तक्षेप की मात्रा की अधिकता और न्यूनता के अनुसार है।

पर्यावरणीय समस्याएं जैसे प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन इत्यादि मनुष्य को अपनी जीवनशैली के बारे में पुनर्विचार के लिये प्रेरित कर रही है और अब पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरण प्रबंधन की आवश्यकता महत्वपूर्ण है। आज हमें सबसे ज्यादा जरूरत है पर्यावरण संकट के मुद्दे पर आम जनता और सुधी पाठकों को जागरूक करने की।

**–प्रकाश चंद्र शर्मा,**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**मंगलवार 6 जून, 2023**

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 11:13 तक, शुक्ल योग रात्रि 1:54 तक, वणिज करण दिन 2:20 तक, चन्द्रमा रात्रि 4:40 से मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-धनु, मंगल-कर्क, बुध-मेष, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज राजयोग सूर्योदय से रात्रि 11:13 तक है। आज भद्रा दिन 2:20 से रात्रि 12:51 तक है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:01 से 10:43 तक, लाभ-अमृत 10:43 से 2:07 तक, शुभ 3:50 से 5:32 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:14

**मेष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों से आपसी अनबन बढ़ सकती है और परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ से राहत मिल सकती है। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियां दूर होने लगेंगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**सिंह**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन व्यथित रहेगा। आपसी वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

**कन्या**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक और सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला**
व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।

**धनु**
मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। घर-परिवार में रचनात्मक कार्य और शुभ-मांगलिक सम्पन्न हो सकते हैं।

**मकर**
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

# साइबर अटैक : इंस्टाग्राम पर वीडियो लाइक करने के नाम पर एक अरब रुपये की ठगी

## एक करोड़ रु. की साइबर ठगी मामले की जांच करते हुए एसओजी ने गिरोह का पर्दाफाश कर 7 बदमाश दबोचे


हरिशंकर


देवीलाल


सचिन


अभिषेक


सचिन नामा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एस.ओ.जी.) ने इंस्टाग्राम पर वीडियो लाइक करने के नाम पर एक करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस ठग गिरोह के 31 खातों में महज 15 दिन में एक अरब की राशि जमा हुई है।

- जांच में सामने आया कि बदमाशों के 31 बैंक खातों में मात्र 15 दिन में 1 अरब रुपये से ज्यादा का लेनदेन हुआ है
- सोशल मीडिया के जरिए हर माह 3 से 5 हजार रुपए कमाई का प्रस्ताव देकर लोगों को जाल में फंसाते थे बदमाश

एटीएस-एसओजी के एडीजी अशोक राठौड़ ने बताया कि सीकर के फतेहपुर सदर स्थित नयाबास हाल नवलगढ़ निवासी आनंद नेहरा, लाखनी निवासी अभिषेक बाजिया, पिसांगन अजमेर निवासी रवि साहू, सचिन नामा, सीकर के दादिया इलाके के कटराथल का निवासी सचिन ख्यालिया, अमेट राजसमंद के तानवान गांव का निवासी देवीलाल सुथार और आकोला चितौड़गढ़ निवासी बद्रीलाल जाट को गिरफ्तार किया है। इनसे पूछताछ के आधार पर गिरोह के अन्य बदमाशों की तलाश जारी है।

उन्होंने बताया कि पीड़ित दीपक शर्मा ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन पर मामला दर्ज करवाया था कि 1 अप्रेल को वाट्सएप पर उसे मिले मैसेज में सोशल मीडिया के माध्यम से प्रत्येक माह तीन से पांच हजार रुपए कमाई का प्रस्ताव दिया गया था। इंस्टाग्राम अकाउंट को फोलोकर उसकी पोस्ट को लाइक कर स्क्रीन शॉट टेलीग्राम के एक ग्रुप में शेयर करने का टास्क दिया गया। बाद में इनवेस्टमेंट करने का टास्क देकर उससे 1 करोड़ 1 लाख रुपए की ठगी कर ली गई।

एसओजी की जांच में सामने आया कि दीपक शर्मा से ठगी गई राशि को अलग-अलग बैंक खातों में जमा करवाया गया था। एसओजी ने खातों की जांच की तो सामने आया कि ठगों से जुड़े 31 बैंक खातों में महज 15 दिन में एक अरब की राशि का लेन-देन हुआ है। जांच में पता चला कि खाता धारक आनंद नेहरा के साथ सचिन ख्यालिया और अभिषेक बाजिया ने मिलकर एक खाते में दीपक शर्मा से 19 अप्रेल को 5 लाख रुपए प्राप्त किए हैं। इस खाते में महज एक दिन में 2 करोड़ 87 लाख रुपए जमा किए गए हैं। ऐसे में इन्हें गिरफ्त में लेकर पूछताछ की गई तो 12 अन्य खातों की जानकारी मिली। इन खातों के दस्तावेज पीसांगन अजमेर निवासी रवि साहू व सचिन के पास होना सामने आया। इनसे पूछताछ में आईसीआईसीआई बैंक खाता धारक आनंद नेहरा के खाते से प्राप्त सभी दस्तावेज थाना आमेट राजसमंद निवासी देवीलाल सुथार के पास होने की जानकारी सामने आई। देवीलाल से पूछताछ में सामने आया कि गिरोह को लम्बे समय से विभिन्न जिलों से युवकों खाता दस्तावेज आकोला, जिला चितौडगढ़ के हरिशंकर जाट को उपलब्ध करवा रहा है। हरिशंकर को इस कार्य के बदले 4 लाख रुपए मिलते थे। गिरोह बैंक खाते चितौड़गढ़ से संचालित कर रहा था। जांच अधिकारियों का मानना है कि चितौडगढ़ के अकोला, कपासन और फतेहनगर क्षेत्र में यह गिरोह सक्रिय है। मेवात व जामताड़ा क्षेत्र के लोग इस तरह की वारदात में सक्रिय है।


रवि साहू


आनंद नेहरा

एडीजी एसओजी अशोक राठौड़ ने बताया कि अब तक एसओजी 7 बदमाशों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनकी उम्र 27 से 32 साल के बीच है। इसमें एक आरोपी एमबीबीएस फर्स्ट ईयर का छात्र है। बाकी के सभी आरोपी बीए, बीएससी और बी कॉम कर रहे हैं। इन बदमाशों को जयपुर लाकर पूछताछ की जा रही है।

# 'पेपरलीक के तार बड़े "मगरमच्छों" तक, वरिष्ठ न्यायाधीशों की निगरानी में जांच हो'

- ईडी की छापेमारी पर पूर्व शिक्षा मंत्री देवनानी की तीखी प्रतिक्रिया, कांग्रेस सरकार पर जमकर बोला हमला

**जयपुर।** पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (रीट) और द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा है, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा प्रदेश में अनेक ठिकानों पर छापामारी करने से यह बात तो साबित हो गई है कि इन दोनों परीक्षाओं में जबरदस्त गड़बड़ी, करोड़ों के वारे-न्यारे और उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। पेपर लीक के तार कांग्रेस सत्ता और संगठन में बैठे 'बड़े मगरमच्छों' तक जुड़े हैं, जिसकी वरिष्ठ न्यायाधीश की निगरानी में जांच होनी चाहिए, ताकि कांग्रेस सरकार और पेपर लीक का सारा काला सच सामने आ सके।

देवनानी ने कहा कि ईडी के छापों पर जिस तरह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा के बयान आए हैं, उससे यह साबित हो गया है कि कांग्रेस बुरी तरह बौखला गई है और दाल में जरूर काला नजर आता है। इससे यह भी सिद्ध हो गया है कि पेपर लीक गिरोह के तार मुख्यमंत्री कार्यालय और सत्ता व संगठन के उच्च स्तर तक जुड़े हैं।

देवनानी ने कहा कि पेपर लीक मामले को लेकर ऊपर तक जो आरोप लगे हैं, वे सब सही साबित हुए हैं। पेपर लीक मामले को लेकर पहले ही आरोप लगाए गए थे कि इनमें करोड़ों का लेनदेन व भ्रष्टाचार हुआ है, जो कि ईडी की छापेमारी से साबित हो गया है। अब तो यह बात पूरी तरह स्पष्ट हो गई है कि भर्ती परीक्षाओं में जमकर अनियमितता, भ्रष्टाचार और करोड़ों का लेनदेन हुआ है। देवनानी ने कहा कि गहलोत सरकार पूरी तरह युवा विरोधी है और युवाओं के जीवन से खिलवाड़ कर रही है। इस सरकार ने बेराजगारों के सपनों को चकनाचूर कर दिया है। भले ही कांग्रेस की गहलोत सरकार कितनी ही फ्री योजनाएं चला ले, लेकिन किसी भी फ्री योजना का युवा बेरोजगारों पर कोई असर नहीं होगा। युवा बेरोजगार सरकार से रोजगार मांगते हैं, लेकिन सरकार उन्हें रोजगार देने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है।

देवनानी ने कहा कि राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष संजय क्षोत्रिय को भी पूछताछ के दायरे में लिया जाना चाहिए, क्योंकि उन्होंने ही आयोग के निलम्बित सदस्य बाबूलाल कटारा को कई परीक्षाओं के पेपर सेट करवाने की जिम्मेदारी दी थी। उन्होंने कहा कि पेपर लीक से पुलिस सब इंस्पेक्टर परीक्षा भी अछूती नहीं दिखाई दे रही है और इसमें भी कटारा के माध्यम से करोड़ों का लेनदेन होने की बू आती है। यह बात इसी से साबित हो जाती है कि गिरफ्तारी से एक दिन पहले तक कटारा सब इंस्पेक्टर भर्ती के साक्षात्कार बोर्ड में शामिल थे।

देवनानी ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निवर्तमान अध्यक्ष डी.पी. जारोली से पूछताछ होनी चाहिए। जारोली खुद भी स्वीकार कर चुके हैं कि रीट पेपर लीक राजनीतिक संरक्षण के बिना संभव नहीं है। इतना साफ हो जाने के बाद भी एसओजी द्वारा जारोली से पूछताछ नहीं करना दाल में काला होने के संकेत हैं। प्रदेश सरकार बड़े मगरमच्छों बचाने और एसओजी लीपापोती करने में लगी हुई है। एसओजी राज्य सरकार के दबाव में है। देवनानी ने कहा कि मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि एसीबी अच्छा काम कर रही थी तो ईडी द्वारा छापेमारी करने की क्या जरूरत थी? जबकि जगजाहिर है कि प्रदेश में एसीबी कितना अच्छा काम कर रही है? राज्य सरकार और एसीबी की भूमिका संतोषजनक होती तो ईडी द्वारा छापेमारी की आवश्यकता ही नहीं थी लेकिन एसीबी राज्य सरकार के दबाव में है जिसके चलते ईडी को छापेमारी की कार्रवाई करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि ईडी की कार्यवाही से लाखों बेरोजगार युवाओं को न्याय की उम्मीद जगी है।


**विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने पुलिस मुख्यालय परिसर में पौधा लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था राजीव शर्मा, पुलिस महानिदेशक साइबर सुरक्षा डॉ. आर. पी. मेहरड़ा व पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण जंगा श्रीनिवास राव ने भी पौधारोपण किया। मिश्रा ने सभी पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों का अपने-अपने स्तर पर व्यापक स्तर पर पौधारोपण करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि हमारे पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस ही नहीं बल्कि जब भी अवसर मिले। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने की जरूरत है। इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय में तैनात पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।**

# चार्जशीट को परिवर्तित करने पर रोक लगाई

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने आरएएस अधिकारी को दी गई 17सीसीए की चार्जशीट को उसके सेवानिवृत्ति के महज 13 दिन पहले 16सीसीए में बदलने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में प्रमुख कार्मिक सचिव ओर विशिष्ट राजस्व सचिव सहित अन्य से जवाब मांगा है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश महावीर प्रसाद की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने वर्ष 2005 में तहसीलदार पद पर रहते हुए एक मामले में वसीयत के आधार पर नामांतरण खोला था। इस आदेश को संभागीय आयुक्त ने भी सही माना था। वहीं विभाग ने इस नामांतरण के आधार पर 16 साल बाद दिसंबर 2021 में उसे 17सीसीए की चार्जशीट दी। जिसमें जांच अधिकारी नियुक्त किए बिना व्यक्तिगत सुनवाई की जाती है। ऐसे में सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता से आरोपों के संबंध में अभ्यावेदन भी मांग लिया गया। याचिका में कहा गया कि उसकी सेवानिवृत्ति की तिथि 31 मई, 2023 से 13 दिन पहले विभाग ने 18 मई को उसकी चार्जशीट को 16सीसीए में बदल दिया। याचिका में कहा गया कि उसे 16 साल पहले खोले गए नामांतरण को लेकर आरोप पत्र देना गलत है, जबकि नामांतरण को संभागीय आयुक्त ने सही मान लिया था। वहीं पेंशन नियमों के तहत सेवानिवृत्ति के चार साल पहले के किसी मामले में आरोप पत्र नहीं दिया जा सकता। याचिका में कहा गया कि 17सीसीए के तहत व्यक्तिगत स्तर पर सुनवाई के बाद दोषी पाए जाने पर हल्का दंडादेश दिया जाता है, लेकिन 16सीसीए के तहत जांच अधिकारी नियुक्त करने के बाद सुनवाई की जाती है और दोषी पाए जाने पर निलंबन सहित अन्य गंभीर दंडादेश दिए जाते हैं। ऐसे में विभाग के आदेश को रद्द किया जाए।

इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया।

# बीकानेर में करोना से एक संक्रमित की मौत

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में सोमवार को करोना संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है। हालांकि इस दौरान बीकानेर में एक संक्रमित की मौत हो गई है। राज्य में फिलहाल करोना के 12 एक्टिव केस मौजूद है।

प्रदेश में सोमवार को किसी भी जिले में करोना का कोई भी नया मरीज सामने नहीं आया है। हालांकि इससे पहले रविवार को एक संक्रमित मिला था। प्रदेश में आज 555 कोविड जांच की गई है।

राज्य में पिछले चौबीस घंटों में किसी मरीज के रिकवर नहीं होने से फिलहाल 12 एक्टिव केस मौजूद है। इनमें जयपुर में 4, उदयपुर व बीकानेर में 3-3 और जोधपुर में 2 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। प्रदेश में सोमवार को बीकानेर में करोना से एक मरीज की मौत हुई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 9735 लोगों की मौत हो चुकी है।

# आर.टी.आई.कानून जटिल प्रक्रियाओं में ना उलझकर रह जाए : सी.जे.

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट के सीजे ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा कि सूचना का अधिकार कानून आमजन को मिला महत्वपूर्ण कानूनी अधिकार है। इस ई-आरटीआई पोर्टल से सुनिश्चित करना होगा कि आम जनता को मिला यह अधिकार जटिल कानूनी कार्यवाही और लंबी प्रक्रियाओं में ही उलझ कर नहीं रह जाए। सीजे मसीह हाईकोर्ट और सेशन कोर्ट के लिए नव विकसित ई-आरटीआई पोर्टल के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। सीजे मसीह ने कहा कि सभी न्यायिक अधिकारियों को अपने दैनिक न्यायिक कार्यो में आधुनिक तकनीक का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए।

इस मौके पर जस्टिस एमएम श्रीवास्तव ने कहा कि इस पोर्टल की सफलता न केवल इसके तकनीकी कौशल पर, बल्कि इसके प्रभावी उपयोग के लिए हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता पर भी निर्भर करेगी। उन्होंने पोर्टल के प्रत्येक स्टैक होल्डर को कहा कि वे इस डिजिटल परिवर्तन को अपनाते हुए ई-आरटीआई पोर्टल का पूरी क्षमता से उपयोग करें। जस्टिस श्रीवास्तव ने विश्वास जताया कि यह पोर्टल देशभर के अन्य संस्थानों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बनेगा। कार्यक्रम में वीसी से जोधपुर से जुडे जस्टिस अरुण भंसाली ने कहा कि पोर्टल न केवल आरटीआई आवेदन दाखिल करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करेगा, बल्कि सूचना प्रसार की गति और सटीकता को भी बढाएगा। यह ऐसे मंच के रूप में काम करेगा, जहां लोग आवेदन प्रस्तुत करने के साथ ही ऑनलाइन शुल्क जमा और आवेदन की स्थिति भी देख सकते हैं। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार जनरल चंद्र प्रकाश श्रीमाली, रजिस्ट्रार कम प्रिंसिपल सेक्रेटरी ब्रजेन्द्र कुमार जैन और सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित लोक सूचना अधिकारी वीसी के जरिए शामिल हुए। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में प्रवासी लीगल सेल बनाम भारत संघ व अन्य के मामले में देश के सभी हाईकोर्ट और अधीनस्थ अदालतों के लिए आरटीआई के तहत ई-पोर्टल की स्थापना करने को कहा था।

# राज्य में खिसकते जनाधार से घबराये घोषणाजीवी मुख्यमंत्री : राजेन्द्र राठौड़

- नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर बयान दिया

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सफर खत्म होने को है, आपने अब शुरुआत की है। हुजूर आते-आते बहुत देर कर दी। राज्य में खिसकते जनाधार से घबराये घोषणाजीवी मुख्यमंत्री आपको साढ़े 4 वर्ष बाद चुनावी वर्ष में गरीब महिलाओं को रसोई गैस सिलेंडर में सब्सिडी देने की याद आई है।

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस के जन घोषणा पत्र के पृष्ठ संख्या 39 के बिन्दु संख्या 54 में रसोई गैस की कीमतों पर नियंत्रण हेतु प्रयास करने का वादा पहले पूरा क्यों नहीं किया? अगर आपकी मंशा वास्तव में गरीबों को लाभान्वित करने की होती तो जिस घोषणा पत्र को आपने शासन में आते ही अपना नीतिगत दस्तावेज बनाया उसकी घोषणा को तत्समय ही अमलीजामा पहनाते।

राठौड़ ने कहा कि केन्द्र सरकार ने मई 2022 में पीएम उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 200 रुपये प्रति गैस सिलेंडर सब्सिडी दिये जाने का निर्णय लिया था तब आपने 500 रुपए में सिलेंडर देने का ऐलान क्यों नहीं किया? कांग्रेस ने दशकों तक देश पर राज किया लेकिन महिलाओं को नि:शुल्क गैस कनेक्शन नहीं दे पाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं की पीड़ा को समझा और वर्ष 2016 से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से देशभर में 9.6 करोड़ गैस कनेक्शन देकर उन्हें हानिकारक धुएं से मुक्ति दिलाई है।

# देवनानी का नेपाल में स्वागत

**जयपुर।** पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी का तीन दिवसीय नेपाल यात्रा के दौरान प्रवासी भारतीयों द्वारा आत्मीयता के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। देवनानी ने पशुपतिनाथ मन्दिर, गौवेश्वरी शक्तिपीठ, मनोकामना मन्दिर सहित प्रमुख मन्दिरों के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने देश व प्रदेश की खुशहाली सहित राजस्थान में भाजपा सरकार बनने की कामना की। देवनानी से नेपाल यात्रा के दौरान अनेक प्रवासी भारतीयों और मारवाड़ियों ने मुलाकात की। प्रवासियों ने देवनानी को पशुपतिनाथ मन्दिर का स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

# डॉ. पूनिया आज तजाकिस्तान जाएंगे

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया आज नई दिल्ली से तजाकिस्तान के लिये प्रस्थान करेंगे। तजाकिस्तान की राजधानी दुशांबे में कॉन्वोकेशन में 7 जून को मेडिकल स्टूडेंटस के साथ संवाद करेंगे।


नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक कराएं।


# राजस्थान आवासन मंडल मानसून में लगाएगा 90 हजार से अधिक पेड़

**जयपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर राजस्थान आवासन मंडल आयुक्त पवन अरोडा ने जयपुर सहित प्रदेश भर में चल रही विभिन्न आवासीय योजनाओं में आगामी मानसून तक 90 हजार से अधिक पेड-पौधे लगाने का संकल्प लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया है।

अरोडा ने सोमवार को आवासन मंडल के मुख्यालय आवास भवन में प्लांटेशन संबंधी समीक्षा बैठक के दौरान यह अहम बात कही। उन्होंने अधिकारियों को पौधारोपण से संबंधित सभी टेंडर आगामी 15 जून तक तथा 25 से 30 जून तक वर्क आर्डर जारी करने के भी निर्देश दिए।उन्होंने अधिकारियों को अगस्त माह से पूर्व प्लांटेशन कार्य पूर्ण करने के भी कडे निर्देश दिए।

- आवासन आयुक्त ने अगस्त माह से पूर्व प्लांटेशन कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश


**विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर राजस्थान आवासन मंडल आयुक्त पवन अरोड़ा ने सोमवार को आवासन मंडल के मुख्यालय आवास भवन में प्लांटेशन संबंधी समीक्षा बैठक ली।**

अरोडा ने बताया कि आगामी मानसून तक सर्वाधिक 20 हजार से अधिक पेड-पौधे जयपुर की लाइफलाइन बन चुके सिटी पार्क में लगाए जाएंगे। इसी तरह इंदिरा गांधी नगर स्थित गंगा मार्ग पर रेलवे लाइन के समीप मियावाकी तकनीक की मदद से 15 हजार से अधिक पेड लगाकर ग्रीन कॉरिडोर बनाया जाएगा।

आयुक्त ने बताया कि प्रदेश की सभी आवासीय योजनाओं में पौधारोपण का कार्य जुलाई माह तक व्यापक स्तर पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जोधपुर की बडली आवासीय योजना में 10 हजार, बीकानेर की शिवबाडी आवासीय योजना में 5 हजार, उदयपुर में 3 हजार, जोधपुर द्वितीय में 2 हजार, अलवर और कोटा आवासी योजनाओं में 1-1 हजार पेड पौधे तथा जयपुर की विभिन्न स्कीमों में 10 हजार से ज्यादा पौधे लगाने का निर्देश दिए।

अरोडा ने कहा कि इन योजनाओं में छायादार और फल-फूलदार पेड-पौधे लगाए जाएं ताकि आमजन को पर्याप्त छाया और सुकून मिल सके। उन्होंने इससे पूर्व विगत वर्षों में हुए वृक्षारोपण की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 50 हजार के मुकाबले 46 हजार जगह वृक्षारोपण किया गया, जिसमें ज्यादातर पौधे जीवित रहे।

बैठक में मुख्य अभियंता प्रथम केसी मीणा, मुख्य अभियंता द्वितीय जीएस बाघेला, वित्तीय सलाहकार संजय शर्मा, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजय पूनिया अमित अग्रवाल, उद्यानिकी अधिकारी दिलीप शर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण और संवेदक उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट ने नीट परीक्षा का रिकार्ड मंगाया

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने 7 मई 2023 को हुई नीट परीक्षा के दौरान एक छात्रा की ओएमआर शीट पर पर्यवेक्षक की चाय गिरने व प्रार्थिया की परीक्षा प्रभावित होने के मामले में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी व परीक्षा सेंटर को ओएमआर शीट, सेंटर की वीडियोग्राफी और सीसीटीवी फुटेज 4 जुलाई को पेश करने के आदेश दिए हैं। वहीं अदालत ने स्कूल के प्रिंसिपल को भी उनके सेंटर पर हुई नीट परीक्षा के पूरे रिकार्ड व पर्यवेक्षकों के ब्यौरे सहित व्यक्तिगत तौर पर हाजिर होने का निर्देश दिए हैं। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव व अनिल उपमन की खंडपीठ ने यह आदेश दिशा शर्मा की अपील पर दिए।

अपील में बताया गया कि 7 मई को नीट परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें अपीलार्थी का परीक्षा केन्द्र जगतपुरा स्थित एक स्कूल में आया था। परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक के राउंड करते समय उसके कप से चाय अपीलार्थी की ओएमआर शीट पर गिर गई। जिस पर सेंटरकर्मियों ने उसकी ओएमआर शीट को पानी से धो दिया और उसे सूखने रख दिया। इससे अपीलार्थी का काफी समय खराब हुआ और वह कई प्रश्न करने से वंचित रह गई।


**खोया पाया**

मुस्तफा खान पुत्र हजरत अली खान को जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटित J2/FF/102 बीएसयूपी फ्लैट जयसिंहपुरा जयपुर का मूल आवंटन पत्र एवं चालान संख्या 625522, 09.07.2019 कहीं गुम हो गया है कृपया मिलने पर सूचित करें। 9680641260

मेरे प्रताप नगर जयपुर के प्लाट नं. 164/22 व 164/23के पजेशन लैटर व नोड्यूज लैटर प्रताप नगर में कहीं खो गये मिलने पर सूचित करें-हेमा ज्ञानानी मो. 7976106094

**NAME CHANGE**

I have changed my name Rashi to Rashi Tahiliani D/o Sanjay Kumar Tahiliani for all purposes R/o D-52 Ground Floor Vaishali Nagar Jaipur Rajasthan 302021

I have changed my name Chirag to Chirag Tahiliani S/o Sanjay Kumar Tahiliani for all purposes R/o D-52 Ground Floor Vaishali Nagar Jaipur Rajasthan 302021

I have changed my name from Vishan Das to Vishan Das Maheshwari for all future purpose. Vishan Das Maheshwari S/o Mathura Das Maheshwari R/o A-7, Basant Bahar Colony, Gopalpura Mode, Tonk Road, Jaipur (Raj)

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्लॉट नं. 231आनन्द लोक फेज-2 सीकर रोड, जयपुर का मूल आवंटन सह मांग पत्र क्रमांक F-1/(231)JDA/ZONE-12/Anand Lok Phase-2/2006/3799 दिनांक 23.06.2007 कहीं खो गया, गिर गया है जिसकी एफआईआर (पुलिस साईबर क्राइम) ऑन लाइन दिनांक 03.04.2023 को नं. 1767652/2023 को कराई गई है। मेरे अभिभाष्य श्री सुरेन्द्र सिंह उक्त सम्पत्ति को श्री विनायक श्रीमाल पुत्र श्री प्रवीण चन्द श्रीमाल से क्रय करने हेतु भारतीय स्टेट बैंक, आर.ए.सी.पी.सी. 2, जयपुर से ऋण प्राप्त कर रहे हैं। उक्त आवंटन पत्र किसी को मिले या आपत्ति हो तो 7 दिवस में सम्पर्क करें, बाद मियाद आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
रमेश कुमार शर्मा, एडवोकेट, मो.नं. 9950995598

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 164/23
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी राव लोकेन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री राव आनन्द सिंह, उम्र 68 वर्ष, जाति-हिन्दू, निवासी-प्लॉट नम्बर डी-94, तुलसी मार्ग, माधो सिंह सर्किल, बनीपार्क, जयपुर।
मृतक श्रीमती रूपवन्ती के शेयर्स के बारे में की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 15.07.2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. श्रीमती रूपवन्ती उर्फ रूपकंवर पत्नी डॉ. स्व. राव आनन्द सिंह जाति हिन्दू, निवासी प्लॉट नम्बर डी-94, तुलसी मार्ग, माधो सिंह सर्किल, बनीपार्क, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें। अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 15 माह 07 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 05 माह 06 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायाधीश
जयपुर महानगर-द्वितीय

# पुलिस पूछताछ में रितिक बॉक्सर ने 40 गुर्गों के नाम बताए

## दस गुर्गे हनुमानगढ़ जिले के, इनकी धरपकड़ के लिए पुलिस ने 4 स्पेशल टीमें गठित की

**हनुमानगढ़, (कासं)।** शहर के दो भाजपा पार्षदों को व्हाट्सएप पर वॉइस कॉल कर लॉरेंस बिश्नोई गैंग की धमकी देकर फिरौती मांगने के संबंध में दर्ज मुकदमे में गिरफ्तार गैंगस्टर रितिक बॉक्सर को जंक्शन पुलिस ने सोमवार को कोर्ट में पेश कर एक दिन की रिमांड अवधि बढ़वाई। पूछताछ में रितिक बॉक्सर ने अपने 40 से अधिक गुर्गों के नाम बताए हैं। इनमें 10 गुर्गे हनुमानगढ़ जिले के हैं। इन गुर्गों की धरपकड़ के लिए पुलिस ने 4 स्पेशल टीमें गठित की हैं।

एएसपी जस्साराम बोस ने सोमवार को जंक्शन पुलिस थाना में हुई प्रेस वार्ता में बताया कि गैंगस्टर रितिक बॉक्सर ने पीसी रिमांड अवधि के दौरान हुई पूछताछ में कई खुलासे किए हैं। पूछताछ में रितिक बॉक्सर ने अपने 40 से अधिक गुर्गे बताए हैं। इनमें करीब 10 गुर्गे हनुमानगढ़ के हैं। इन स्थानीय गुर्गों की धरपकड़ के लिए 4 स्पेशल टीमें गठित की गई हैं। इससे पहले एक गुर्गे मणीशंकर को गिरफ्तार किया जा चुका है। उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवाया जा चुका है।

- **फिरौती मांगने के संबंध में दर्ज मुकदमे में गिरफ्तार गैंगस्टर रितिक बॉक्सर को कोर्ट में पेश कर एक दिन की रिमांड अवधि बढ़वाई**

वहीं, संगरिया थाना क्षेत्र के नरेश पोटलिया को रितिक बॉक्सर ने एक बाइक और 15-20 कारतूस दिलवाए थे, जिनका उपयोग नरेश को जयपुर में जी क्लब पर फायरिंग में करना था। नरेश पोटलिया ने उक्त बाइक और कारतूस सरदारशहर में पुलिस की नाकाबंदी के डर से सूने स्थान पर छुपा दिए गए थे। इसके संबंध में पुलिस थाना सरदारशहर में मुकदमा दर्ज है। सरदारशहर पुलिस की ओर से नरेश पोटलिया को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

एएसपी ने कहा कि रितिक बॉक्सर के अन्य लोकल गुर्गों की धरपकड़ के प्रयास जारी हैं। रितिक बॉक्सर से पूछताछ कर हथियार बरामदगी के प्रयास भी किए जा रहे हैं। प्रेस वार्ता में डीएसपी रमेश माचरा, प्रशिक्षु आरपीएस जयपाल सिंह, जंक्शन थाना प्रभारी नरेश गेरा भी मौजूद थे। गौरतलब है कि भाजपा पार्षद राजेन्द्र कुमार पुत्र रामपत जाट निवासी वार्ड नम्बर 57, बिजली कॉलोनी सुरेशिया ने जंक्शन पुलिस थाना में 27 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसके और पार्षद गुरदीप सिंह बराड़ निवासी गांधीनगर जंक्शन के मोबाइल नम्बर पर 25 जनवरी को अज्ञात नम्बर से व्हाट्सऐप वॉइस कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेन्स गैंग के अनमोल बिश्नोई और रितिक बॉक्सर बताते हुए उससे एवं गुरदीप सिंह बराड़ से 50-50 लाख रुपए की मांग की। रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी।

इस मामले में हनुमानगढ़ पुलिस को हार्डकोर गैंगस्टर रितिक बॉक्सर की तलाश थी। जयपुर में जी क्लब के मालिक से 5 करोड़ की रंगदारी के मामले में हुई फायरिंग के दर्ज प्रकरण में जयपुर पुलिस ने पिछले दिनों गैंगस्टर रितिक बॉक्सर को नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया। हनुमानगढ़ जंक्शन पुलिस थाना की टीम 27 मई को हार्डकोर बदमाश रितिक बॉक्सर को प्रोडक्शन वारण्ट पर केन्द्रीय कारागार जयपुर से हनुमानगढ़ लेकर पहुंची।

# रेप के आरोपी हेडमास्टर ने पूछताछ में कई खुलासे किए

## आरोपी हेडमास्टर को कोर्ट में पेश किया

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के एक सरकारी स्कूल की नाबालिग बच्चियों से छेडछाड और रेप का आरोपी हेड मास्टर पोर्न मूवी देखता था। मूवी देखने के बाद बच्चियों को बुलाता और उनके साथ रेप करता। बच्चियां इस बारे में किसी को बताए नहीं इसके लिए उनको चॉकलेट और चिप्स का लालच देता था,अगर बच्चियां चॉकलेट और चिप्स से नहीं मानती तो उनको डराता-धमकाता। आरोपी हेडमास्टर रमेशचंद्र कटारा ने पुलिस की पूछताछ में इस तरह के कई खुलासे किए हैं। आरोपी हेड मास्टर की रिमांड अवधि पूरी होने पर सोमवार को कोर्ट में पेश किया और 2 दिन के रिमांड पर लिया।

जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कवरिया ने बताया कि आरोपी हेड मास्टर ने 8 से 12 साल की बच्चियों के साथ दुष्कर्म किया है। यह बच्चियां ज्यादा सोच और समझ नहीं सकती थी, इसलिए आसानी से उन्हें लालच देता। स्कूल में छुट्टियों के बाद भी खेलने के बहाने बुलाता। यहां से अपनी स्कॉर्पियों में बैठाकर अपने घर ले जाता, जहां उनके साथ दुष्कर्म करता था। आरोपी ने बताया कि उसके 2 घर है। एक घर में उसका परिवार रहता है, जबकि दूसरा घर खाली पडा है। वह बच्चियों को लालच देकर खाली घर में ले जाता और दुष्कर्म करता। पुलिस ने आरोपी हेड मास्टर को कोर्ट में पेश किया और 2 दिन के रिमांड पर लिया है। एसपी ने यह भी बताया कि आरोपी हेड मास्टर रमेशचंद्र के मोबाइल की जांच की गई तो सामने आया कि वह पोर्न फिल्मे देखने का आदि था। पोर्न मूवी देखने के बाद ही बच्चियों को अपने खाली घर में ले जाता। सरकारी स्कूल का हेड मास्टर होने के साथ ही गांव में भी वह लोगों की मदद करता रहता था, जिससे लोगों को उस पर कभी शक नहीं हो।

एसपी कुंदन कवरिया ने बताया कि पुलिस उससे गहनता से पूछताछ कर रही है। मामले में अब तक 6 बच्चियों के बयान दर्ज हुए हैं, लेकिन खुलासे के बाद और भी मामले आमने आने की संभावना है। एसपी कुंदन कवरिया ने बताया कि 31 मई को सदर थाना क्षेत्र के एक गांव के लोगों ने हेड मास्टर रमेशचंद्र कटारा के खिलाफ रिपोर्ट दी थी। लोगों ने बताया कि स्कूल में गर्मियों की छुट्टियों के बाद भी हेड मास्टर छात्राओं को खेलने और कार्यक्रम करवाने के बहाने बुलाता था। इसके बाद हेड मास्टर छात्राओं को अपने मकान में ले जाकर उनके साथ रेप करता था। नाबालिग छात्रा ने हेड मास्टर की हरकतों के बारे में अपने घर जाकर बताया था, जिसके बाद मामला सामने आया था। पुलिस ने 3 जून को आरोपी हेड मास्टर को गिरफ्तार कर लिया था। मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने आरोपी को सस्पेंड कर लिया था। पुलिस अब स्कूल के साथ ही उसके घर पर मौका तस्दीक कर रही है। वहीं, पुलिस ने अब तक 6 नाबालिग छात्राओं के बयान दर्ज किए हैं।

# मृतक का शव आंगन में रख मौताणे की मांग करने के 14 आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष भी शामिल, आठ अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था

**बांसवाड़ा, (निसं)।** विद्युत हादसे में एक युवक की मौत हो जाने पर उसका शव आंगन में रखकर मौताणे की मांग करने वाले पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष शैलेन्द्र सहित 14 फरार अभियुक्तों को जिला पुलिस अधीक्षक अभिजीत सिंह के निर्देशन में गठित घाटोल थानाधिकारी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

प्रकरण के अनुसार गत 18 मई को गांव सुंदनी निवासी प्रकाश पुत्र रमणलाल सोलंकी मीणा की करंट लगने से मौत होने पर उसके परिजन व गांव सुंदनी व भुदानपुरा के युवाओं व महिलाओं ने देवेन्द्र पुत्र लालजी पाटीदार निवासी जंतोडा के घर पर मृतक का शव रखकर दो लाख रुपये मौताणे की मांग करते हुए प्रदर्शन किया था। जिस पर पुलिस थाना लोहारिया में मामला दर्ज किया गया। इस मामले का अनुसंधान घाटोल थानाधिकारी कर्मवीर सिंह ने किया एवं अनुसंधान के दौरान क्रूजर जीप जब्त करते हुए 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। शेष रहे अभियुक्तों में 10 पुरुष एवं 4 महिलाएं शामिल थी।

पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार लोगों में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष शैलेन्द्र पुत्र प्रभुलाल खराडी, प्रवीण पुत्र गजेन्द्र निवासी सुंदनी, भूपेश पुत्र लक्ष्मण सोलंकी निवासी लोहारिया, महेन्द्र पुत्र रमणलाल सोलंकी निवासी सुंदनी, पिन्टू पुत्र वेला चरपोटा निवासी सुंदनी, अशवीन पुत्र परतु सोलंकी निवासी सुंदनी, विनोद पुत्र विठला यादव निवासी सुंदनी, गणेशलाल पुत्र केसिया बरगोट निवासी भुदानपुरा, कचरुलाल पुत्र नारायणलाल चरपोटा निवासी सुंदनी, रामचंद्र पुत्र रमणलाल सोलंकी निवासी सुंदनी, मनीषा पत्नी महेन्द्र सोलंकी निवासी सुंदनी, वर्षा पत्नी रामचंद्र सोलंकी निवासी सुंदनी, हिर पत्नी प्रकाश सोलंकी निवासी सुंदनी, लसी पत्नी कचरु सोलंकी निवासी सुंदनी शामिल है। पुलिस टीम में घाटोल थानाधिकारी कर्मवीर सिंह, सहायक उपनिरीक्षक जयपाल सिंह, हेड कांस्टेबल वीरभद्र, कांस्टेबल विकेश, आरटी कांस्टेबल लोकेन्द्र व कांस्टेबल कल्याण सिंह शामिल रहे।

## चंदीला ने की भाजपा नेताओं से मुलाकात

**करौली, (निस)।** करौली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता सतवीर चंदीला का करौली क्षेत्र के साथ-साथ राजस्थान के दिग्गज नेताओं से मुलाकात का दौर जारी है। सोमवार को चंदीला ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और भाजपा नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ से जयपुर निवास पर मुलाकात की। इसके अलावा भाजपा के राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह से भी की। मुलाकात राजनीतिक हालातों पर चर्चा की और साथ ही करौली के आराध्य देव श्री मदन मोहन महाराज और राज राजेश्वरी कैलामाता की तस्वीर भेंट की।

# कॉलेज छात्रा को धमकी देकर देह शोषण का आरोप

## डरा धमका कर पैसे व सोने की चेन ऐंठने का आरोप

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ थानान्तर्गत एक निजी कॉलेज में पढने वाली नाबालिग छात्रा की नहाते समय एक आरोपी युवक द्वारा जून 2022 में अश्लील फोटो खींचकर वायरल करने की धमकी देकर एक वर्ष तक लगातार दुष्कर्म करने एवं डरा धमका कर पैसे व सोने की चेन ऐंठने के आरोप का मामला राजगढ थाने में दर्ज करवाया गया है।

प्रकरण अनुसार एक निजी कॉलेज में पढने वाली छात्रा के पिता ने 4 जून की रात्रि को राजगढ थाने में इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि उसकी पुत्री कस्बा राजगढ की एक निजी कॉलेज में पढती है। आरोप है कि जून 2022 से आरोपी आशीष पुत्र धर्मपाल नेहरा जाट निवासी बुखाना जिला झुन्झुनूं उसकी नाबालिग लडकी का पीछा करने लगा तथा उनके गाँव का

- **राजगढ़ थाने में पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज**

पता लगाकर उनके घर के पास ही उक्त आशीष, कुलदीप व अमित ने फसल बीमा एजेन्ट बनकर मकान किराये पर ले लिया तथा आरोपी आशीष नेहरा ने छुपकर किसी समय उसकी लडकी की नहाती की अश्लील फोटो अपने मोबाईल में ले ली तथा उक्त फोटो दिखाकर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमैल करने लगा तथा फोटो वायरल करने की धमकी देकर काफी समय तक ब्लैकमैल कर छात्रा का देह शोषण करता रहा। खींची गई अनेको फोटो वायरल करने करने की धमकी देकर व डरा धमका कर छात्रा से पैसे एवं सोने की चैन भी ऐंठ ली।

मगर आरोपी युवक आशीष की माँग ज्यादा बढने पर बालिका ने परेशान होकर 3 मई को पूरे घटनाक्रम की जानकारी अपनी माँ को दी तथा छात्रा की माँ ने उसके पिता को इस संबन्ध जानकारी देने पर जब उसने उक्त आशीष को इस बात का उल्लाहना दिया तो नाराज हो गया तथा छात्रा की अश्लील फोटो उसके मोबाईल पर एवं उसके जानकारों के मोबाईल पर वायरल करने लगा तथा उसकी लडकी के नाम से फर्जी आईडी बनाकर फेसबुक व वाटसएप पर वारयल कर दी। आरोप है कि जून 2022 से आरोपी उसकी पुत्री नाबालिग थी तब से लगातार दुष्कर्म करता आ रहा है। राजगढ थाना पुलिस ने पोक्सों एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

## 180 शराब की पेटियों को साथ तीन गिरफ़्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** ज़िले की गंगापुर थाना पुलिस ने अवैध शराब की धरपकड़ अभियान के तहत दो वाहनों से 180 अवैध शराब की पेटियां जब्त कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार 4 जनू को कांस्टेबल निरंजन कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक पिकअप में अवैध शराब ले जाई जा रही है। इस पर थानाधिकारी नरेन्द्र जैन के नेतृत्व में थाना जाब्ता कबीर खेड़ा चौराहा पहुंचा और नाकेबंदी की। इस दौरान वहां से गुजरी पिकअप व एक बलेनो कार को डिटेन कर थाने लाया गया और तलाशी ली तो दोनों गाडियों से 180 अवैध देशी शराब की पेटियां बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने गाड़ी सवार तीन लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम गोपाल सिंह (45) पुत्र तेज सिंह राजपूत निवासी जामोली जिला भीलवाड़ा, रवि कहार (27) पुत्र गणपतलाल कहार निवासी बिहाड़ा थाना पंडेर जिला भीलवाड़ा और सुनील सुवालका (25) पुत्र परमेश्वर निवासी बिहाड़ा थाना पंडेर जिला भीलवाड़ा बताया है। जिन्हें गिरफ़्तार कर मामले की जाँच की जा रही है।

# आंधी-तूफान के साथ चोर भी सक्रिय, पोल क्षतिग्रस्त कर चुरा रहे तार

## डिस्कॉम ने चोरी के मामले पुलिस थाने में दर्ज करवाए, लेकिन चोरियों पर अंकुश नहीं लग रहा

**बाप, (निसं)।** बीते एक माह से आंधी तूफान से परेशानी व आर्थिक नुकसान झेल रहा डिस्कॉम अब चोरो के निशाने पर भी आ गया है। आंधी तुफान के साथ सक्रिय हुए चोर गिरे पोल की तार चुराने के साथ पोल गिराकर भी तार चोरी कर रहे हैं। डिस्कॉम ने चोरी के मामले पुलिस थाने में दर्ज करवाए, लेकिन चोरियों पर अंकुश नहीं लग रहा है। बीती रात भी गश्त के बीच चोरो ने तार काट ली, लेकिन तार ले जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाये।

डिस्कॉम कनिष्ठ अभियंता महिराम ने बताया कि 17 मई को 33 केवी रामपुरा फीडर में चोरों ने करीबन दो जगह से 2 किमी लाईन के तार चोरी कर ली थी। बाप पुलिस थाने में मामला दर्ज है, लेकिन 20 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नही हुई। चोरों के हौसले बुलंद है। दो दिन पहले रात्रि में आये आंधी-तूफान का फायदा उठाकर चोरों ने 33 केवी बाप फीडर जो कि पीएस -5 से आ रहा है, वहां सुरतानगर (भाखरिया) के पास करीबन दो जगह से 1.5 किमी लाईन का 5 किमी तार चुराने के साथ 15 पोल भी क्षतिग्रस्त कर दिये है। जिससे विभाग को लाखों रू का नुकसान हुआ है। विद्युत व्यवस्था में भी बाधा उत्पन्न हुई हैं। इसी लाईन का करीबन 4 किमी तार सप्ताह भर पूर्व पूर्व बावड़ी गांव के पास से भी चोरो ने चुरा लिया था। जिसकी रिपोर्ट फलोदी थाने में दर्ज है।

विद्युत विभाग पिछले एक माह से लगातार आ रहे आंधी तूफान की वजह से बेहद परेशान है। जगह जगह गिरे पोल व ट्रांसफार्मर तथा क्षतिग्रस्त हो रही लाइनों के कारण करोड़ो रूपयों का आर्थिक नुकसान हो चुका है। हजारों की संख्या में जगह जगह गिरी लाईनों को पुन: दुरुस्त करने में भी समय लग रहा है। इसका मुख्य कारण खेतों मे पानी भरा होने के साथ आवश्यक सामान की आपूर्ति में समय लगना है। लाइनों को दुरस्त करने में समय लगने के कारण चोर लाइन के मेटेरियल को चुरा रहे है।

कनिष्ठ अभियंता महीराम ने बताया कि जोड़, ननेऊ, देगावड़ी, रिण, सांगुरी और शेखासर में अधिक विद्युत लाइने गिरी है। वहां पर भी चोरों द्वारा लाइन मेटेरियल चुराने के मामले सामने आये हैं। बाप, जाम्बा एवं फलोदी पुलिस थाने में इस संबध में कई मुकदमे भी दर्ज हैं। चोरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नही होने के कारण विद्युत विभाग को करोडों रूपये का आर्थिक नुकसान हो रहा है।

डिस्कॉम बाप के सहायक अभियंता आंधी तूफान के साथ चोरों ने भी परेशानी बढ़ा दी है। पुलिस भी काम कर रही है, लेकिन चोर पकड़ में नहीं आ रहे है। चोरियों की लगातार बढ़ती घटनाओं के बाद गश्त कर रहे है। डिस्कॉम कार्मिकों के अलाव पुलिस भी गश्त कर रही है। लेकिन चोर भी बेहद शातिर है। बीती रात पीएस 5 से जा रहे आऊ फीडर में मलार से विजय नगर के बीच रात में डिस्कॉम की टीम गश्त कर रही थी। पुलिस भी अपने वाहन से गश्त कर रही थी। बावजूद इसके चोरों ने एक किमी तक लाइन काट दी। लेकिन काटा गया तार चोरी कर ले जाने की हिम्मत नहीं हुई।

डिस्कॉम ने आप उपभोक्ताओ से भी अपील करते हुए कहा कि वे अपने घरों और खेतो के आसपास जो भी विद्युत विभाग की लाइनें जो तूफान के कारण जमीन पर पड़ी है, उसके आसपास रात्रि में कोई संदिग्ध वाहन और व्यक्ति घूमता मिले या दिखे तो तुरंत नजदीकी विभागीय कर्मचारी या पुलिस थाने में सूचना देवें।

## पैसों के लेनदेन को लेकर मारपीट

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर के श्रीनगर रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप पर बीती रात लगभग 10 बजे के बाद पास ही के रहने वाले जादूगर इलाके के कुछ लड़कों ने मारपीट शुरू कर दी इसकी सूचना पर मौके पर अलवर गेट थाना पुलिस पहुंची और मारपीट करने वाले एक युवक को अपनी हिरासत में लिया। इस पूरी मारपीट की घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

यह पूरा मामला पेट्रोल भरने के बाद पैसों की लेनदेन को लेकर हुआ था रविवार रात को लगभग 10 बजे कुछ युवक नशे की हालत में पेट्रोल भरवाने आए और उसके बाद 50 रूपए कम देने की बात को लेकर पेट्रोल पंप पर काम कर रहे कर्मचारियों से मारपीट करने लगे। मारपीट इतनी जबरदस्त थी कि कर्मचारियों के कपड़े तक पड़ गए और हाथ पैर सिर में चोट भी आ गई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद भी हुई है। इस पूरे मामले की जांच अलवर गेट थाना पुलिस कर रही पुलिस ने एक युवक को हिरासत में भी लिया है।

# पंखे से झूलता मिला महिला का शव

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर के सिविल लाइंस थाना इलाके की इंदिरा कॉलोनी में आज पंखे से लटकता हुआ महिला का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जे एल एन अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। जहां मंगलवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। महिला के परिजनों ने उसके पति पर हत्या कर शव पंखे पर लटकाने का आरोप लगाया है। सिविल लाइन थाना पुलिस के थानाधिकारी दलबीर सिंह ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर 304 बी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के घुघरा गांव की इंदिरा कॉलोनी में रहने वाली अनु की लाश उसके कमरे में छत के पंखे से लटकती हुई मिली। इस मामले में मृतका के परिजनों ने बताया कि अनु की शादी 2 साल पूर्व राकेश नाम के युवक से हुई थी परिजनों के अनुसार राकेश सोमवर को अचानक अनु के घर पहुंचा

- **परिजनों ने लगाया पति पर हत्या कर शव को पंखे से लटकाने का आरोप**

और उसके बाद उसने अनु की हत्या कर उसकी लाश को आत्महत्या का रूप देने के लिए छत के पंखे से लटका दिया और उसके 4 महीने के मासूम बेटे को लेकर फरार हो गया। परिजनों के अनुसार यह सारा नजारा अनु के छोटे भाई विशाल ने अपनी आंखों से देखा। विशाल ने राकेश को रोकने की भी कोशिश की लेकिन राकेश हड़बड़ी में मौके से फरार हो गया। इस मामले की जानकारी मिलते ही सिविल लाइंस थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जेएलएन अस्पताल पहुंचाया।

# करोड़ों खर्च के बाद भी राजमार्ग व शहर नहीं हो पा रहा रोशन

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका प्रशासन द्वारा करोडों खर्च करने के बाद भी राजमार्ग व शहर रोशन नहीं हो पा रहा है। शाम होते ही शहर अंधेरे में डूब जाता है।

प्रशासन द्वारा लाइटें तो लगा दी गई है, परंतु कुछ रखरखाव के अभाव में

- **प्रशासन द्वारा लाइटें तो लगा दी गई हैं, परंतु कुछ रखरखाव के अभाव में खराब पड़ी हुई हैं**



पावटा प्रागपुरा नगर पालिका क्षेत्र में सड़कों पर छाया अंधेरा।

खराब पड़ी हुई हैं, तो कुछ कई को अभी भी कनेक्शन का इंतजार है। प्रशासनिक उदासीनता का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है क्योंकि अंधेरे का फायदा उठाने में अपराधी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

शहर के सबसे मुख्य पुराना टसकोला भोनावास रोड, सर्विस रोडों पर जो लाइटें लगाई गई हैं, उनमें से ज्यादातर बंद पड़ी रहती हैं। इसके अलावा प्रागपुरा में तो केवल पोल ही खड़े हैं लेकिन उनमें लाइटें लगाई ही नहीं गई हैं। रात के समय शहर पूरी तरह अंधेरे में डूब जाता है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। वहीं शहर में छाए अंधेरे का असामाजिक तत्व व अपराधी खूब फायदा उठा रहे हैं। पिछले दिनों में पावटा कस्बे में हुई लूट की घटनाओं से यह साबित हो गया कि अपराधियों को हौसले किस कदर बुलंद हैं।

वहीं गौरतलब है कि इन स्ट्रीट लाईटों को लेकर वार्ड पार्षदों व सामाजिक संगठनों द्वारा पालिका क्षेत्र में विभिन्न जगह पर स्थित स्ट्रीट पोल में मनमर्जी से एस्टीमेट बनाकर बड़ा घोटाले करने को लेकर धरना प्रदर्शन भी किया गया था। यहां तक कि उच्च अधिकारियों तक को अवगत करवाया गया था। लेकिन मिली भगत के कारण कोई सुनवाई नहीं हुई व मामले को ठंडे बस्ते मे डाल दिया गया। वहीं पावटा उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी ने बताया कि मुझे भी मामले की शिकायत मिली है। शहर में बंद पड़ी लाइटों को लेकर सबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए लापरवाही को लेकर निर्देशित किया जायेगा।

# तेज आंधी से निर्माणाधीन मकान की दीवार ढहने से मां एवं दो पुत्रों की मौत

## हादसे मे पांच वर्षीय बालिका घायल, पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंपा

**बिजयनगर, (निसं)।** बिजयनगर पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम खुंटिया में बीती रात आयी तेज आंधी से निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से एक परिवार के दो पुत्रों समेत मां की दर्दनाक मौत हो गई एव पांच वर्षीय बालिका घायल हो गई। हादसे के मलबे में दबे परिवार को ग्रामीणों ने मलबे से बाहर निकाल कर बिजयनगर राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित किया। पुलिस ने मृतकों के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनो के सुपुर्द किया।



नानी पत्नी सोनाथ



सुरेश



ज्ञानचंद

ग्राम खूटिया में हुए दर्दनाक हादसे की सूचना मिलने के बाद तहसीलदार सुभाष स्वामी और थानाधिकारी दिनेश चौधरी मौके पर पहुंचे परिजनों को सांत्वना दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजयनगर के समीप गांव खुंटीया मे बीती मध्य रात्रि को तेज आंधी के आने से निर्माणाधीन मकान की दीवार ढह गई। निर्माणाधीन दीवार के समीप बरामदे में सो रहे नानी देवी (50) पत्नी सोनाथ, सुरेश (21)पुत्र सोनाथ, ज्ञानचंद (20) पुत्र सोनाथ की मलबे में दबने से दर्दनाक मौत हो गई। तेज आंधी के कारण हुए हादसे में पांच वर्षीय रेशू पुत्री शान्ति लाल भी घायल हो गई।

राजकीय चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार किया गया। दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के मां एवं दो बेटों की दिल दहला देने वाली मौत की खबर से आसपास के क्षेत्र में सन्नाटा पसर गया। रविवार को गाव खुंटीया में हृदय विदारक हादसे से दुखी गांव में किसी के भी घर में चूल्हा नहीं जला। शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने सैकड़ों की संख्या में आसपास के लोग अंतिम संस्कार में पहुंचे। गमगीन माहौल में गांव में 3 अर्थियां एक साथ निकली। एक ही चिंता में तीनो का अंतिम संस्कार किया गया।

**विधायक राकेश पारीक में शोक संतप्त परिवार को दी सांत्वना** :- मां एवं दो युवकों की मौत पर क्षेत्रीय विधायक राकेश पारीक ने शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। विधायक राकेश पारीक ने पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री सहायता कोष एवं चिरंजीवी बीमा योजना के तहत हर संभव सहायता दिलवाने का आश्वासन

- **गांव खुंटीया में हृदय विदारक हादसे से गांव में किसी के भी घर में चूल्हा नहीं जला**
- **शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने सैकड़ों की संख्या में आसपास के लोग अंतिम संस्कार में पहुंचे**

देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी भरत राज गुर्जर, तहसीलदार सुभाष स्वामी व थाना अधिकारी दिनेश कुमार चौधरी सहित प्रशासनिक अधिकारी परिजनों से मिले।

# गहलोत सरकार के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ता 13 जून को सचिवालय घेरेंगे : सी.पी.जोशी

## ग्राम चौपालों में आमजन ने स्वीकारा मौजूदा सरकार चोरों की सरकार : राजेंद्र राठौड़

**जयपुर** । प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी सरकार के ऐतिहासिक नौ वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर प्रदेश में आगामी एक माह तक होने वाले सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान जयपुर शहर जयपुर उत्तर और जयपुर दक्षिण के भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया। आगामी कार्ययोजना और रोडमैप को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने संबोधित किया।

- **जीरों टॉलरेंस की डींग हांकने वाली गहलोत सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी : किरोड़ी लाल मीणा**




भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सी.पी.जोशी ने सोमवार को प्रदेश मुख्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित किया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, सांसद रामचरण बोहरा, राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ व किरोड़ीलाल मीणा, पूर्व मंत्री अरूण चतुर्वेदी व पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी भी मौजूद थे।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने कहा कि जनआक्रोश यात्रा, जन आक्रोश महाघेराव सहित मौजूदा सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून व्यवस्था, पेपर लीक व अन्य विषयों को लेकर आंदोलन हुए हैं। पेपर लीक मामले में ईडी द्वारा आरपीएससी सदस्य कटारा और ठेकेदार भजनलाल से भी पूछताछ की जा रही है।

इसके अलावा एसीबी में चहेतों के खिलाफ सरकार द्वारा अभियोजन स्वीकृति नहीं दिया जाना योजना भवन में 2.31 करोड़ की नकदी और सोने के बिस्किट मिलना जैसे अनेक मामले यह बताते हैं कि मौजूदा सरकार किस कदर भ्रष्टाचार में डूबी है।

जोशी ने आगामी 13 जून को जयपुर में होने वाली जन आक्रोश यात्रा के संबंध में कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों को अधिक से अधिक संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने जिला अध्यक्षों सहित प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से यात्रा की तैयारियों के संबंध में अलग-अलग फीडबैक व जानकारी भी ली।

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमने ग्राम चौपालों पर जाकर आमजन की नब्ज टटोली है, आम लोगों ने खुद यह माना है कि मौजूदा सरकार चोरों की सरकार है। मुफ्त बिजली देने के मामले पर कटाक्ष करते हुए उन्होने कहा कि पहले तो फ्यूल सरचार्ज के नाम पर सरकार लूट करती है। सरकार अपने थर्मल पावर प्लांट बंद करके इंडोनेशिया से मंहगा कोयला खरीद करती है। इस दौरान राजेन्द्र राठौड ने प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी की अजमेर रैली के सफल आयोजन पर कार्यकर्ताओं का आभार भी जताया।

राज्यसभा सांसद किरोडी लाल मीणा ने गहलोत सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि जीरो टोलरेंस की बात करने वाली सरकार भाजपा कार्यकर्ताओं पर अत्याचार कर रही है। केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना में भी गहलोत सरकार जमकर भ्रष्टाचार कर रही है। प्रदेश की सडके खोदकर पटक दी गई, ठेकेदारों से मिलीभगत करके घटिया क्वालिटी के पाईप बिछाए जा रहे हैं। डॉ. किरोडी लाल मीणा ने कहा कि आईटी सेक्टर में 3500 करोड के घोटाले पकडे गए हैं, जिनका हवाला कैग के ऑडिट पैरा में भी दिया गया है।

बैठक के दौरान मंच संचालन जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा ने किया। बैठक के दौरान जयपुर ग्रामीण सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यवर्द्धन राठौड़, पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, अरूण चतुर्वेदी सहित प्रदेश उपाध्यक्ष अजयपाल सिंह मंच पर मौजूद रहे।

## नर्सिंग ऑफिसर सुनील पथरिया का सम्मान



**जयपुर** । सवाई मानसिंह चिकित्सालय में बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट टीम के प्रभारी एवं सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सुनील कुमार पथरिया को राज्य स्तर पर फ्लोरेंस नाइटेंगल अवार्ड मिलने पर बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के नर्सिंग अधीक्षक डॉ. नवल सिंह के नेतृत्व में साफा व फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर नर्सेज़ नेता मनोज दुब्बी, राकेश सेनी व अब्दुल रब नकवी सहित कई नर्सिंग ऑफिसर मौजूद रहे।

## 1100 साल पुरानी बावड़ी में श्रमदान

**जयपुर** । लाल बहादुर शास्त्री पीजी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.कीर्ति रावत एवं ग्रुप लीडर अमोलक बैरवा के निर्देशन में झालाना वन क्षेत्र में स्थित प्राचीन काली माता मंदिर परिसर में बनी 1100 साल पुरानी बावडी में श्रमदान शिविर का आयोजन कर बावडी से प्लास्टिक, पॉलीथीन व काँच की बोतल एवं लकडी की झाड़ियां व अपशिष्ठ कचरे को साफ किया। प्राचीन जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित कर बरसात के पानी का संचयन करने के तरीकों के बारे में भी श्रद्धालुओं को बताया।

## सार-समाचार

### रक्तदाताओं को पौधे भेंट किए



**जयपुर** (कासं)। विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रतिष्ठा ब्लड बैंक में 'रक्तदान-पेड़ और जिंदगी' मुहिम की शुरुआत मुख्य अतिथि शराबबंदी आंदोलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम अंकुर छाबड़ा ने किया। इसके बाद रक्तदान शिविर भी लगाया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूनम छाबड़ा ने सभी को प्रकृति के अनमोल तोहफे जल, वायु, मृदा व पहाड़ों की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। साथ ही नशे से दूर रहने का आव्हान करते हुए जीवन में एक पेड़ लगाकर उसकी रक्षा करने को कहा। पूनम छाबड़ा ने कहा कि प्रतिष्ठा ब्लड बैंक ने प्रत्येक रक्तदाता को प्रोत्साहित करने के लिए एक-एक पेड़ देने की तारीफ की। उन्होंने कहा कि रक्त और पेड़ दोनों जीवनदायनी है। शिविर में संजय कुमार वर्मा ने 15वीं बार रक्तदान किया।

### अभिलाषा सोसायटी ने बांटे कपड़े के थैले



**जयपुर** । अभिलाषा वूमेन वेलफेयर सोसाइटी ने पलास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य विश्व पर्यावरण दिवस पर कपडे के थैलों का निःशुल्क वितरण किया। सोसाइटी की उपाध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी माथुर के नेतृत्व में बालाजी मोड स्थित डी-मार्ट के सामने राहगीरों को कपडे से बने थैले बाँटे गए। सचिव कल्पना माथुर ने पर्यावरण को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर सोसाइटी की सांस्कृतिक सचिव जया कल्ला, कोषाध्यक्ष डॉ.अंटू सक्सेना, डॉ. रेणु कुलश्रेष्ठ सहित अन्य सदस्य भी मौजूद थीं।

### सुबोध कॉलेज में पर्यावरण पर चर्चा



**जयपुर** । सुबोध महिला महाविद्यालय रामबाग में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन 'बीट द प्लास्टिक पोलूशन' की थीम पर किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण मुद्दों पर छात्राओं ने पोस्टर एवं पावरपॉइंट प्रदर्शित किये, साथ ही परिसर में पौधरोपण भी किया गया। महाविद्यालय के संयोजक वी. सी. डागा ने प्रकृति के अविवेक दोहन के बाद अब प्रकृति को कुछ देने पर बल दिया। प्राचार्या डॉक्टर रेणु जोशी ने पर्यावरण को संरक्षित करने में छात्र-छात्राओं के व्यक्तिगत योगदान को अति महत्वपूर्ण बताते हुए छात्राओं को इस दिशा में कार्य करने की शपथ दिलाई। उपप्रचार्य डॉक्टर इंदु शर्मा ने पर्यावरण से छेडछाड को मानव सभ्यता के लिए विध्वंशक बताया। कार्यक्रम के संयोजक मंडल में डॉक्टर मंजू बाघमार, डॉक्टर रूचि साबु एवं ताराचंद बडीवाल ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

### 254 हज यात्रियों का इस्तकबाल



**जयपुर** । जयपुर हवाई अड्डे से हज यात्रियों का 25वाँ जत्था सोमवार को हज के लिए रवाना हुआ। हज यात्रियों को अल्पसंख्यक मामलात व वक्फ मंत्री शाले मोहम्मद ने शुभकामना देते हुए हरि झंडी दिखा विदा किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि धन्य है वो लोग जिन्हें नबी के मजार का दीदार करने का नसीब प्राप्त होता है। आप सभी देश और राज्य की खुशहाली के लिए भी दुआ करें। देश में अमन-चैन, सुख-शांति और आपसी सौहार्द, भाईचारा कायम रहे। इस मौके पर शाले मोहम्मद ने व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। विमान में कुल 254 हाजियों ने यात्रा की। इस मौके पर राजस्थान स्टेट हज कमेटी मैंबर अब्दुल हकीम खान व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### आर.ए.सी. परिसर में भागवत कथा

**जयपुर** । जयपुर में चैनपुरा स्थित चतुर्थ बटालियन आरएसी परिसर में सोमवार से सात दिवसीय भागवत कथा की शुरूआत हुई। इसका उद्देश्य पुलिस कर्मियों के मन में ड्यूटी के साथ अपनी व्यवस्थित दिनचर्या में सकारात्मक बदलाव लाना है। कमांडेंट चतुर्थ बटालियन आरएसी चैनपुरा जयपुर ने बताया कि परिसर में आचार्य संतोष चंद्र पांडे मोचन धाम श्री मेहंदीपुर बालाजी के सानिध्य में व्यासाचार्य पंडित मृदुलकांत शास्त्री द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन सोमवार से 11 जून तक रोजाना दोपहर एक से शाम छह बजे तक किया जावेगा। 12 जून को पूर्णाहुति हवन एवं भंडारा का आयोजन किया जावेगा। कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को मंगल कलश यात्रा, श्रीमद् भागवत महात्म्य एवं भीष्म स्तुति हुई। मंगलवार को शुकदेव आगमन, वाराह अवतार, शिव सती चरित्र, कपिल अवतार, बुधवार को ध्रुव चरित्र, जड़भरत चरित्र, अजामिल उपाख्यान, नृसिंह अवतार, गुरूवार को बलि वामन प्रसंग, श्रीराम चरित्र, श्रीकृष्ण जन्म एवं नन्दोत्सव, शुक्रवार को श्रीकृष्ण बाल लीलाएं, श्री गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग दर्शन, शनिवार को राम पंचाध्यायी, उद्धव ब्रजगमन एवं श्रीकृष्ण रूकमणी विवाह तथा रविवार 11 जून को सुदामा चरित्र, शुकदेव विदाई एवं कथा विश्राम और 12 जून को पूर्णाहुति हवन और महाप्रसादी होगी।

### व्यापारी के घर से नकदी-जेवर चोरी

**जयपुर** । शहर के आदर्श नगर इलाके में गुरुनानकपुरा में अलसुबह चोर एक व्यापारी के घर में घुसकर 50 लाख रुपए से अधिक कीमत के पुश्तैनी जेवर व 5 लाख रुपए लेकर फरार हो गए। वारदात सोमवार सुबह उस समय हुई, जब व्यापारी की मां गुरजीत कौर रोज की तरह सुबह साढ़े चार बजे घर के मुख्य गेट के ताला लगाकर गुरुद्वारा चली गई। तभी चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुस गए। घटना के समय घर की फस्ट फ्लोर पर परिवार के अन्य सदस्य सो रहे थे। चोर भूतल पर व्यापारी की मां के कमरे में रखे जेवर व रुपए ले गए। करीब डेढ़ घंटे बाद व्यापारी की मां घर लौटी तब वारदात का पता चला। सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। चोर घर में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर सिस्टम ले गए, जिससे चोरों की फुटेज नहीं मिल सके। उधर पुलिस क्षेत्र में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से चोरों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस व्यापारी के पास काम करने वाले और पहले काम कर चुके लोगों की भी तस्दीक कर रही है। व्यापारी के घर चोरी की सूचना पर विधायक कालीचरण सराफ, अशोक लाहोटी व सिख समाज के प्रदेश अध्यक्ष अजयपाल सिंह घटनास्थल पहुंचे और पुलिस के उच्च अधिकारियों से बात कर चोरो का पता लगाकर तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की।

## संक्षिप्त

### मंत्रालयिककर्मियों का अनशन जारी

**जयपुर** । राजधानी के शहीद स्मारक पर अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर मंत्रालयिक एकता मंच की ओर से चल रहे क्रमिक अनशन पर सोमवार को 82 वें दिन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारी बैठे। मंत्रालयिक एकता मंच के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि आज जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के विनोद कुमार शर्मा के नेतृत्व में दिनेश कुमार मीणा, सोनू लखेरा, पंकज शर्मा एवं अंकित सक्सेना 24 घंटे के क्रमिक अनशन पर बैठे। मंत्रालयिक कर्मचारियों की ओर से अपनी प्रमुख मांगों सहायक प्रशासनिक अधिकारी को ग्रेड पे 4200 व कनिष्ठ सहायक को आरंभिक वेतन 25500 किए जाने की प्रमुख मांगों के साथ 6 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में 16 मार्च से शहीद स्मारक पर क्रमिक अनशन किया जा रहा है। आज अनशन कर्ताओं के समर्थन में राजेश पारीक, गजेंद्र सिंह राठौड़, सुरेश धावाई, देवेंद्र सिंह नरूका, शेर सिंह यादव, महेंद्र शर्मा, रमेश तिवाड़ी, राम सिंह, सत्येंद्र यादव, सेवाराम जायसवाल, हनुमान सहाय शर्मा, गिरिराज चौधरी, प्रताप सिंह यादव, सीताराम यादव अनशन पर बैठे।

### 'माली समाज को मिले प्रतिनिधित्व'

**जयपुर** (कासं)। 'माली महासंगम' के प्रवक्ता राहुल तंवर ने कांग्रेस-भाजपा समेत तमाम राजनैतिक दलों से समाज के लिए उचित प्रतिनिधित्व मांगा है। उन्होंने कहा कि आरक्षण व उचित राजनैतिक प्रतिनिधित्व के लिए समाज संघर्ष की राह पर है। आरक्षण की आंदोलन में जिन युवा नेताओं पर मुकदमें दर्ज हुए हैं, वे खत्म होने चाहिए, ताकि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं हो। जयपुर में 'माली महासंगम' के जरिये समाजजनों ने अपनी ताकत दिखाई है, साथ ही यह संदेश भी साफ जाहिर किया है कि हमें अपने अधिकारों व हितों के संघर्ष करना पड़े तो भी हम पीछे नहीं हटेंगे। राहुल तंवर ने माली महासंगम में प्रदेशभर से जयपुर पहुंचे समाज के युवाओं, माता-बहनों और बुजुर्गों का आभार जताया है।

### मंजू शर्मा ने किया बोरवेल का शुभारंभ

**जयपुर** (कासं)। निवारू रोड पर वार्ड 28 की रमेनशपुरी कॉलोनी में सोमवार को बोरवेल का उद्घाटन राजस्थान विप्र कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष मंजू शर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि जलदाय मंत्री महेश जोशी के सहयोग से आमजन की पेयजल समस्या को दूर करने के लिए यह बोरवेल करवाया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम में कैलाश शर्मा, दीपक जांगिड़ कोर्डिनेटर राजस्थान, रणवीर सिंह तंवर, हाकिम सिंह, सीता राम सैनी, राधे श्याम, बृजेश शर्मा, नीरज, नमिता अग्रवाल, निरोज सैनी, विमलेश सैनी, निर्मला, नेहा, सपना, उषा मौजूद थे।

## बंद कमरे में प्रॉपर्टी कारोबारी की लाश मिलने से हड़कंप

**जयपुर** । सांगानेर सदर इलाके में प्रॉपर्टी कारोबारी की हत्या का मामला सामने आया है। बंद कमरे में सोमवार सुबह प्रॉपर्टी कारोबारी की लाश पड़ी मिली। कमरे में रहने वाली महिला बाहर से कुंदी लगाकर फरार हो गई। सांगानेर सदर थाना पुलिस ने सिटी टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने महात्मा गांधी हॉस्पिटल में मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाया है। पुलिस ने बताया कि मृतक कालू राम (52) पुत्र गंगाराम शिकारपुरा गांव में टीबा की ढाणी का रहने वाला था। वह प्रॉपर्टी का कारोबार करता था। रविवार दोपहर चोखी ढाणी के पीछे किराए पर रहने वाली परिचित महिला के पास गया था। उसके बाद वापस घर नहीं लौटने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। सोमवार सुबह करीब 9 बजे मकान में रहने वाले किराएदार ने कमरे में लाश देखकर पुलिस को सूचना दी। प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि कालू राम अक्सर परिचित महिला से मिलने आया करता था। परिचित महिला अपनी तीन बेटियों के साथ यहां रहती थी। रविवार दोपहर को भी कालू राम उनसे मिलने आया था। दोपहर करीब 3:30 बजे महिला कमरे के गेट को बाहर से कुंदी लगाकर बंद कर तीनों बेटियों के साथ चली गई। सोमवार सुबह करीब 9 बजे पडौसी किराएदार किसी काम से गया। बाहर से कुंदी लगे गेट को खोलकर अंदर देखा तो कालू राम की लाश पड़ी मिली। शव मिलने का पता चलने पर कॉलोनीवासियों में सनसनी फैल गई। महिला के हत्या कर भागने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सबूत जुटाए। पुलिस संदिग्ध मौत को लेकर जांच कर रही है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिलने की बात से इंकार किया गया है। पुलिस ने संदिग्ध मौत के कारण का पता लगाने के लिए मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया है। उधर पुलि सने संदिग्ध मौत के चलते ही मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाया है।



विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्रेटर नगर निगम ने सोमवार को मानसरोवर के वार्ड नं 69 भारत माता पार्क में प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक योगाभ्यास एवं वृक्षारोपण किया। यहां उद्यान समिति की चैयरमैन राखी राठौड़ ने अशोक का वृक्ष लगाकर व पक्षियों के पीने के पानी के लिए परिंडे लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर उद्यानविज्ञ रविन्द्र सिंह, चैयरमैन भारती लख्यानी, पारस कुमार जैन, पार्षद रामअवतार गुप्ता, आशीष शर्मा, मनोज तेजवानी व अरूण शर्मा मौजूद थे।

## प्रदेशभर के 30 हजार सफाई कर्मचारी आज से हड़ताल पर

### जयपुर समेत तमाम शहरों में सफाई व्यवस्था होगी बेपटरी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । सफाईकर्मियों की भर्ती में हो रही देरी और संशोधित विज्ञप्ति जारी नहीं करने से नाराज करीब 30 हजार सफाईकर्मी 6 जून से अवकाश लेकर हड़ताल करेंगे। ऐसे में जयपुर समेत प्रदेश के तमाम शहरों की मुख्य सड़कों से लेकर कॉलोनियों पर झाड़ू नहीं लगेगी और घर-घर कचरा संग्रहण भी प्रभावित होने की संभावना है।

- **सफाई कर्मचारी भर्ती की संशोधित विज्ञप्ति जारी नहीं किए जाने से नाराज हैं वाल्मीकि समाज**

संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर डंडोरिया का कहना है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट में 30 हजार सफाईकर्मियों की घोषणा की थी। स्वायत्त शासन विभाग ने 13 हजार 184 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी की, इसका संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ ने विरोध किया और 25 से 28 अप्रेल तक हड़ताल पर रहे।

इसके बाद 28 अप्रेल को स्वायत्त शासन विभाग के तत्कालीन शासन सचिव जोगाराम और निदेशक हृदेश शर्मा के साथ संघ के पदाधिकारियों का समझौता हुआ। इसमें संशोधित विज्ञप्ति जल्द जारी करने से लेकर भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी, लेकिन आज दिन तक इस विषय में कोई काम नहीं हुआ।

सोमवार को जयपुर हैरिटेज नगर निगम मुख्यालय में राज्यभर से आए सफाईकर्मियों की बैठक हुई। इसमें तय हुआ कि जब तक संशोधित विज्ञप्ति जारी नहीं होती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर डंडोरिया ने कहा कि वर्ष 2018 से पहले जिन कर्मचारियों ने बीट, मस्ट्रोल और संविदा पर सफाई का काम किया है, उनको प्राथमिकता दी जाए, लेकिन राज्य सरकार गुमराह कर रही है।

## आग में जिंदा जला डॉक्टर

- **बीमार बुजुर्ग डॉक्टर के पलंग के पास हीटर लगाया हुआ था, जिससे गद्दे में आग लग गई थी**

**जयपुर** । वैशाली नगर इलाके में बुजुर्ग डॉक्टर जिंदा जल गए, वह गंभीर रूप से बीमार थे। जिस कमरे में आराम कर रहे थे, उसी में आग लग गई। बीमारी की स्थिति में वह बैड से उठकर भाग भी नहीं पाए। गंभीर रूप से झुलसने के कारण उनकी मौत हो गई। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक गुरुजीत सिंह (70) वैशाली नगर स्थित राठौड़ नगर में रहते थे। वो होमियोपैथी के डॉक्टर थे। बीमारी के कारण पिछले काफी दिनों से वह बेडरेस्ट पर थे। उनके साथ उनका बेटा डॉ. जसकरण सिंह और बहू बलजीत कौर रहते थे। रविवार की शाम को जसकरण सिंह 22-गोदाम के पास स्थित होमियोपैथी क्लिनिक पर गए थे। तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया। बीमारी के चलते डॉ. गुरुजीत सिंह को ठंड लगती थी। इसके चलते ही उनके बेड के पास हीटर लगाया गया था। रविवार रात करीब 8:30 बजे डॉ. गुरुजीत अपने कमरे में थे। उनकी देखभाल करने वाली नर्स शाम 7 बजे ही अपने घर चली गई थी। उनकी बहू घर में बने गार्डन में बैठी थी। इस दौरान हीटर से गद्दे में आग लग लग गई। डॉ. गुरुजीत सिंह उठने में असमर्थ थे। वह 50 प्रतिशत झुलस गए। आग की चपेट में आने के बाद डॉ. सिंह चिल्लाने लगे। गार्डन में बैठी बहू बलजीत कौर भागकर कमरे में गई। आग देखकर वह भी घबरा गई। पड़ोसियों की मदद से पानी डालकर आग पर काबू पाया। वैशाली नगर थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। गंभीर हालत में डॉ. गुरुजीत को वैशाली नगर स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। स्थिति को गंभीरता को देखते हुए उन्हें एस.एम.एस. हॉस्पिटल रैफर कर दिया गया। इलाज के दौरान सोमवार सुबह 10.30 बजे उनकी मौत हो गई। उधर, पुलिस ने सिटी एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए।

## बाल अपचारियों ने किया हमला

**जयपुर** (कासं)। बाल सुधार गृह में बंद बालअपचारियों ने रविवार रात जमकर हुडदंग किया। बालअपचारियों ने चैनल गेट को तोड़कर भागने का प्रयास किया। ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस और बाल सुधार गृह के स्टाफ ने समझाइश कर शांत करवाने की कोशिश की। बाहर जाने की मांग को लेकर पुलिसकर्मियों और स्टाफ पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस जवानों ने बड़ी मुश्किल से बाल अपचारियों को काबू किया। बाल सुधार गृह के अधीक्षक ने ट्रांसपोर्ट नगर थाने में एफ.आई.आर. दर्ज करवाई है कि 3 जून को बालसुधार गृह से दो बालअपचारियों के भागने के मामले में रविवार दोपहर पुलिसकर्मी निरीक्षण करने गए थे। तलाशी में मिले दो एंड्रॉयड मोबाइल को जब्त किया गया। मोबाइल जब्ती पर उन्होंने हुडदंग किया।

## आमेर की 'चांद देवी स्कूल' ने नाम रोशन किया

### 10वीं बोर्ड परीक्षा में लड़कियों ने मारी बाजी, लक्ष्मी सैनी ने किया गांव का नाम रोशन



दसवीं बोर्ड परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक लाने पर 'चांद देवी स्कूल' की छात्रा लक्ष्मी का स्वागत किया गया।

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 10वीं कक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। परिणाम में चांद देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खोराश्यामदास आमेर जयपुर में पढ़ती थी। लक्ष्मी सैनी ने 93 प्रतिशत अंक हांसिल कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। लक्ष्मी सैनी गांव में देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खोराश्यामदास आमेर जयपुर में स्थित एक निजी स्कूल की छात्रा है। जहां उसके पिता वहीं खोराश्यामदास में कालू सैनी खेती का काम संभालते हैं। वही लक्ष्मी ने बताया डॉक्टर बनने का सपना है। समाज और बुजुर्ग लोगों की सेवा करने का मौका मिलेगा

अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर फूले नहीं समा रहे पिता कालू सैनी व माता विमला देवी मूल रूप से सवाई माधोपुर जिले के सारसोप के रहने वाले हैं लेकिन वे पिछले लगभग 10 वर्ष से जयपुर में निवास कर रहे हैं। लक्ष्मी सैनी बताती हैं कि उनकी इस सफलता में उनकी कालू सैनी के अलावा माता विमला देवी जो ग्रहणी है। इनका बहुत बड़ा योगदान रहा जो उसे लगातार अच्छे अंक लाने के लिये प्रेरित करते रहे। रोजाना सात से आठ घंटे की पढ़ाई करने वाली लक्ष्मी बताती है कि वह चाहती थी कि बिना किसी ट्ययूशन के अच्छे अंक हांसिल किये जाए और इसमें वह सफल हुई है।

उसके माता पिता बताते हैं कि घर में टीवी होने के बावजूद पूरा परिवार ही लगभग टीवी से दूरी बनाये रहा लेकिन लक्ष्मी ने मोबाइल का इस्तेमाल फालतू वक्त जाया नहीं करने की जगह सिर्फ पढाई व ज्ञानार्जन के लिये किया।



## International Mud Month

We sit each day in cubicles and under flickering lights, staring at screens that shimmer with a digital world, and every day we lose ourselves a little bit to the cold light of electron pathways. Children dive into games, experiencing narratives created by dreamers of other worlds, without ever learning to open their minds and find the narrative within themselves. International Mud Month was created to remind us that outside, away from the geometrical perfection of man's world, lay the organized chaos of Mother Nature's realm, and the importance of maintaining our connection to it.

#INSIGHT

# The Ancient Roots of Psychotherapy

Psychotherapy has been described as the oldest branch of medicine



Our medical ancestors sought to heal the mind long before they could treat diseases of the brain. Magicians and priests tended the sick through suggestion, therapeutic bond, and tincture of time, not by science. This has changed.

During the last century and a half, our progress in understanding and treating mental suffering has been remarkable by any standard, drawing importantly upon lessons from the asylum, advances in psychology and the science of the brain, and what had been learned by doctors and nurses who treated shell shock during the First World War.

Psychotherapy has been described as the oldest branch of medicine, with roots in religion and magic that can be seen in the healing rituals practiced in Greek temples, on the Homeric battlefields, and in the consulting room of Freud. In earliest times, as in our own, the priests and doctors of antiquity drew upon potions, listening and words of consolation, suggestive power, and pragmatic counsel.

More than four thousand years ago, Egyptians built sleep temples that served as sanctuaries for worship and for the relief of suffering. Temple priests and doctors induced trancelike states in their supplicants, interpreted their dreams, and advised the most auspicious paths through life.

Music, painting, and walking in nature were prescribed to calm the anxious and console the grieving. Egyptian doctors, and after them the Greeks, studied their patients as well as healing them. They detailed the symptoms and course of brain fevers, mania, melancholy, and other mental disorders. Against a background of myth and magic, they laid down rudimentary elements of medical psychology and psychiatry.

Centuries later, similar techniques were practiced by the followers of Asclepius, the Greek god of medicine and healing. They too healed the sick with herbs and words, suggestion, and dream analysis; as they did, they practiced a recognizable form of psychotherapy. Suggestion and place were critical to their work.

The Sanctuary of Asclepius at Epidaurus, built in the fourth century B.C., was in every way designed for healing. It was set among the hills and trees, away from the interferences of the world. It defined arcadia. It was beautiful and restful; the air was pure, the diet simple; there were fresh springs in which to bathe, and a theater and library for arts and learning.

Thousands of years later, doctors and nurses who treated shell-shocked patients in World War one confronted terrible psychological suffering and brought to its easing as much as they could usefully glean from both ancient remedy and modern medical knowledge.

The war taught about the unconscious mind in a way that nothing else could. It also taught that psychotherapy saved lives. After the war, psychotherapy became a part of what doctors had to offer patients.

Psychoanalysis and electroconvulsive therapy came into their own in the early twentieth century; in the years following the Second World War, lithium, antidepressant, antipsychotic, and anticonvulsant medications were found to be effective for many individuals with previously untreatable mental illnesses.

New treatments continue to be discovered-mood stabilizers and antidepressants for mood disorders, medications for anxiety disorders and schizophrenia, structured psychotherapies, brain stimulation techniques, ketamine, psilocybin, virtual reality therapies, and others-remedies that have helped millions.

Less beneficial, however, has been the concurrent decrease in the time given over to psychotherapy. This in part is due to the presumption that medication alone is necessary; to the expense of psychotherapy and relative lack of reimbursibility by insurance companies; and to the time and effort involved.

Certainly, medication and other non?psychotherapeutic treatments have profoundly changed the lives of those with mental illness. They have ameliorated suffering, made meaningful work possible, and allowed damaged relationships to mend and grow.

For many, medication does these things more quickly, better, and less expensively than psychotherapy. Medication often falls short of actually healing the mind, however. Many patients, their suffering improved by medical treatment, remain raw and fragile.

They cling close to shore, avoid risk, and fear returning to the fray of life. They do not expand the territory of their beliefs or curiosities, nor do they learn as much as they might from what they have been through.

But for those who receive it, psychotherapy is an irreplaceable part of a greater renewal; it marks the channel home. Psychotherapy is an ancient and deeply human part of healing; for cause, it has been called the oldest branch of medicine.



# From wrestling to singing...

## The transformation of Probodh Chandra Dey to Manna Dey



It has been a decade since the legendary singer Manna Dey passed away yet his songs still have the power to take the listener on a journey of their own. The well-known singer Mohammad Rafi who once told the journalists: "You listen to my songs. I listen to Manna Dey songs only." Such was the magic of Manna Dey.

Dr. Shoma A. Chatterji
*Film scholar journalist & author*

Once upon a time, a robust boy learnt wrestling and boxing and loved to fly kites. He loved team sports like football and cricket. His father wanted him to follow the family tradition of law. Over time, that young boy grew up to become one of the most versatile and long-standing singers in the country. Born on May 1, 1919 in Kolkata originally christened Probodh Chandra De, he became famous as Manna Dey and went on to win the biggest award - the Dadasaheb Phalke in 2009.

With almost six decades dedicated to music, the Phalke Award should have come long ago. The versatility and range of his repertoire of around 3500 Hindi songs and 2500 Bengali songs will remain archived in the history of music. His stock of private recordings is also remarkable in terms of quality, the rich texture of his voice, and in terms of their archival value. He remained modest and was always generous in showering praise on younger peers like Mohammed Rafi, Kishore Kumar and Lata Mangeshkar.

### Music Vs Law

As a young boy, Manna Dey was skilled in two traditional arts of combat - boxing and wrestling. He was very good in football and cricket too and remained a diehard fan of both games till the end. He was also fond of flying kites so when his uncle, the late Krishna Chandra Dey (1893-1962), asked him to practice music, his attitude to his riyaazwas casual, like most young boys. "After my graduation, I had two choices, one was to pursue law, a profession my father wanted me to, the other was music, something my uncle, his brother, urged me to. Much against my father's wishes, I chose the latter and I cannot forget my uncle's contribution to my music ever," said Manna-da. His mother backed him all the way. He would come to Kolkata often from his base in Bengaluru to live in the old ancestral home at 9 Madan Dutta Lane. The house stands between Hedua and Central Avenue near Simla Street in north Kolkata.

### The Uncle's Effect

Manna De stood first for three consecutive years in three different categories of inter-collegiate singing competitions. "I owe whatever I have achieved as a singer to my uncle. He not only coached me in music and was my friend, philosopher and guide, but he also saw that I kept the company of people who would not distract me from music. He was strict but he never used harsh punishment," Manna-da would recall.

**He remained modest and was always generous in showering praise on younger peers like Mohammed Rafi, Kishore Kumar and Lata Mangeshkar.**



### The Train to Tinsel Town

One day, uncle Krishna Chandra Dey asked Manna-da to attend the shooting of a film to find out how a film song is shot, how music for a song to be picturised on screen is composed and why, how the playback singer should express the emotions of the actor on screen with his voice, soft for romantic numbers, bass for robust songs, thick for chorus numbers and so on.

The two took a train to Mumbai and Manna-da joined Laxmi Productions, which later became Filmstan, as assistant music director for five years under S.D. Burman, already an established music director. He wanted to become a full-fledged music director. But this did not stop him from regular training and riyaaz under Ustad Aman Ali Khan and Ustad Abdul Rahman Khan. He lived in a tiny Matunga flat close to where Prithvi Raj Kapoor lived with his family.

In 1943, he got his first break to sing a duet with a very young Suraiya in Tamanna. The song was an instant hit. Mashaal (1950) was the second film where Manna Dey sang Upar gagan vishal composed by S.D. Burman. In 1952, he sang for a Bengali and a Marathi film of the same name and storyline - Amar Bhupali, and established himself as a Bengali playback singer.

### Melody is the King

"My late uncle would insist that melody is the only language a singer needs to gain command over. The language in which one sings is not important. The language of any song is just the language of music so you must never confine yourself within Bengali even if it your own language. He taught me that variety is the spice of life. So, I have sung in different tongues, in different styles, different voices and have sung different kinds of songs," he informed. His repertoire includes songs sung in Gujarati, Marathi and even Bhojpuri. Trained in Hindustani classical music, Manna Dey had made versatility his trademark. He would fluidly switch over from complex classical-based numbers to quawwalis and ghazals to bhajans and light numbers.

### Musical Infusions

"I am perhaps the only singer to insist on rehearsals before recordings. I am particular about the text of the song; never mind what it is about. To sing in Hindustani or in Urdu was a challenge because I was a Bengali born and brought up in Kolkata. The music of a song expresses the emotion and the mood of the lyrics. My work as a singer was to bring alive the words the lyricist had composed." he detailed. Some of the more memorable films he sung for are Awara, Do Bigha Zamin, Mera Naam Joker, Bobby, Waqt, Zanjeer, Padosan and Sholay.

### Kishore's Lunch

The Chatura Naar song in Padosan, Manna Dey said, took 12 hours to record. He recalled, "Pancham (R.D. Burman) called me to tell me that the song was ready and that I should go to his house. I went only to discover that Kishore who was to sing with me, was missing. When I asked Pancham where Kishore was, someone said that there was a call for me. It was Kishore. When I asked him why he had not come, he said, "I am waiting for you. My mother is waiting for you, talk to her'. His mother said, 'Manna, how are you baba? You have not come to our house for a long time. Why don't you come? I have made luchi and aaloordum for you and rosogullas too. Come'. We went from Pancham's house to Kishore's house. We rehearsed the song for six hours, made it and broke it many times. The way the song turned out was mind boggling. Before we went for recording, we did not know it would turn out to be so hilarious. But it did because of Kishore."

#MELODIESOFLIFE

Manna Dey was perhaps the most versatile singer during his time in the country. He recorded a legendary duet with classicist Pandit Bhimsen Joshi-- Ketaki Gulab Juhi. He also sang completely different genres of duet songs with Kishore Kumar such as Yeh Dosti Hum Nehi Torenge (Sholay) and Ek Chatur Naar (Padosan).

He says that when Shankar (Shankar-Jaikishen) asked him to sing with Pandit Bhimsen Joshi, he was terrified and wanted to run away from Mumbai till they found a replacement for him. But his wife, Sulochana derided him for his cowardice and he had to give up the idea of running away! The rest, as the cliché saying goes, is history.

As a young journalist, I met Manna Dey a few times backstage where he was performing solo with other female singer. He was known to be moody and unpredictable-sometimes warm and welcoming and sometimes rude and angry. Naturally, as a young cub writer, I was a bit afraid of approaching him. Once, I went backstage to fix up an interview with his co-singer Kavita Krishnamurthy who had just won the National Award for the best female singer of the previous year. She was very warm but he was not. He said intrusions during breaks adversely affected the focus and concentration of the singers. I realized he was right and beat a hasty retreat. However, despite being moody and unapproachable at times, he is known for the boost he gave to much younger singers who were struggling to test the waters in films and public performances.

Though he sang in many languages, his love for Bengali comes across vividly from the great hits he delivered in Bangla, which are still loved by people even today. He counted the late Pulak Bandopadhyay, the famous lyricist among his closest friends. When Pulak committed suicide, De was completely broken. A few among his hit songs for Bengali films and even private records are - Ami Sri Sri Bhajohori Manna, laal neelshobujer, mushkilaashaan, Lalita, and the evergreen number Coffee House er shei adda-ta aajaarnei, aajaarnei.

Manna-da pioneered a new genre in Indian music where he infused Indian classical music within a pop music framework. While you come across clones of other legendary singers in the present day world of vocal music, Manna Dey remained as original and incomparable through the years. When he was 84 and as fit as a fiddle, Manna Dey sang for four hours to raise funds for the Robin Raina Foundation in Atlanta, USA, a charity to aid under privileged children worldwide, because he deeply believed in the cause.

When asked why he cut down on his singing assignments towards the end, he sadly said, "I am thoroughly disillusioned with the lyrics today. Whatever is happening in the field of music is very unhealthy. Thanks to music videos, anyone and ever one can become a singer. When there are songs like Main to seeti baja raha tha, bhelpuri kha raha tha, tujhe mirchi lagi to main kya karoon, what do you expect?"

Manna Dey captivated music lovers across generations with timeless renditions Lapaka Jhapaka Tu Aarey Bhadharwa, Sur Na Saje, Kya Gaaoon Main, Laaga Chunari Mein Daag, Pyar Hua Iqraar Hua Hai, Tu Pyar Ka Saagar Hai, Puccho Naa Kaise Maine Rain Bithaye, Naa Toh Kaarvan Ki Talaash Hai and Aao Twist Karein. Alas! They do not make men like him anymore.

*rajeshsharma1049@gmail.com*



Manna Dey with Kishore Kumar.






Manna Dey with Mohammad Rafi.



Manna Dey with Raj Kapoor.



Manna Dey with wife and daughters.



Manna Dey recieving the prestigious Dadasaheb Phalke Award from the former Indian President Pratibha Patil.



Manna Dey, Mukesh, Mohammed Rafi and Lata Mangeshkar.

#CLIMATE CHANGE

# Bumble Bees Carrying Pollen



Whether it's carrying smaller loads of pollen or foraging for shorter times, it could result in less pollen coming to the colony and fewer plants being pollinated.

Carrying pollen is a workout that significantly increases the body temperature of bumble bees, a new study shows.

This new understanding of active bumble bee body temperatures raises questions about how a warmer world due to climate change will affect these species.

Spend a bit of time at a nearby flower patch and you will spot a fuzzy bumble bee with yellow bumps on her back legs. These yellow bumps are solid packets of pollen that have been carefully collected during the bees foraging trip for transport back to their nests. And while bees may seem to move from flower to flower with ease, these pollen packets can weigh up to a third of their body weight.

The new study found that-after accounting for environmental temperature and body size-the body temperature of bumble bees carrying pollen was significantly hotter than the temperature of bees that were empty-legged.

Specifically, bee body temperatures rose 0.07°C for every milligram of pollen that they carried, with fully laden bees being 2°C warmer than unladen bees.

Like ants and other ectotherms, the body temperature of a bumble bee is mostly determined by the environment. Among bees, bumble bees are exceptionally cold tolerant and will shiver to warm up during cold days.

However, not much is known about how they can tolerate heat. Since pollen-laden bumble bees are hotter than unladen ones, this could mean that carrying a full load of pollen on a hot day puts bees at greater risk of reaching the potentially lethal end of their temperature tolerance.

"Getting warmer from carrying pollen could put bumble bees in the range of those stressful, critically hot temperatures," says Malia Naumchik, a former applied ecology minor undergraduate at North Carolina State University and lead author of the study in Biology Letters.

"This has important implications for bumble bees and climate change. As environmental temperatures increase, the bees' operational range of temperatures could shrink significantly."

Bumble bee numbers and species diversity is on the decline across the world, particularly in areas that are warming up due to climate change. But the exact mechanics of how climate change is affecting bumble bees are not yet fully understood. This finding could be one piece of that puzzle.

Pollen is crucial for every stage of a bumble bee's life history. Newly emerged queens in the spring need to feed themselves and then feed their sister workers. Those workers then take over feeding the colony, larvae, and future queens. Without pollen, or enough pollen, colonies will not thrive-risking future colonies and the species as a whole. This may also have implications for pollination in general, and could affect agriculture and ecosystems alike.

"We need to know how bumble bees may change their behaviour, to better understand how this could affect how much pollen they collect and how much pollination they perform during hot days," says Elsa Youngsteadt, a professor in applied ecology and supervisor of Malia's research.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# मानसून से पहले की बारिश भी नहीं झेल पाई सड़क, ग्रामीणों में रोष

## सूरतगढ़ के भागवानसर में घटिया निर्माण सामग्री से सड़क बनाने का आरोप

**सूरतगढ़, (निसं)।** उपखंड के गांव भगवानसर में एक महीने पहले बनी इंटरलॉकिंग सड़क और नवनिर्मित सिंचाई खाले का मानसून से पहले की बरसात में ही घोर लापरवाही और घटिया निर्माण सामग्री के चलते जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गई। इस सड़क का हाल यह था की देर रात्रि को हुई बरसात की वजह से अनेकों जगह पर गड्ढे नजर आए। वहीं तूफानी बारिश के कारण नवनिर्मित सिंचाई पानी का खाला भी क्षतिग्रस्त हो गया।

गांव के लोगों का कहना है कि एक महीने पहले ही 9.60 रूपये लाख की लागत से भगवानसर में इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण करवाया गया था। इसका निर्माण भगवानसर गांव की ही पूर्व दिशा की फिरनी में राजेंद्र सिंह के घर से गुरजंट सिंह के घर की ओर योजना एसएफसी-5 में निर्माण करवाया गया था। इस इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण ग्रामीणों के चलने की सुविधा के लिए किया गया था।

साथ ही किसानों के लिए सिंचाई पानी हेतु भी खाले का निर्माण किया गया था। लेकिन ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में घटिया सामग्री और लापरवाही के चलते इंटरलॉकिंग सड़क के साथ-साथ खाला भी बारिश के पानी में बह गया। ग्रामीणों ने बताया कि जब सड़क निर्माण कार्य चल रहा था उस समय भी उन्होंने सड़क ठेकेदार को मिट्टी जमाने के लिए कहा था। लेकिन ठेकेदार ने लापरवाही से निर्माण कार्य जारी रखा। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि मिस्त्री की जगह मजदूरों से ही निर्माण कार्य करवाया गया था। जिसका परिणाम आज इस इंटरलॉकिंग सड़क पर सामने आ गया। सड़क के आसपास घरों में रहने वाले ग्रामीणों ने बताया कि मानसून पूर्व की बरसात में ही सड़क धंसने के कारण आवागमन भी बाधित हो गया है।

- **लोगों का कहना है कि एक महीने पहले ही 9.60 रूपये लाख की लागत से भगवानसर में इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण करवाया गया था**

कुछ ऐसी ही हालत उपखंड के गांव 7 एसजीएम में नजर आई जहां 2 माह पहले बनी इंटरलॉकिंग सड़क भी घटिया निर्माण सामग्री के कारण पानी में बह गई। यहां भी ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण जयदीप लिंबा, मनदीप सिंह, विनोद शर्मा ने कहा कि कार्य में लापरवाही बरती गई है। स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि कार्य में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। जिस कारण किसानों और ग्रामीणों को अब परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हरीकृष्ण सिहाग, एईएन, पंचायत समिति, सूरतगढ़ का कहना है कि मामला ध्यान में आया है। बरसात के कारण सड़कें धंस गई हैं। जेईएन को भेजकर मूल्यांकन करवाते हुए पंचायत सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी को जल्द सही करवाने के निर्देश दिए हैं।

# मालपुरा पथराव के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

## गुर्जर मौहल्ले में 23 अप्रेल को उपद्रवियों द्वारा मकानों पर किये गये पथराव का मामला

**मालपुरा, (निसं)।** शहर के पुरानी तहसील गुर्जर मौहल्ले में 23 अप्रेल की शाम उपद्रवियों द्वारा गुर्जर समाज के मकानों पर किये गये पथराव मामले में मालपुरा थाना पुलिस टीम ने जरिए मुखबीर की सूचना पर सोमवार को एक और आरोपी को गांधी पार्क से गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी भूराराम खिलेरी ने बताया कि 23 अप्रेल की शाम तकरीबन 4 बजे तेज रफ्तार में बाइक दौड़ाने का उलाहना देने पर शरारती तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर एक धार्मिक स्थल को नुकसान पहुंचाने की झूठी सूचना वायरल कर लोगों को उकसाह बड़ी संख्या में भीड़ के साथ गुर्जर मौहल्ले में उपद्रवियों द्वारा जमकर पथराव करते हुए घरों में घुसकर जानलेवा हमला व मारपीट की।



गिरफ्तार आरोपी सोहेल

जिसमें तकरीबन डेढ दर्जन से अधिक महिला-पुरूष घायल हो गये थे। पुलिस की कार्यवाही में पूर्व में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जो कि न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे हैं। सोमवार को मुखबीर की सूचना पर एक और आरोपी युवक सोहेल पुत्र आशिक अली घडीवाला निवासी गांधी पार्क को गिरफ्तार किया गया। वहीं थानाधिकारी ने बताया कि आपस में लडाई-झगडा कर शांतिभंग किये जाने के प्रयास में युवक राकेश पुत्र सूरजमल बैरवा निवासी अम्बापुरा व राजेश पुत्र मोहन लाल बैरवा निवासी कांटोली, मेवालाल पुत्र मोहन लाल बागरिया निवासी ईंटाखोई थाना दूदू व आफताब उर्फ फैशल खान नागोरी निवासी पुरानी तहसील नागोरी मौहल्ला को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

# दसवीं बोर्ड के रिजल्ट में 11 बच्चों में से 10 फेल

## यह बात जब बच्चों के अभिभावकों व गांव वालों को पता चली तो स्कूल गेट पर ताला लगाया



किशनगढ़ बास के गांव न्याणा के राजकीय प्रवेशिका संस्कृत स्कूल में जांच करते अधिकारी।

- **किशनगढ़ बास के न्याणा गांव के राजकीय प्रवेशिका संस्कृत स्कूल का मामला**
- **2021 में सरकार ने स्कूल को क्रमोन्नत किया, फिर भी आज तक विभाग ने शिक्षक नहीं लगाए**
- **शिक्षा विभाग में मचा है हड़कंप, जयपुर से जांच के लिए पहुंचा अधिकारियों का दल**
- **स्कूल में 150 छात्र संख्या है और पढ़ाने वाले प्रधानाध्यापक सहित कुल 6 टीचर हैं**

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** गांव के स्कूल में जब पढ़ाने वाले टीचर ही नहीं होंगे तो बोर्ड के एग्जाम में बच्चे फेल नहीं होंगे तो क्या पास होंगे। जब 2021 में सरकार ने स्कूल को क्रमोन्नत कर दिया तो फिर शिक्षक आज तक विभाग ने क्यों नहीं लगाए। अब सवाल यह नहीं है कि बच्चे फेल हो गए बात यह है कि बच्चों के भविष्य के साथ जो खिलवाड़ किया गया है, क्या उसके लिए केवल स्कूल में कार्यरत शिक्षक और प्रधानाध्यापक दोषी हैं? दो दिन पहले दसवीं बोर्ड के रिजल्ट घोषित होने पर उपखंड के न्याणा गांव के राजकीय प्रवेशिका संस्कृत स्कूल में कक्षा 10 में पढ़ने वाले 11 बच्चों में 10 बच्चे फेल हो गए व एक सप्लीमेंट्री आने की बात जब बच्चों के अभिभावकों के साथ गांव वालों को पता चली तो खबर शिक्षा विभाग से लेकर सरकार तक पहुंच गई। गांव वालों ने गुस्से में आकर स्कूल गेट पर ताला लगा दिया गया।

जयपुर संभागीय शिक्षा अधिकारी गोपाल दास जाट व वरिष्ठ उपनिरीक्षक संस्कृत शिक्षा संभाग जयपुर भूपेंद्र पारीक स्कूल में जांच के लिए पहुंचे तो गांव वालों ने स्कूल गेट का ताला खोला और मौजूद शिक्षकों व गांव वालों से जानकारी ली और जांच कर स्कूल का रिकॉर्ड साथ में ले गए। इस दौरान मेवात सदर शेर मोहम्मद सहित गांव के लोगों ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया और पूरे स्टाफ को बदलने की मांग रखी। स्कूल में 150 छात्र संख्या है और पढ़ाने वाले प्रधानाध्यापक सहित कुल 6 टीचर हैं।

जयपुर संभागीय शिक्षा अधिकारी गोपाल दास जाट ने बताया कि गांव न्याणा के संस्कृत स्कूल के 10 वीं क्लास का रिजल्ट जीरो आने पर स्कूल के 10 वीं बोर्ड का रिकॉर्ड की जांच की गई रिकॉर्ड में खामियां मिली है। खामियां नोट कर ली 10 वीं बोर्ड का रिकॉर्ड भी साथ लेकर आए हैं। जयपुर पहुंचकर डायरेक्टर को रिपोर्ट करेंगे कारवाई शीघ्र ही अमल में लाई जाएगी। स्कूल के प्रधानाध्यापक कैलाश चंद गुप्ता ने बताया कि सूचना मिली कि शिक्षा विभाग के अधिकारी जांच के लिए आ रहे हैं तो हम स्कूल पहुंचे थे। शिक्षा अधिकारी पहुंचे जब तक ऑनलाइन कार्य करना चाह रहे थे कि ग्रामीणों ने विरोध किया और स्कूल के गेट को ताला लगा दिया। हमारे पूरे स्टाफ को बाहर निकाल दिया और जब तक ताला लगाए रखा जब तक की अधिकारी पहुंचे नहीं। अधिकारियों ने समझाइश की ओर ताला खुलवाया।

# नशा तस्करी के पैसे से बने मकान को किया ध्वस्त

## हिस्ट्रीशीटर उषा छजगरिया के मकान को प्रशासन और पुलिस टीम ने जेसीबी से ध्वस्त किया

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** नशा तस्करी और उसकी खरीद-फरोख्त करने वाले अपराधियों के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस ने सोमवार को सख्त कार्रवाई की। कार्रवाई के तहत नशा तस्करी से जुड़ी, हिस्ट्रीशीटर उषा छजगरिया के मकान को जिला प्रशासन और पुलिस टीम ने जेसीबी से ध्वस्त कर दिया।

जिला कलक्टर सौरभ स्वामी ने बताया कि नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस टीम की ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आज हुई कार्रवाई के तहत नशे के कारोबार से जुड़ी, हिस्ट्रीशीटर उषा छजगरिया के मकान को जिला प्रशासन और पुलिस टीम ने जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन व जिला पुलिस प्रशासन के संयुक्त अभियान "ऑपरेशन सीमा" (कंबाइंड मिशन अगेंस्ट एडिक्शन ड्रग्स एंड अवेयरनेस) के तहत जहां एक ओर सीमावर्ती क्षेत्रों में निरंतर अभियान चलाकर आमजन और युवाओं को जागरूक किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर नशे के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस टीम सख्त कार्रवाई भी कर रहा है।



श्रीगंगानगर में नशा तस्करी से जुड़ी हिस्ट्रीशीटर उषा छजगरिया के मकान को जिला प्रशासन और पुलिस टीम ने जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

जिला पुलिस अधीक्षक परिस देशमुख ने बताया कि उषा छजगरिया पुलिस थाना जवाहरनगर की हिस्ट्रीशीटर है। उसके विरूद्ध 11 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें से 3 प्रकरण एनडीपीएस एक्ट के हैं। हिस्ट्रशीटर उषा छजगरिया का पूरा परिवार लम्बे समय से नशे की तस्करी में लिप्त है। उषा के पति चरणजीत के विरूद्ध भी 5 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें हत्या जैसे जघन्य अपराध शामिल हैं। उषा की बड़ी बेटी चंदा के विरूद्ध 2 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण भी है। उषा की सगी बहिन बिंदिया छजगरिया के विरूद्ध 7 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें से 3 प्रकरण एनडीपीएस एक्ट के हैं।

उन्होंने बताया कि उषा छजगरिया द्वारा बनाया गया दो मंजिला आलिशान मकान अतिक्रमण से निर्मित है। जिला कलक्टर सौरभ स्वामी के आदेशानुसार एसडीएम मनोज मीणा, एवं नगर परिषद आयुक्त कपिल यादव की टीम बनाकर इसके संबंध में जांच कर विधिक कार्यवाही की गई। विधिक कार्यवाही के पश्चात नियमानुसार 5 जून को एसडीएम मनोज मीणा के नेतृत्व में समस्त पुलिस बल जिनमें वृत्ताधिकारी शहर थानाधिकारी जवाहरनगर, पुरानी आबादी, कोतवाली व पुलिस लाईन से अतिरिक्त पुलिस बल द्वारा उक्त अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई में जवाहर नगर थानाधिकारी पुलिस चौकी मीरा चौक स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही। उन्होंने बताया कि भविष्य में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त आदतन अपराधियों की संपत्ति के विरूद्ध ऐसी ही कार्यवाही की जाएगी।

# हत्या एवं सबूत मिटाने के आरोपी को आजीवन कारावास

**रावतसर, ( निसं )।** हत्या एवं सबूत मिटाने के प्रकरण में स्थानीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र चौधरी ने आरोपी राजाराम उर्फ राजू पुत्र लीलूराम निवासी धन्नासर, रावतसर को आजीवन कारावास एवं 1.50 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना जमा ना कराने पर आरोपी को 9 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतने के आदेश दिए हैं। प्रकरण के अनुसार पुलिस थाना खुइयां में 25 सितंबर 2020 को परिवादी सुभाष ने मुकदमा दर्ज करवाया कि उसके पिता लीलूराम 6 सितंबर को सुबह 9 बजे अपनी बहन से मिलने शेरपुरा (महाजन) गए थे। अगले दिन 11 बजे वापस पलू आ गए थे लेकिन इसके बाद उनकी मौजूदगी का कोई पता नहीं चला।

आस-पास व रिश्तेदारी में भी नहीं मिले। इस पर 14 सितंबर को गुमशुदगी दर्ज कराई। गांव के राजीराम बाना ने अंतिम बार उन्हें पलू में देखा था। पता चला कि मेरे भाई के साले राजाराम ने रंजिशवश उसके पिता की हत्या कर शव कहीं डाल दिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने पर आरोपी को गिरफ्तार कर बाद अनुसंधान आरोपी के खिलाफ न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से न्यायालय में 20 गवाहों को परीक्षित करवाया गया तथा 56 दस्तावेज प्रदर्शित करवाए गए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद एडीजे राजेंद्र चौधरी ने बचाव पक्ष की दलीलों को अस्वीकार करते हुए आरोपी को भादंसं की धारा 302 में आजीवन कठोर कारावास एवं एक लाख रुपए जुर्माना की सजा तथा धारा 201 के तहत 5 साल के कठोर कारावास व 50 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई।

# दबिश देकर 27 जनों को पकड़ा

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में फरार चल रहे आरोपियों को पकड़ने के लिए ग्रामीण पुलिस अभियान शिकंजा चला रही है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 27 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें आर्म्स एक्ट की कार्रवाई भी शामिल है। जबकि 8 स्थायी वारंटी को भी गिरफ्तार किया गया है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए ऑपरेशन शिकंजा के तहत यह कार्रवाई की गई। कुल 41 टीमें बनाकर आरोपियों के संभावित 246 ठिकानों पर दबिश दी गई।इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्र की टीम ने कार्रवाई करते हुए 8 स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया। ऑपरेशन गार्जियन के तहत दो कार्रवाई की गई। कार्रवाई में 8 फरार आरोपी को पकड़ा गया।

# डोडा-पोस्त के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हनुमानगढ़, ( निसं )।** जिले की रावतसर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक डोडा पोस्त तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 20 किलो डोडा पोस्त और एक कार जब्त की है। उप निरीक्षक ईमीचंद के नेतृत्व में रावतसर से 12 केडब्लूयूडी जाने वाली सड़क पर चक दो एपीएम के पास पुलिस ने नाकाबंदी कर रखी थी। उसी दौरान एक कार 12 केडब्लूयूडी की ओर से आई और पुलिस नाकाबंदी को देखकर कार ड्राइवर ने कार को भगाने का प्रयास किया। करीब 100 मीटर आगे कार को रुकवा कर तलाशी ली तो कार से 2 थैलों में 20 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ।

पुलिस ने कार ड्राइवर का नाम पूछा तो उसने अपना नाम प्रभु राम पुत्र लेख राम मेघवाल निवासी वार्ड नंबर 36 रावतसर बताया। पूछताछ के दौरान आरोपी प्रभु राम ने बताया कि वह 15 साल से डोडा पोस्त का नशा करता है। पहले पोस्त मिलना बंद हो गया तो उसने मेडिकल नशा करना शुरू कर दिया। कुछ महीने पहले टिब्बी निवासी रफीक से 4 किलो डोडा पोस्ट खरीदा था। जिसमे वह पकड़ा गया और उसके खिलाफ मामला दर्ज हुआ और अभी वह जमानत पर है। जमानत पर और पत्नी के पेट के ऑपरेशन होने के कारण उस पर काफी रुपया खर्च हो गया। इस कारण उसने राजू पुत्र जयदेव सुथार निवासी वार्ड नंबर 31 रावतसर से संपर्क किया। राजू भाप जोधपुर से डोडा पोस्त लेकर आता है। 20- 25 दिन पहले उसने राजू सुथार से 25 किलो डोडा पोस्त खरीदा था।

# पानी की टंकी पर चढ़े दो युवक

**हनुमानगढ़, (कासं)।** जिले के टिब्बी क्षेत्र के मेहरवाला गांव में करीब 2 महीने पहले कथित लव जिहाद मामले में कार्रवाई नहीं होने से खफा युवती का भाई और भतीजा गांव में बनी पानी की टंकी पर चढ़ गए।

मामले को लेकर मसीतांवाली चौकी के सामने एक सप्ताह से ग्रामीणों और हिंदू संगठनों का बेमियादी धरना चल रहा है। मामले में कोई कार्रवाई नहीं होने पर लड़की की मां ने नहर में कूदकर सुसाइड करने की कोशिश की थी, लेकिन लोगों ने उसको बचा लिया। इस दौरान बीच लड़की का भाई और भतीजा पानी की टंकी पर चढ़ गए। ग्रामीणों ने टंकी पर चढ़े दोनों लोगों को समझाया, लेकिन वो नहीं माने। विहीप नेता आशीष पारीक ने पुलिस पर युवती को बरामद करने की कोशिश नहीं करने का आरोप भी लगाया।

सूचना मिलने पर संगरिया सीओ प्रतीक मील, तहसीलदार हरीश कुमार टाक, तलवाड़ा झील थानाधिकारी लाल बहादुर चंद्र, टिब्बी थानाधिकारी रविंद्र नरुका, तलवाड़ा नायब तहसीलदार विनोद कड़वासरा भी मौके पर पहुंचे और टंकी पर चढ़े दोनों लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन सहमति नहीं बन पाई। उन्होंने कहा कि जब तक एसपी या एएसपी मौके पर आकर उनके वार्ता नहीं करते हैं, वो टंकी से नहीं उतरने वाले। उनकी मांगों को मानने पर टंकी से उतरेंगे।

इस अवसर पर धरना स्थल पर विश्व हिन्दू परिषद प्रांत संयोजक आशीष पारीक, कुलदीप नरूका, रजत राव, सुरेंद्र बिश्नोई, विनोद बिश्नोई, लवली कंबोज, भगवाना राम बाजीगर, ओमप्रकाश सहारण, विनोद बुडानिया, विपिन गोदारा, पूर्ण राम बामणिया, सुनील घोटिया, श्याम लाल, इबराम, वार्ड पंच जितेन्द्र, मैनपाल लुहार, हरवंश सिंह मेहरड़ा, मुकेश पोटलिया आदि मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल, 2023 को एक जाति विशेष का लड़का मेहरवाला गांव से एक युवती को बहला-फुसलाकर कर ले गया। इस संबंध में तलवाड़ा झील थाने में गुमशुदगी भी दर्ज करवाई गई थी। इसी मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर टिब्बी एसडीएम ऑफिस के सामने 10 अप्रैल को हिन्दू संगठनों और ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया। 16 अप्रैल को मेहरवाला गांव में पंचायत की गई। 27 अप्रैल को एसपी ऑफिस के सामने धरना-प्रदर्शन किया और 5 मई को मसीतांवाली वाली चौराहे पर चक्का जाम प्रदर्शन किया। अब 29 मई से मसीतांवाली हैड चौकी के सामने बेमियादी धरना चल रहा है। ग्रामीणों व हिंदू संगठनों का आरोप है कि मामले में इतने दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

# 15 आरोपी गिरफ्तार

**सूरतगढ़, (निसं)।** सिटी थाना पुलिस ने रविवार को विभिन्न जगहों पर छापेमारी करते हुए 3 ग्राम स्मैक, 40 हजार रुपए की नगदी के साथ 26 किलो पोस्त और एक कार तथा धारदार हथियार जब्त करते हुए कई लोगों को गिरफ्तार किया। दिनभर की गई इन कार्रवाईयों के संबंध में रविवार देर शाम को ब्रीफ करते हुए सिटी थाना अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि एसपी के निर्देश पर पुलिस टीमों ने सूरतगढ़ भोजेवाला लिंक रोड, सूरतगढ़ बीकानेर नेशनल हाईवे संख्या 62 पर पीपेरन होटल, सूर्योदयनगरी इलाके और वार्ड नंबर 5 में दबिश दी। इस दौरान पुलिस टीम ने वार्ड नंबर 4 निवासी विकास उर्फ राहुल पुत्र मदन सिंह को 3 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

इसी तरह पुलिस ने पीपेरन निवासी रामप्रताप पुत्र कृष्णलाल को डाकिडा डेर के समीप धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार कर उस पर आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया है। वहीं, पुलिस की अन्य टीमों ने सूरतगढ़ भोजेवाला लिंक रोड पर पीपेरन रेलवे स्टेशन के समीप कार से 26 किलो पोस्त के साथ पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मादक पदार्थों की बिक्री के 40 हजार रुपए बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम जेठाराम पुत्र मनफूल और सुनील पुत्र जेठाराम निवासी वार्ड नंबर 7 सूरतगढ़ का निवासी होना बताया। इस पर उन्हें एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों से तस्करी में प्रयुक्त कार भी जब्त कर ली।

# प्रागपुरा पी.एच.सी. में आठ महिनों से संसाधनों और स्टाफ का टोटा

## गांवों में स्थित इन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सुध लेने वाला कोई नहीं

**पावटा, (निसं)।** सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलकर ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार की सुविधा मुहैया कराने का दावा भले ही करे, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में जनस्वास्थ्य सेवाओं के लिए मुहैया कराई गई सुविधाएं पंगु दिखाई दे रही हैं।

प्रागपुरा पीएचसी में आठ महिनों से लगातार संसाधनों और स्टाफ का टोटा चल रहा है। पीएचसी के अंतर्गत लगभग 15 हजार से अधिक लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं का भार है। लेकिन पीएचसी में चिकित्सक पद रिक्त हैं व तीन नर्सिंग स्टाफ, चार एएनएम, एक एलटी, एक फार्मासिस्ट के भरोसे चल रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पी.एच.सी.) पर चिकित्सक नहीं होने से लोगों को हर दिन निराश होना पड़ रहा है। गांवों में स्थित इन अस्पतालों की सुध लेने वाला कोई नहीं। जिसे लेकर प्रागपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त अव्यवस्थाओं के चलते ग्रामीणों का गुस्सा आखिर फूट पडा। गुस्साए ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया।



गुस्साए ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया।

- **स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त अव्यवस्थाओं के चलते ग्रामीणों का गुस्सा आखिर फूटा**
- **गुस्साए ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया**

प्रमोद शर्मा, राजेंद्र पारीक, मोतीराम स्वामी, मनोज सोनी, रूप सिंह शेखावत, राजू सैनी, मनोज बंसल, बजरंग शर्मा, अंकित सैन, रणजीत सिंह, मनीष पटवा, लीलाराम सैनी, ललित सैनी, गणेश सिंघल सहित ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले 8 माह से चिकित्सक का पद रिक्त चल रहा है। चिकित्सक के नहीं होने से स्थानीय ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में ग्रामीणों को निजी अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। जिम्मेदारों को कई बार अवगत कराने के बाद भी कोई समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रतिदिन यहां की ओपीडी 500 रहती थी लेकिन अब मात्र 150 रह गई है। छोटी मोटी बीमारी के लिए भी निजी अस्पतालों के चक्कर काट कर लोगों की जेब कट रही हैं।

## संक्षिप्त

### पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई

**निवाई,** (निसं)। राजकीय स्नातक महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम प्रभारी सुमन ने बताया कि प्राचार्य डॉ. उषा बागडी द्वारा पर्यावरण संरक्षक में युवाओं की भूमिका का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में ऊर्जा संरक्षण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता व पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमि का विषय पर निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर युवाओ को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डॉ. अजय कुमार मीणा, विकास वर्मा, मनसार मीना व कैलाश जांगिड सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### सांसद आज जनसुनवाई करेंगे

**निवाई,** (निसं)। सांसद सुखवीरसिंह जौनापुरिया मंगलवार को निवाई तहसील की पंचायतों का दौरा करके जन समस्याओं से रूबरू होंगे। बाबूलाल मण्डालिया ने बताया कि सांसद सुखवीरसिंह जौनापुरिया मंगलवार को सुबह 8 बजे ग्राम पंचायत दतवास, 10 बजे हिंगोनिया, 11 बजे तुर्कियाँ, 12 बजे करेडा बुजुर्ग, 1 बजे लुहारा पंचायत के गांव हरभांवता, 2 बजे गुन्सी, 3 बजे मूण्डिया, 4 बजे चैनपुरा में जनसुनवाई करेंगे। इस दौरान सांसद सुखवीरसिंह जौनापुरिया के साथ पंचायत समिति प्रधान रामअवतार लांगडी सहित कई अधिकारी एव भाजपा कार्यकर्ता शामिल होगें।

### मासिक पेंशन चालू की

**निवाई,** (निसं)। ग्राम पंचायत लुहारा में जय राजपूताना संघ के अनुषांगिक संगठन क्षत्राणी कल्प द्वारा दो विधवा क्षत्राणियों को एक-एक हजार मासिक विधवा पेंशन शुरू की गई। योजना के संयोजक हेमेन्द्रसिंह नगर ने बताया की क्षत्राणी कल्प योजना से लुहारा गांव में रह रहे दो परिवारों की पेंशन चालु की गई। योजना के प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया की क्षत्राणी कल्प योजना से आर्थिक रूप से कमजोर विधवा क्षत्राणीयों को योजना के अंतर्गत मासिक पेंशन, सिलाई मशीन, बच्चो की स्कूल फीस व पाठ्य सामग्री के रूप में परिवार की मदद की जाती है।

# जिला प्रभारी मंत्री ने महंगाई राहत कैंप का अवलोकन किया



ग्राम पंचायत बीडोली में आयोजित शिविर में प्रभारी मंत्री शाले मोहम्मद व विधाक प्रशांत बैरवा ने गारंटी कार्ड वितरित किये।

**निवाई,** (निसं)। अल्पसंख्यक मामलात एवं जिला प्रभारी मंत्री शाले मोहम्मद व विधाक प्रशांत बैरवा ने सोमवार को ग्राम पंचायत बिडोली में महंगाई राहत कैंप का अवलोकन करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने कैंप में उपस्थित लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि निवाई-पीपलू विधायक प्रशांत बैरवा ने क्षेत्र के विकास में

- **प्रवेशोत्सव कार्यकम के तहत बच्चों को टिफिन एवं पानी की बोतल दीं**

सराहनीय काम किया है। उन्होंने कहा कि देश में गरीब आदमी महंगाई से परेशान है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने घोषणा की थी कि उनकी सरकार बीपीएल एवं उज्ज्वला योजना के तहत सिलेंडर प्राप्त करने वाले 76 लाख परिवारों को 1 अप्रेल से केवल 500 रुपये में गैस सिलेंडर मुहैया कराएगी।

उहोंने कहा कि सरकार मुख्यमंत्री नि:शुल्क घरेलू बिजली योजना के तहत 100 यूनिट बिजली नि:शुल्क मुहैया करा रही है। उन्होंने कैंप में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित अन्नप्राशन एवं प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में छह महीने के बच्चों को पहली बार खिचडी खिलाई। प्रवेशोत्सव कार्यकम के तहत आंगनबाडी से स्कूल में दाखिला लेने वाले 3 साल के बच्चों को टिफिन एवं पानी की बोतल दीं। महिलाओं की गोद भरोई की रस्म अदा की, जिसमें उन्हें सुहाग का सामान दिया गया। कैंप में महिलाओं को राज्य सरकार की उडान योजना के तहत सेनेटरी नैपकिन का भी वितरण किया गया। विधायक प्रशांत बैरवा ने प्रभारी मंत्री को विधानसभा क्षेत्र में पेयजल के अभाव और रोडवेज बसों के निवाई में नहीं आकर बायबास से निकलने का मुद्दा उठाया। प्रभारी मंत्री ने इनके समाधान के लिए प्रयास करने का भरोसा दिलाया।

कैंप में निवाई के उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह, विकास अधिकारी रानू इंकिया, तहसील अजीतसिंह बुन्देला, ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार जैन, सेवाराम शर्मा, कांग्रेस शहर अध्यक्ष पारस पहाडी, ब्लाक अध्यक्ष शंकरलाल चौधरी, पूर्व शहर महावीरप्रसाद पराणा, प्रदीप पारीक, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजेश चौधरी, सरपंच ओमप्रकाश बलाई, सीआर हनुमान मीणा सहित समस्त विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## पर्यावरण दिवस पर पौधे लगाये

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। महात्मा गांधी पीजी कॉलेज, में सोमवार को महाविद्यालय परिसर में एनएसएस, एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यालय सचिव राकेश शर्मा ने बताया की महाविद्यालय निदेशक मोहर सिंह खर्रा व प्राचार्य डॉ वीरेंद्र सैनी द्वारा पेड़ लगाकर पर्यावरण दिवस मनाया गया। द्वितीय सत्र में संगोष्ठी कार्यक्रम हुआ जिसमे मुख्यवक्ता महाविद्यालय निदेशक मोहर सिंह खर्रा व प्राचार्य डॉ वीरेंद्र सैनी थे। निदेशक मोहर सिंह खर्रा ने ग्लोबल वार्मिंग पर अपने विचार रखते हुए ओजोन में छिद्र को रोकने के लिए पेड़ लगाने पर जोर दिया।

प्राचार्य डॉ वीरेंद्र सैनी ने बताया कि पृथ्वी पर हो रहा पर्यावरण अवनयन के कारण अनेक पेड़ पौधे व जीव जंतु की प्रजातियां नष्ट हो रही है। पृथ्वी को प्रदूषण व वनों की कटाई से बचाने के लिए समाज में जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। उपप्राचार्य विजेंद्र कुमार (एनसीसी प्रभारी), विज्ञान संकाय प्रभारी वीरेंद्र यादव, प्राणी शास्त्र के सहायक आचार्य प्रमोद वर्मा व एनएसएस प्रभारी सुशीला देवी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर व्याख्याता मांगीलाल कुमावत, कैलाश बिजारणियां, श्याम लाल सामोता, सुरेश सामोता, धर्मपाल सिंह, धर्मपाल बिजारणिया, मुकेश कुमार, ग्यारसी लाल यादव, अभिषेक कुमावत आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

## सार-समाचार

### भोमिया महाराज का मेला व भण्डारा



**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम लालपुरा में सोमवार को भोमिया महाराज के विशाल मेले व भण्डारे का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व यूआईटी चेयरमैन देवी सिंह शेखावत ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता बढ़ती है। विशिष्ठ अतिथि भाजपा नेता मुकेश गोयल ने कहा कि मेले व धार्मिक कार्यक्रम हमारी संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में ले जाते है तथा समाज की उन्नति व ऊर्जा का आधार भी होते है। अध्यक्षता पूर्व सरपंच रूपसिंह शेखावत ने की। भण्डारें में हजारों लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर विनोद मेहता एण्ड पार्टी ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस दौरान भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक अजीत सिंह चौहान, भाजपा नेता अशोक सिंह, पृथ्वी सिंह, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष राजेश सराधना, पूर्व भाजयूमो मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, प्रेमचन्द गौतम, धूणाराम, बनवारी नेता, रामबाबू छीपी, दयाराम सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### पर्यावरण दिवस पर परिण्डे बांधे

**निवाई,** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भरथला में राजस्थान राज्य भारत स्काउट और गाइड द्वारा आयोजित किए जा रहे ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरुचि शिविर में विश्व पर्यावरण दिवस पर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति सुरक्षा जीवन रक्षा के बारे में बताया गया। प्रधानाचार्य गिरिराजप्रसाद गुर्जर ने बताया कि हमें अधिकाधिक पेड लगाकर। पॉलिथीन का बहिष्कार कर, ई वेस्ट का निस्तारण करके पर्यावरण को बचाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के जल, थल, वायु, ध्वनि प्रदूषण को बचाना है। इस अवसर पर विद्यार्थियों की पर्यावरण बचाने को लेकर ड्राइंग और चार्ट प्रतियोगिता और पत्र वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्काउट के विद्यार्थियों द्वारा उमाशंकर गुर्जर के निर्देशन में पक्षियों के लिए परिंडे एवं चुगा पात्र बांधे गए तथा इको गार्डन की सार संभाल की जिम्मेदारी ली। प्रशिक्षण शिविर में व्याख्याता सीताराम मीणा, प्रधानाध्यापक आत्माराम सिंगारिया, सुरज्ञान गुर्जर, हरिशंकर शर्मा, छोटूलाल यादव, गिरिजा कंवर, संजू मीणा मोनू सिंह द्वारा प्रशिक्षण में सभी विद्यार्थी उत्साह के साथ सीख रहे हैं। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी भगवानदास, प्रधानाध्यापक धतूरी रामअवतार जाट, महावीर मीणा, शारीरिक शिक्षक भूपेंद्र सिंह, मंजू गुर्जर, पप्पूलाल मीणा, बाबूलाल मीणा, आंगनबाडी कार्यकर्ता राज कंवर व सीमा वैष्णव सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### आरोपियों पर कार्यवाही की मांग

**निवाई,** (निसं)। सेदरिया खुर्द के सरपंच कानाराम गुर्जर ने दतवास पुलिस थाने में जान से मारने की धमकी की देने का मामला दर्ज करवाया था। जिस पर दत्तवास थाना अधिकारी द्वारा कठोर कार्रवाई नहीं करने से सरपंच सहित आक्रोशित लोगों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक एवं जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा हैं। सरपंच कानाराम गुर्जर ने ज्ञापन में बताया कि गांव के कई लोग पंचायत के कार्यों में दखलंदाजी करते हैं। उनकी इच्छानुसार कार्य नहीं करवाए जाने पर जान से मारने की धमकी देते है। पंचायत भवन में बैठने पर हाथ पैर तोड़ने की धमकी देते हैं। इनकी हरकतों से परेशान होकर सरपंच गुर्जर ने सोमवार को आशाराम उर्फ दल्ला , बनवारी पुत्र रामभजन गुर्जर, श्रवण पुत्र मेवाराम गुर्जर एवं मेवाराम पुत्र झूथा राम गुर्जर निवासी ग्राम सेदरिया खुर्द हाल मुकाम सेदरिया मोड श्रीसुखपुरा के खिलाफ कार्यवाही करने का ज्ञापन सौपा है।

### नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर कल

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज व बैजनाथ टेमानी के संयुक्त तत्वाधान व देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा बुधवार 7 जून को स्व. चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन श्रीमाधोपुर में 46 वां निशुल्क मोतियाबिंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज के अध्यक्ष सागरमल शर्मा ,सचिव फतेहचंद सोनी तथा गिरिराज कयाल के अनुसार शिविर सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में मरीजों के आंखों की जांच की जायेगी तथा इनमें से चयनित मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन और लैंस प्रत्यारोपण के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर बस से रेफर किया जाएगा। जहां चयनित मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। साथ ही चयनित मरीजों के आने-जाने की व्यवस्था से लेकर मरीजों के खानपान व रहने की संपूर्ण व्यवस्था निशुल्क की जाएगी।

### कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। कृषि महाविद्यालय बास कृपाल नगर के स्वयं सेवकों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर निर्माणाधीन कॉलेज भवन के परिसर में पौधरोपण किया। कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. एम पी यादव ने पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. लक्ष्मण प्रसाद बलाई ने बताया सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर कृषि महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने निर्माणाधीन कॉलेज भवन परिसर में पौधरोपण किया। इस मौके पर कॉलेज अधिष्ठाता डॉ एमपी यादव ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी देते हुए कहा पेड़ है तो जीवन है। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी लक्ष्मण प्रसाद बलाई सहित कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

### पर्यावरण पर ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लर्नर्स, वॉलिंटियर टीचर , एन एस एस के छात्र, स्काउट गाइड और शिक्षकों की उपस्थिति में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर ने विद्यालय प्रांगण में 5 पौधे लगाए और संगोष्ठी में उपस्थित लर्नर्स छात्र-छात्राओं और शिक्षक और स्वयंसेवक शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आग्रह किया। संगोष्ठी में ब्लॉक समन्वयक साक्षरता सांवरमल बलाई ने भी प्रतिवर्ष प्रत्येक को कम से कम 1 पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने का आग्रह किया। अंत में प्रधानाचार्य ने समस्त उपस्थितों को पर्यावरण संरक्षण हेतु अपना योगदान देने की शपथ दिलाई।

### कलेक्टर व एसपी ने पौधे लगाये



**अलवर,** (निसं)। जिला कलेक्टर पुखराज सेन एवं पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मिनी सचिवालय परिसर एवं कन्या उपवन में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिला कलेक्टर ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पौधारोपण बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी नागरिकों का दायित्व है कि अधिक से अधिक पेड लगाए। उन्होंने कहा कि शुद्ध वातावरण अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करने में लाभदायक होता है। इसके उपरान्त जिला कर्मचारी संघ द्वारा पाम के पेड लगाकर तथा कन्या उपवन में हैवल्स प्रा. लि. की ओर से पौधारोपण किया गया।

## विधायक ने रेल मंत्री को पत्र लिखा

**खैरथल,** (निसं)। राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक दीपचंद खैरिया ने रेल मंत्री व दिल्ली और जयपुर के रेलवे महाप्रबंधक को पत्र लिखकर कहा है कि लंबे समय से चली आ रही इंटरसिटी एक्सप्रेस को बंद करने से यात्रियों को हो रही परेशानी से निजात दिलाने के लिए इसी समय सुबह-शाम अलवर दिल्ली के बीच ट्रेन चलाने की मांग की है।

- **बंद की गई इंटरसिटी एक्सप्रेस की जगह सुबह-शाम अलवर दिल्ली के बीच ट्रेन चलाने की मांग**
- **यात्रियों को हो रही परेशानी से अवगत कराया**

उन्होंने लिखे गए पत्र में कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी परियोजना में सम्मिलित जिला अलवर व जिला खैरथल के आसपास में बहुत बड़ी संख्या में लोग गुडगांव, दिल्ली रोजगार, व्यापार आदि के लिए आते जाते है परन्तु गुडगांव दिल्ली जाने के लिए प्रात:कल कोई नियमित गाड़ी नहीं है। पूर्व में मालानी एक्सप्रेस थी जो सुबह दिल्ली के लिए कार्यालय समय में पहुंचती थी तथा शाम को दिल्ली से चलती थी जिसके बंद होने से आम कर्मचारी एवं रोजगार वाले लोगों को बड़ी परेशानी हो रही है। रेलवे प्रशासन ने अभी तक इसका विकल्प नहीं दिया है, जिससे क्षेत्र के हजारों दैनिक आम यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। अत: आमजन की इस बड़ी समस्या का समाधान करने के लिए एक यात्री गाड़ी दिल्ली-अलवर - दिल्ली के बीच संचालित की जावे जो प्रात: 5-6 बजे के आसपास अलवर से चले तथा दिल्ली से शाम को 6 बजे के आसपास अलवर के लिए चले।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर छात्रों ने परिंडे बनाए



महाविद्यालय में छात्रों ने पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की शपथ ली।

**खैरथल,** (निसं)। स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने खुद के द्वारा तैयार बगीचे की सफाई करने के साथ अनुपयोगी सामान से परिंडे व पोस्टर बनाए।

कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. विजय गुप्ता ने बताया कि सात दिवसीय कैम्प के दौरान निर्मित बगीचे में लगभग साठ स्वयंसेवकों ने दो घण्टे श्रमदान कर उसे फिर से सुंदर बनाने का सराहनीय कार्य किया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक चंदवानी ने बताया कि इस दौरान अंशु, काजल, तुषिता, शिवानी और काजल रसगोन ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर निर्मित पोस्टरों का प्रदर्शन किया जबकि छात्रा दर्शना, नताशा और संजना ने अनुपयोगी वस्तुओं और प्लास्टिक की कैन से परिंडे और गमले बनाए। योगिता, नताशा, रिंकी, युक्ता, खुशबू, वर्षा, उत्तम, साहिल ने महाविद्यालय में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए परिंडे लगाए। रेखा, लक्ष्मी, राखी आदि विद्यार्थियों ने गमलों में पौधे लगाए और पानी दिया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. विजय गुप्ता ने सभी स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर स्वयंसेवक कनिष्क के नेतृत्व में सभी स्वयंसेवकों ने को समर्पित रचनात्मक मानव श्रृंखला बनाई।

## इंदिरा गांधी गैस सब्सिडी योजना का लाभार्थी उत्सव मनाया

**अलवर,** (निसं)। प्रदेश की जनता को महंगाई से राहत देने के लिए शुरु की गई इंदिरा गांधी गैस सिलेण्डर योजना का 'लाभार्थी उत्सव' प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। जिसमें जिलेभर से इंदिरा गांधी गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना के लाभार्थी शामिल हुए। योजना में लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए संवाद भी किया।

गौरतलब है कि योजना के तहत राज्य सरकार एलपीजी गैस के बीपीएल एवं उज्जवला योजना के तहत कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को गैस सिलेण्डर के लिए 500 रुपए से अधिक लगने वाली राशि सीधे उनके खाते में बतौर सब्सिडी प्रदान कर रही है। यानी बीपीएल एवं उज्जवला योजना के तहत कनेक्शन लेने वालों को गैस सिलेण्डर केवल 500 रुपए में मिल रहा है।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में मेवात क्षेत्राीय विकास बोर्ड के अध्यक्ष जुबेर खान, जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, जिला बीसूका के उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा, सरस डेयरी चेयरमैन विश्राम गुर्जर, जिला कलक्टर पुखराज सेन, पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा, एडीएम प्रथम उत्तम सिंह शेखावत, एडीएम द्वितीय इन्द्रजीत सिंह, एडीएम शहर नवीन यादव, डीएसओ श्री जितेन्द्र सिंह नरूका, प्रधान नसरू खान, बी.पी सुमन, नगर पालिका चेयरमैन चौथमल सैनी, संजीव बारेठ, उमरदीन खान सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।

## प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**निवाई,** (निसं)। शहीद देवालाल गुर्जर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 10 व 12 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। जिसको लेकर विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य लक्ष्मणलाल मीणा के नेतृत्व में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। व्याख्यता हनुमानप्रसाद बैरवा ने बताया कि विद्यालय के कक्षा 12वीं की छात्रा रेनू चौधरी, खुशबू चौधरी, निकिता राजावत, करिश्मा बैरवा, तन्नू राठौड, कक्षा 10 के छात्र आशिष चौधरी, प्रिया साहू, अर्जना गुर्जर, रोहित बैरवा एवं ऋषिराज गौतम को सम्मानित किया। इस अवसर पर एसडीएमसी सदस्य नरतपसिंह, रामेश्वर वर्मा, पूर्व बन्नालाल बैरवा, दयाराम बैरवा, श्योजीलाल चौधरी एवं रूकमणी देवी सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## जल मंदिर का लोकार्पण किया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। स्थानीय जल बचाओ, पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर मोटा अनाज से संबंधित पंपलेट का विमोचन एवं जल मंदिर का लोकार्पण किया गया। समिति के उपाध्यक्ष ताराचंद मीणा ने बताया कि श्री गौड़ विप्र परिषद समिति भवन के परशुराम सभागार में समिति के सचिव पूर्व वैज्ञानिक सीताराम सैनी की अध्यक्षता व डॉ माधव सिंह के मुख्य आतिथ्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित सदस्यों द्वारा मोटा अनाज अपनाओ, जीवन निरोग बनाओ "नामक" राजस्थानी भाषा में लिखे पंपलेट का विमोचन किया गया ।

डॉक्टर माधव सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कार्यक्रम विश्व का एक अभियान है जिसको अपना कर प्रत्येक व्यक्ति निरोग रह सकता है। कार्यक्रम में समिति सलाहकार रामजी लाल शर्मा, विधि सलाहकार राजेंद्र शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इसी के साथ मानपुरिया फाटक के औवरब्रिज के पास एक हजार लीटर पानी की क्षमता की टंकी जिसे समिति के संरक्षक कालिदास स्वामी ने भेंट की थी का लोकार्पण किया गया ।इस मौके पर शिक्षाविद साधु राम सैनी, रामरतन सोनी, श्योलू राम सैनी, रामअवतार कुमावत, राजू बागवान सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इसी प्रकार कस्बे के राजकीय कन्या महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वीप एवं ई एल सी गतिविधियों को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य कुलदीप सिंह ने इस मौके पर महाविद्यालय स्टाफ व स्थानीय मतदाताओं को लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र ,निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

## प्रकाशोत्सव मनाया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। सिखों के छठवे गुरु मीरी पीरी दे मालिक हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व गुरुद्वारा सिंह सभा श्रीमाधोपुर में धूमधाम से मनाया गया। सरदार अर्जुन सिंह ने बताया कि प्रात: 6 से 8:30 बजे तक श्री जपजी साहिब का पाठ एवं श्री सुखमणि साहिब के पाठ हुआ, 8:30 से 10 बजे तक आसा की वार का कीर्तन एवं शब्द कीर्तन व अरदास हुई। यह जानकारी देते हुऐ सरदार अर्जुन सिंह ने बताया कि समाज बंधु अपने घर से मिस्सी रोटी ,मक्खन,छाछ ,प्याज व आचार लंगर घर से बनाकर लाये तथा अरदास के उपरांत सभी ने लंगर चखा। इस मौके पर सरदार जगजीत सिंह, लालचन्द पंजाबी, भीवंराज पंजाबी, मनजीत सिंह, सरदार रतन सिंह, जोगेंद्र सिंह, जसप्रीत सिंह, अमरजीत सिंह, जसकरण सिंह, नरेश खुराना, महेश पंजाबी, आत्मप्रकाश पंजाबी सहित भारी संख्या समाज बंधु कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर अनेक कार्यक्रम हुए

**अलवर,** (निसं)। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण कार्यालय (क्षेत्रीय कार्यालय) अलवर, वन विभाग अलवर, कम्पनी बाग विकास समिति, लायंस क्लब अलवर मत्स्य , आर.डी.एन.सी. मित्तल फाउंडेशन एवं स्काउट एण्ड गाइड फेलोशिप अलवर ब्रांच के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सुबह बच्चों की एक नि:शुल्क चित्रकला प्रतियोगिता नुक्कड नाटक, टेल्को चौराहे पर वृक्षारोपण तथा शाम को आमजन से पर्यावरण एवं रेड ऋॉस सोसाइटी से सम्बंधित प्रश्नोतरी कार्यक्रम का आयोजन कम्पनी बाग में किया गया।

कार्यक्रम संयोजक गिरीश गुप्ता ने बताया कि यह चित्रकला प्रतियोगिता कम्पनी बाग में प्रात: 7 बजे से प्रारम्भ करवाई गयी निर्णायक मंडल में लायंस क्लब इंटरनेशनल की पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शशि गोयल , राजऋषि कॉलेज में कार्यरत रसायन विज्ञान की प्रोफेसर डॉ. रितु माथुर , चिनार पब्लिक स्कूल की टीचर रुपाली जी, डाइट डिपार्टमेंट से सेवानिवृत वरिष्ठ व्याख्याता अंजू माथुर थी। प्रोफेसर डॉ. रितु माथुर ने प्रतियोगिता प्रारम्भ से पूर्व नियमों से अवगत करवाया।

# न्यायिक अधिकारियों व वकीलों ने पौधारोपण किया




सांभर में विश्व पर्यावरण दिवस पर न्यायिक अधिकारियों और वकीलों ने पौधारोपण किया।

**सांभरझील,** (निसं)। न्यायालय परिसर में न्यायिक अधिकारियों व अभिभाषक समिति के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम एडीजे बृजेश कुमार शर्मा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमराज कुमावत व सचिव निशांत शर्मा ने पीपल के वृक्ष के दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

- **पर्यावरण संरक्षण के लिए हरियाली को बढ़ावा दें : शर्मा**

इस मौके पर एडीजे शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक लोगों को हरियाली को बढ़ावा देना चाहिए ताकि विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने की सार्थकता हो सके। सचिव निशांत शर्मा ने कहा कि बड़ व पीपल हमारे धार्मिक आस्था के भी प्रतीक है तथा इनकी छाया मनुष्य के लिए लाभकारी होती है। अध्यक्ष कुमावत ने नीम के वृक्ष के महत्व बताये। इसके पश्चात न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में पौधारोपण कर उनकी सुरक्षा का संकल्प भी दिलाया।

इस मौके पर सिविल न्यायिक मजिस्ट्रेट, ऋचा कौशिक बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शेख शमीम उल हक, वर्तमान उपाध्यक्ष राहुल वीर, सह सचिव अहसानुल हक, एड.मोहन लाल वर्मा, पैनल अधिवक्ता राजेन्द्र कुमार चौपडा, विधिक सेवा समिति प्रभारी चान्दमल सांभरिया सहित दिलीप प्रजापति, मुकेश अजमेरा, खेमराज कुमावत, अजय सिंह, विष्णु दत्त व्यास, तेजपाल कुमार प्रजापत, लालचंद कुमावत, प्रकाश माचीवाल, नितेश जांगिड़, प्रेमचंद महड़ा, युगराज माथुर, इशरत अली, चांद खां घोसी, धर्मेंद्र साहू सहित अनेक ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया।

## ब्राह्मण महासंगम की तैयारी बैठक

**निवाई,** (निसं)। सर्व ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में 3 सितम्बर को जयपुर में आयोजित होने वाले ब्राह्मण महासंगम की तैयारियों को लेकर सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा सोमवार से राजस्थान की सभी जिला इकाइयों के पदाधिकारियों से चर्चा करने के लिए जयपुर व चाकसू होते हुए निवाई में कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए।

जहां सर्व ब्रह्मण महासभा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजेश भट्ट के नेतृत्व में बडी के मन्दिर पर भव्य स्वागत किया। पं. सुरेश मिश्रा ने 3 सितंबर को जयपुर में आयोजित ब्राह्मण महा संगम का पोस्टर विमोचन किया एवं ज्यादा से ज्यादा ब्राह्मणों को जयपुर आने का निमंत्रण दिया। इस दौरान आरक्षण की मांग, भगवान परशुराम यूनिवर्सिटी बनाने की मांग, प्रत्येक जिले में ब्राह्मण परशुराम होस्टल बनाने, मन्दिर माफी जमीन वापिस मन्दिर के नाम लगने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इस कार्यऋम में सर्व ब्राह्मण महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष रामलाल शर्मा, सर्व ब्राह्मण महासभा के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप पारीक, अंकित शर्मा, नवीन पण्डा, मनीष केसोट, दिनेश शर्मा, सुरेन्द्र भट्ट, कालूराम पण्डा, राजूलाल शर्मा, राजू पनियारा व रामचरण शर्मा सहित कई कार्यकर्ताओं मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### बीएलओ को प्रशिक्षण दिया

**मालपुरा, (निसं)।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार घर-घर पहुंच सर्वे व संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य को लेकर सोमवार को पंचायत समिति सभागार में बैठक आयोजित की गई। एसडीएम महिपाल सिंह, एएलएमपी बीएलओ किशन टेलर, दीपक गुप्ता, सीताराम शर्मा, सूचना सहायक बनवारी लाल वर्मा आदि ने बीएलओ को प्रशिक्षण दिया। वहीं क्षेत्र के सभी बीएलओ ने सोमवार को एकराय होकर एसडीएम महिपाल सिंह के प्रतिनिधित्व को ज्ञापन सौंप अवगत करवाया कि क्षैत्र के सभी बीएलओ ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में किये गये कार्य के बदले समस्त बीएलओ ने पहचान पत्र बनवाने तथा बीएलओ कीट उपलब्ध करवाने की पुरजोर मांग की।

### कई जगह पौधारोपण किया

**कोटपूतली, (निसं)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं जिला एवं सैशन न्यायाधीश अजीत कुमार हिंगर के निर्देशानुसार राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में एडीजे प्रथम भारत भूषण शर्मा की अध्यक्षता में पैरा लीगल वालंटियर पुष्पेंद्र कुमार बसीठा व आदित्य शर्मा द्वारा सोमवार को पर्यावरण दिवस के अवसर पर कस्बे के महेश्वर विद्यापीठ एवं नगर परिषद पार्क में कैम्प का आयोजन कर वृक्षारोपण किया गया। साथ ही आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में आमजन व विधार्थी मौजूद रहे।

### पौधों का वितरण किया

**कोटपूतली, (निसं)।** वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना द्वारा सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस एवं यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर छात्रों को पौधों का वितरण किया गया। इस दौरान चौन सिंह राठौड़, योगेश चौधरी, विक्रम कसाना, सतीश चौधरी, राहुल ओला, राहुल कसाना, उदय कसाना, अंकित चौधरी, संजय चौधरी, सरजीत चौधरी, अभिषेक चौधरी, सोहन यादव, सुमित चौधरी, योगेश रावत, गोपाल आदि मौजूद थे।

# शहीद की पुण्यतिथि पर 121 महिला-पुरूषों ने रक्तदान किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ग्राम पंचायत ठीकरिया के ढाणी नाडी वाली में शहीद शंकर सिंह बाजिया की सातवीं पुण्य तिथि कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद की प्रतिमा पर माला व दीप प्रज्जवलित कर मुख्य अतिथि बंशीधर बाजिया ने की। अध्यक्षता गोपीराम बाजिया ने की। इसी दौरान ही अतिथियों ने वीरांगना पतासी देवी व शहीद परिवार का सम्मान किया गया। ग्रामीणों ने मिलकर अतिथियों का सम्मान किया गया।

- अतिथियों ने वीरांगना व शहीद के परिवार का सम्मान किया



सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने शहीद शंकर सिंह बाजिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में एक सौ ईक्कसी रक्तदाताओं सहित महिलाओं भी ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को हैलमेट व प्रशस्ति पत्र एवं राउमावि. ठीकरिया के प्रतिभाओं को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि जीवन में व्यक्ति को रक्तदान करने से पुण्य ही नहीं इंसान की जान बचाने में बड़ा योगदान रहता है। साथ ही ठीकरिया बस स्टैण्ड से चौमूं पुरोहितान तक रोड़ की घोषणा की। खण्डेला प्रधान डॉ. गिरीराज सिंह ने दो-दो सौ मीटर के सीसी ब्लॉक डलवाना, जिला परिषद् सदस्य प्रियंका चौधरी ने जिला परिषद् कोटे से सिंगल फेस ट्ययूबेल बनवाने की घोषणा की गई। खण्डेला प्रधान सिंह ने कहा कि शहीद को देवताओं की तरह पूजा जाना चाहिए तथा शहीद स्मारक पर मेले व प्रतियोगिताओं का आयोजन करने से युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृति होती है। भामाशाह इन्द्राज बाजिया ने ईक्यावन किलो केले रक्तदाताओं को वितरण किये। साथ ही अन्य गांवों से आई वीरांगनाओं का भी शोल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस मौक पर श्रीमाधोपुर पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा, सुभाष मील, एसडीएम रींगस राकेश कुमार, पूर्व सरपंच गोविन्दराम बाजिया, जिला परिषद् सदस्य सुभाष बाजिया, पूर्व आईपीएस डॉ रामदेव सिंह खैरवा, लालचंद खैरवा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रींगस जितेन्द्र लापुंवा, अशोक धायल, डॉ खेतान सिंह, पूर्व सरपंच रघुनाथ महला, नंदकिशोर जांगिड़, जगन सिंह बाजिया, ओम प्रकाश पूनियां, रामेश्वर ऐचरा, विजय सिंह, सोहन साखुनियां, मूलचंद बाजिया, हरलाल सिंह शेषमा, सीतराम रूण्डला , पोखरमल बाजिया सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## गोविंदगढ़ के मनोनीत प्रधान ने पदभार संभाला

**अलवर, (निसं)।** गोविंदगढ पंचायत समिति में चल रही खींचतान के बीच दोबारा मनोनीत किए गए प्रधान लियाकत खान ने कार्यभार ग्रहण कर अधिकारियों को साधारण सभा की मीटिंग बुलाने के निर्देश दिए। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधान लियाकत खान को माला और साफा पहना कर स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।

सरकार द्वारा दोबारा से प्रधान मनोनीत करने के सवाल में लियाकत खान ने बताया कि सरकार की ओर से जो पहला मामला चल रहा था। उन आदेशों को वापस लेकर दोबारा से प्रधान मनोनीत किया है। हम पंचायती राज विभाग और सरकार के आदेशों की पालना कर रहे हैं। जब तक चुनाव नहीं होते तब तक मुझे सरकार की ओर से प्रधान मनोनीत किया है। ताकि क्षेत्र के विकास कार्यों को पूरा कराया जा सके। पंचायत समिति की विभिन्न योजनाओं में वर्तमान में 3 करोड के लगभग बजट राशि उपलब्ध है। पंचायत समिति में प्रधान का पद रिक्त होने के चलते यह बजट उपयोग नहीं हो पा रहा है। अगर प्रधान पद पर चार्ज मिलता है तो बजट ग्राम पंचायतों को आवंटित हो सकता है। भाजपा की निर्वाचित प्रधान रसनम चौधरी को हाई कोर्ट से स्टे मिलने के बाद वह पंचायत समिति गोविंदगढ पहुंची थीं, लेकिन वहां पर विकास अधिकारी ने उन्हें प्रधान का चार्ज नहीं दिया।

## सी.एम. के दौरे को लेकर बैठक

**कोटपूतली, (निसं)।** 9 जून को महंगाई राहत कैम्प के निरीक्षण को लेकर कोटपूतली में प्रस्तावित मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दौरे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। मुख्यमंत्री गहलोत के दौरे की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन सोमवार को राजमार्ग पर ग्राम खेडकी वीरभान स्थित कांग्रेस कार्यालय पर क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव की अध्यक्षता में हुआ।

बैठक में मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श करते हुए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियों का वितरण किया गया। गृह राज्यमंत्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत महंगाई राहत कैम्प का निरीक्षण करते हुए राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से भी सीधा संवाद करेंगे। साथ ही इस अवसर पर कोटपूतली को जिला बनाये जाने के उपलक्ष्य में विशाल धन्यवाद सभा का आयोजन भी होगा।

यादव ने कार्यकर्ताओं से मुख्यमंत्री की सभा में अधिक से अधिक संख्या में आमजन को लाने की अपील भी की। इस दौरान सभापति प्रतिनिधि एड. दुर्गाप्रसाद सैनी, प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज रावत, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी व गोकुल चंद आर्य, उप सभापति अशोक शरण बंसल, पीसीसी मेम्बर नरसी गुर्जर, एड. बजरंग लाल शर्मा, युवा नेता विराट यादव, एड. मनोज चौधरी, पंसस प्रतिनिधि कमल मीणा, सरपंच प्रतिनिधि रघुवीर यादव, पवन यादव, मोनू सैनी, सोनू आर्य, कृष्ण कारोडिया, रघुवीर गोयल, बजरंग लाल यादव, राजू भाई, धर्मपाल रावत, विजय आर्य, सतीश छावड़ी, पार्षद उमेश आर्य, तारा पूतली, दीपक कटारिया समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व अन्य मौजूद रहे।

# भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया

**पावटा, (निसं)।** पावटा में नदी स्थित गोपाल भैया मंदिर में मोहनदास रामायणी महाराज के सानिध्य में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने पूजा करवाकर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया।

कृष्ण जन्म के प्रसंग शुरू होते ही पांडाल में मौजूद श्रद्धालु नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजनों के साथ झूम उठे। वहीं श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी कर मक्खन मिश्री के प्रसाद का भोग लगाकर वितरित किया। कथा में कथा वाचक किशोर शरण महाराज वृन्दावन ने कहा कि जीवन में जब भी भगवत नाम सुनने का अवसर प्राप्त हो, उससे विमुख नहीं होना चाहिए। मोहनदास रामायणी महाराज ने बताया कि मंगलवार को सुबह संगीतमयी सुंदरकांड, संत समागम व भंडारे का आयोजन किया जायेगा। वही 8 जून को हवन व पाटोत्सव कार्यक्रम मनाया जायेगा।



श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर सजीव झांकी सजाई।

इस अवसर पर केशवदास महाराज, पूर्व सरपंच दौलत अग्रवाल, उमाकांत बंसल, दीपक गोयल, चंद्रमोहन सैन, पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा, पावटा नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश गौड, सुरेश हरितवाल, विकास शर्मा, शिक्षक दुर्गादत्त भारद्वाज, अमित बटवाल, अमित शर्मा, साहिल टीलावत, नितेश शर्मा सहित बडी संया मे महिलाए व श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पंचायत समिति सदस्यों ने किया साधारण सभा का बहिष्कार

**पावटा, (निसं)।** राजस्थान पंचायत समिति सदस्य संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सुरपुरा के निर्देशानुसार पंचायत समिति सदस्यों ने पावटा की साधारण सभा का बहिष्कार करते हुए पंचायत समिति सदस्य की समस्याओं का समाधान करवाने एवं अधिकार देने की मांग सहित अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम पंचायत समिति पावटा विकास अधिकारी राकेश वर्मा को ज्ञापन सौंपा।

विकास अधिकारी राकेश वर्मा ने बताया कि साधारण सभा की बैठक पावटा पंचायत समिति सभागार में आयोजित की गई बैठक में कोरम पूरी नहीं होने पर स्थगित कर दी गई। पावटा प्रधान पूजा चौधरी ने बताया कि संघ की विभिन्न मांगों का निराकरण नहीं कराए जाने से पंचायत समिति सदस्य संघ की ओर से बहिष्कार किया गया। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति सदस्य संघ ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर करीब 10 महीने से साधारण सभा का बहिष्कार कर रखा है। मांगों को लेकर संघ की ओर से पिछले दिनों जयपुर में विधानसभा का घेराव कर धरना भी दिया गया था, मांगें नहीं मानी जा रही। उन्होंने सरकार से उनकी मांगों का निराकरण किए जाने की मांग की। जिससे पंचायत समिति सदस्यों को भी वित्तीय अधिकार मिल सके। वही पंचायत समिति सदस्य धर्मपाल गुर्जर व प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मुखराम धनकड ने बताया कि जनता के द्वारा निर्वाचित होकर पंचायत समिति तक पहुंचने वाले इन सदस्यों के पास अधिकार नाम की कोई चीज नहीं है। इस मौके पर प्रधान पूजा चौधरी, उपप्रधान राजेंद्र सिंह टीटू, भांकरी पंचायत समिति सदस्य ओमवती मुखराम धनखड, मण्डा प्रियंका यादव दशरथ यादव, पांछूडाला अनिल बाल्मिकी, टोरडा संतलाल मीणा, वीर तेजाजी नगर गुड्डी देवी जयराम थालोड, रामपुरा नरेंद्र गुर्जर, बडनगर संतोष देवी महेश बैराठी, खेलना मीना देवी वेदप्रकाश बाकोलिया, ठीकरीया मुकेश देवी लालचन्द्र यादव, बेरीबाध मंजु देवी धर्मपाल गुर्जर सहित सभी पावटा पंचायत समिति सदस्यों ने बहिष्कार का समर्थन किया।

- नौ सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

## गारंटी कार्ड वितरित किए

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत ललवाडी में महंगाई राहत कैंप का शुभारंभ किया गया। सरपंच देवालाल गुर्जर ने बताया कि शिविर में राज्य सरकार द्वारा पेंशन, उज्जवला योजना, स्वास्थ्य बीमा, 200 यूनिट बिजली फ्री सहित कई योजनाओं का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। शिविर में सरपंच मास्टर देवालाल द्वारा महंगाई कार्ड वितरित करते हुए कहा कि जो अभी व्यक्ति वंचित वह शिविर में अति शीघ्र आकर अपना पंजीयन करवाएं। इस अवसर पर ओम सिंह, ग्राम विकास अधिकारी शिवराज खटाना, पटवारी कृष्ण मीणा, सहायक सीताराम, हेमराज सिंह आदि कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर गांव के गणमान्य व्यक्ति वार्ड पंच गिर्राज सैनी, सीताराम महावर, छोटू राम, अमर, भैरु लाल जाट, पुरुष मुंशी, चाचा निसार, खान शेर अली, मुकेश सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# कृषि महाविद्यालय में स्थापना दिवस मनाया

**निवाई, (निसं)।** श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के अन्तर्गत कार्यरत कृषि महाविद्यालय झिलाय में सोमवार को कॉलेज का स्थापना दिवस व विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

अधिष्ठाता डॉ रामप्रसाद जाट ने कॉलेज में 2 वर्षो की प्रगति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जमीन आवंटन के साथ ही कॉलेज भवन निर्माण कार्य, शिक्षा व्यवस्था सहित आधारभूत सुविधाओं के साथ काफी विकासीय कार्य किये तथा डॉ. जाट ने विश्व पर्यावरण दिवस के बारे में बताते हुए जानकारी दी कि बढते प्रदूषण और प्रकृति को होने वाले नुकसान को कम करने को लेकर जागरुकता अभियान चलाने के लिए पर्यावरण दिवस मनाये जा रही हैं। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वस्थ जीवन शैली की शपथ दिलवाई। जिससे जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतों द्वारा पर्यावरण की रक्षा हो सके।

उपसरपंच भैरुलाल कुम्हार ने कहा कि कृषि शिक्षा को बढावा देने से देश का विकास होगा। साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। सहायक आचार्य डॉ. रामजीलाल मीणा ने मृदा, जल, वायु प्रदूषण पर प्रकाश डाला। राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा जयपुर के सहायक आचार्य डॉ. नितिन गर्ग ने कहा कि महाविद्यालय में जल्दी ही सभी उपकरणों से सृजित होगा तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु कपडा व कागज की थेलीयों का प्रयोग पर करने के महत्व बताए। डॉ. रवि कुमार मीणा ने बताया कि भारतीय संस्कृति, शिक्षा व कृषि सबसे अग्रणी रही हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर न्यायालय परिसर में पौधारोपण किया

**लालसोट, (निसं)।** वायुमंडल में बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए पर्यावरण सुरक्षा के लिए विश्व पर्यावरण दिवस प्रकृति को समर्पित दुनियाभर में मनाया जाने वाला सबसे बड़ा उत्सव है।

विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर उपखंड क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर इस खास दिवस के बारे में विभिन्न पर्यावरण एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे विशेषज्ञ द्वारा विचार साझा किए गए। उपखंड मुख्यालय स्थित रामकृष्ण गायत्री मंदिर में ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर आयोजित नशा मुक्त राजस्थान अभियान कार्यक्रम शुभारंभ के दौरान अतिथि नगर पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक पटेल एसडीएम विजेंद्र मीणा तहसीलदार मदन लाल मीणा राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ललिता दीदी पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रहे बृजमोहन मीणा आदि ने कहा कि कहा की पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है फिर भी हमें अलग से यह दिवस मनाकर पर्यावरण के संरक्षण संवर्धन और विकास का संकल्प लेने की आवश्यकता है।



विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर न्यायालय परिसर में न्यायिक मजिस्ट्रेट एडीजे अटल सिंह चंपावत ने वृक्षारोपण किया।

उन्होंने बताया कि यह बात चिंताजनक ही नहीं शर्मनाक भी है जहां आम आदमी पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति बिलकुल गंभीर नजर नहीं आ रहा है। कहा की उसके जल वायु भूमि इन तीनों से संबंधित कारक तथा मानव पौधों सूक्ष्म जीव अन्य जीवित पदार्थ आदि पर्यावरण के अंतर्गत आते हैं। सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के नियमों के साथ साथ जनता की जागरूकता से ही पर्यावरण की बेहतर रक्षा संभव हो सकेगी। इसके लिए कुछ अत्यंत सामान्य बातों को जीवन में दृढता पूर्वक अपनाना आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति प्रांत वर्ष यादगार अवसरों जन्मदिन विवाह की वर्षगांठ पर अपने घर मंदिर या ऐसे स्थल पर फलदार अथवा औषधीय पौधा रोपण करे जहां उसकी देखभाल हो सके। इससे पर्यावरण में प्रदुषण रोकने के साथ उसके संरक्षण की भावना को भी आमजन में बढ़ाने में मदद मिलेगी।

वहीं विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर कई जगहों पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण चेतना का संदेश दिया गया। उपखंड मुख्यालय पर न्यायालय परिसर में न्यायिक मजिस्ट्रेट एडीजे अटल सिंह चंपावत एसीजेएम उमेश वीर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। अरावली धरोहर फाउंडेशन के तत्वावधान में कोर्ट परिसर एवं उपखंड कार्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एडीजे अटल सिंह चम्पावत, एसीजेएम उमेश वीर एवं एसडीएम विजेन्द्र मीना एवं अधिवक्ताओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश ककराला, वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव जोशी हरिनारायण माठा रवि हाडा प्रेमप्रकाश चौधरी घनश्याम सैनी, अशोक, नरेंद्र जांगिड़, मुकेश सूरतपुरा, अक्षय धाकड्या मदन हट्टीका आदि उपस्थिति रहे।

- कई जगह हुए पौधारोपण कार्यक्रम
- 'विश्व पर्यावरण दिवस प्रकृति को संरक्षित करने के लिए समर्पित एक बड़ा उत्सव'

## ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा

**मालपुरा, (निसं)।** जल-जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत घर-घर नल कनेक्शन की राशि राज्य सरकार द्वारा उपभोक्ताओं से नहीं लिये जाने की घोषणा के बावजूद तिलांजू गांव में उपभोक्ताओं से कनेक्शन की राशि वसूले जाने के विरोध में तिलांजू के ग्रामीणों ने एसडीएम महिपाल सिंह को ज्ञापन सौंप वसूली गई राशि वापस दिलवाने व दोषियों पर कार्यवाही की मांग की।

वहीं बृजलाल नगर ग्राम पंचायत के एडवोकेट नितिल कुमावत, उमा शंकर ठागरिया, विपिन शर्मा, आदि ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप अवगत करवाया कि बृजलाल नगर आवासीय कॉलोनियों में बरसाती पानी एवं मकानों के गंदे व सीवरेज लाइनों के पानी की निकासी के लिए पंचायत प्रशासन द्वारा ना तो नालियां बनाई गई और ना ही बरसाती नालों का निर्माण करवाया गया है। कुछ स्थानों पर बनाये गये नालों की कई सालों से सफाई नहीं होने के चलते पानी की निकासी अवरूद्ध होने से हल्की बरसात में ही आवासीय कॉलोनियों में घुटनों तक पानी भर जाने से नागरिक घरों में कैद होने के साथ-साथ भारी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। वहीं दिल्ली में भारतीय महिला पहलवानों द्वारा किये जा रहे प्रदर्शन के समर्थन में उतरे नागरिकों ने सोमवार को मालपुरा में व्यास सर्किल पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है।

## सार-समाचार

### ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**राजगढ़, (निसं)।** वैश्य महिला समिति के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन कार्यक्रम अग्रवाल धर्मशाला में अध्यक्ष ममता गुप्ता की मौजूदगी में हुआ। ममता गुप्ता ने कहा-शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारना है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वैश्य महासभा समिति के अध्यक्ष लोकेश रावत ने की। समापन शिविर के मुख्य अतिथि जिला महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, महामंत्री राधारमण विजय व विशिष्टअतिथि देवीशंकर गुप्ताने मॉ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने उद्बोधन देते हुए कहा है कि- राजगढ़ वैश्य महिला समिति का कार्य बहुत ही सराहनीय है। भीषण गर्मी में 150 बच्चों को विभिन्न कलाओं में कुछ सीखने व सिखाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर खैरथल महिला अध्यक्ष ज्योति, जिलाउपाध्यक्ष मीना खण्डेलवाल,निर्मला गुप्ता, जगदीश सिंघल, प्रदीप महावर, ओमप्रकाश गुप्ता, कृष्णा अग्रवाल,रेशमी विजय अन्य सभी का माला व दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया गया तथा प्रशिक्षण पाने वाले सभी बच्चो को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किये गये।

### महिला मोर्चा ने पौधारोपण किया



**बहरोड़/भिवाड़ी, (निसं)।** भाजपा महिला मोर्चा अलवर उत्तर की जिला अध्यक्ष चित्रा शर्मा के 2 वर्ष के सफलतम कार्यकाल के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भिवाड़ी कार्यालय में शाहबाद मंडल अध्यक्ष सलोना यादव एवं महिला मोर्चा पदाधिकारियों द्वारा साफा व माला तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया व नीमराणा के गरबान सिद्ध मंदिर परिसर में नीमराना की महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कविता योगी, जिला मंत्री योगिता जांगिड़ सहित विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण किया गया। जिसमें भिवाड़ी में भाजपा महिला मोर्चा अलवर उत्तर जिला अध्यक्ष चित्रा शर्मा के नेतृत्व में बनी कार्यकारिणी के 2 वर्ष के कार्यकाल के पूर्ण होने पर शाहबाद मंडल अध्यक्ष सलोना यादव एवं महिला मोर्चा जिला पदाधिकारियों द्वारा चित्रा शर्मा का साफा तथा माला व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। जिसमें पार्टी की विचारधारा व केंद्र सरकार की महिलाओं के प्रति प्रभावशाली योजनाओं को गांव- ढाणी पहुंचाने व नारी शक्ति के 2023-24 के आने वाले चुनावों में कमल विजय संकल्प की धारणा पर विचार प्रकट किए गए। जिसमें जिला महामंत्री संयोगिता जांगिड़, नीमराणा मंडल अध्यक्ष कविता योगी, ममता शर्मा, शकुंतला, हेमलता, अनीता, कीर्ति, ज्योति, अन्नपूर्णा, विमलेश आदि शामिल रहीं।

### धन्यवाद यात्रा निकाली

**रामगढ़ पचवारा/ लालसोट, (निसं)।** दौसा जिले के नवनिर्वाचित यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पूर्व सरपंच दीपक पटेल द्वारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में पिछले कई दिनों से धन्यवाद यात्रा निकालकर कांग्रेस के लिए समर्थन मांगा जा रहा है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों गांव ढाणियों में दौरा कर राज्य सरकार एवं स्थानीय विधायक चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जानकारी देकर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के पक्ष को मजबूत करते हुए उसके समर्थन को लेकर ग्रामीणों में प्रचार प्रसार किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक पटेल ने कहा कि मौजूदा समय में लालसोट विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले एवं प्रदेश में जिस तरह कांग्रेस सरकार द्वारा विकास के नए आयाम स्थापित किए गए हैं वह अभूतपूर्व है। यूथ कांग्रेस दौसा जिलाध्यक्ष दीपक पटेल ने विधानसभा क्षेत्र में धाकड्या , डिगो गोल, खारीवाडा टोरड़ा डिडवाना आदि विभिन्न गांवों में धन्यवाद यात्रा निकाल कर राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

### गर्भ कल्याणक महोत्सव मनाया

**फागी, (निसं)।** कस्बे के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर ,पारसनाथ जैन मंदिर , चंद्रप्रभु नसिया, चंद्रपुरी तथा त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर सहित परिक्षेत्र के चकवाड़ा, चोरू, नारेड़ा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेड़ा, लदाना के जिनालयों में आज जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का गर्भ कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव के साथ जोर शोर से मनाया गया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में इससे पूर्व अभिषेक, शांतिधारा एवं अष्टद्रव्यों से पूजा हुई, तथा पूजा के दौरान भगवान आदिनाथ का गर्भ कल्याणक महोत्सव का अर्घ्य सामूहिक रूप से भक्ति भाव के चढ़ाया गया।कार्यक्रम में फागी जैन समाज के संरक्षक प्रेम चंद भंवसा, सरावगी समाज के अध्यक्ष महावीर अजमेरा, कैलाश कासलीवाल,पं.केलास कडीला, ओमप्रकाश कासलीवाल, शांति लाल सेठी, शांति लाल धमाणा, विरेन्द्र दोषी, शिखर गंगवाल, राजेश छाबड़ा, कालू कासलीवाल, ललित कासलीवाल सहित समाज के काफी श्रावक श्राविकाएं मौजूद थे।

### प्रजापति समाज की बैठक आयोजित

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के सुंदरपुरा रोड़ स्थित राजा दक्ष छात्रावास परिसर में प्रजापति समाज की बैठक अध्यक्ष मामचंद ठेकेदार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सचिव कमलेश प्रजापत ने बताया की आगामी 17 जुलाई को प्रस्तावित प्रजापति समाज के चुनाव को लेकर सदस्यता अभियान शुरू करने के लिए सदस्यता रसीद बुक वितरित समिति के सचिव कमलेश प्रजापत को अधिकृत किया गया है। सदस्यता रसीद बुक गोनेड़ा से यादराम प्रजापति, शेखुपुर (सांगटेड़ा) से रत्तिराम प्रजापत, बड़ाबास मौहल्ला से धर्मपाल प्रजापत व दयाराम प्रजापति, पूतली से बजरंग प्रजापति, गोपालपुरा से कैलाश प्रजापत, बाछड़ी मौहल्ला से कमलेश प्रजापत आदि को अलग-अलग ग्राम पंचायतों व शहरी क्षेत्रों से 06 लोगों को सदस्यता रसीद बुक वितरित की गई। इस दौरान सेवानिवृत्त एसडीएम बीएल बासनीवाल, सह सचिव धर्मपाल प्रजापत, कैलाश प्रजापत, दयाशंकर प्रजापति, दयाराम प्रजापति, राजेश प्रजापति, कैलाश पवाना, पप्पूराम प्रजापत, बजरंग प्रजापत, हरिराम प्रजापत, रतिराम, कमलेश प्रजापत व शैतान सिंह प्रजापत सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### मनरेगा कार्य शुरू करवाने के निर्देश

**मालपुरा, (निसं)।** पंचायत समिति प्रधान सकराम चौपडा की जन्मस्थली नगर गांव में बीते तीन साल से मनरेगा योजना के अन्तर्गत सामुदायिक कार्य बंद होने की जानकारी सामने आने पर प्रधान ने सोमवार को पंचायत समिति विकास अधिकारी को नगर गांव में तीन दिवस मे मनरेगा कार्य शुरू करने के निर्देश दिये। प्रधान ने बताया कि बीते दिनों नगर गांव में जनसुनवाई किये जाने के दौरान बीते तीन साल से गांव में मनरेगा कार्य बंद होने का मामला सामने आया। जिसे गंभीरता से लेते हुए सोमवार को विकास अधिकारी सतपाल कुमावत को लिखित में पत्र प्रेषित कर आगामी तीन दिन में गांव में मनरेगा कार्य शुरू करने के निर्देश देते हुए तीन साल से कार्य बंद होने के कारणों की सूचना की प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये हैं।

### पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया

**फुलेरा, (निसं)।** जयपुर पुलिस मुख्यालय निर्देशानुसार सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर फुलेरा जीआरपी थाने पर थानाधिकारी भंवर राम गोठन के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अनेक प्रकार के औषधीय एवं फलदार पौधे लगाए गए। साथ ही उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी ली गई। इस अवसर पर थाने का स्टाफ उपस्थित रहा।



*नेपाल के लोकप्रिय व्यंजन "नॉनवैज मोमोज़" की मांग इतनी ज्यादा है कि, संकटग्रस्त प्रजाति वाइल्ड वॉटर बफलो खतरे में आ गए हैं। यह प्रजाति नेपाल के पूर्वी मैदानों में मिलती है। नेपाल एग्रीकल्चरल रिसर्च काउन्सिल के शोधकर्ता भोजान धाकल ने कहा, "हमने देखा है कि, नेपाल के बाजारों में मिलने वाला 70 प्रतिशत मीट बफलो का है। और अगर यह मीट वाइल्ड वॉटर बफलो और पालतू बफलो की संकर प्रजाति का है तो लोग इसके ज्यादा दाम देने को भी तैयार हो जाते हैं।" नेपाल में इस संकर किस्म की भारी मांग है। स्थानीय समुदाय मानते हैं कि संकर किस्म की मादा ज्यादा दूध देती है। इसलिए भारत के लोग अपने पालतू बफलो, पूर्वी नेपाल के कोशी टप्पू वाइल्ड लाइफ रिज़र्व के पास खुले में संकरण के लिए छोड़ देते हैं। यह नेपाल का अंतिम हैबिटैट है जहाँ वाइल्ड बफलो पाए जाते हैं। रिज़र्व के चीफ वॉर्डन रमेश कुमार यादव ने कहा, "पालतू बफलो का वाइल्ड वॉटर बफलो से साथ संकरण गैरकानूनी है। रिज़र्व के पास जब हमने पालतू बफलो का सर्वे किया तो हमें कुछ जानवरों में वाइल्ड बफलो के लक्षण दिखे। यह तो संकरण से ही संभव है।" इन्टरनैशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ द नेचर ने कहा कि, वाइल्ड वॉटर बफलो, जिन्हें स्थानीय स्तर पर आर्ना कहा जाता है, की रेंज में कभी बांग्लादेश, इण्डोनेशया, लाओस, मलेशिया, श्रीलंका व वियतनाम भी शामिल थे, पर, अब ये सिर्फ नेपाल, भूटान, भारत, कम्बोडिया, म्यानमार और थाईलैण्ड में ही मिलते हैं। गत तीन दशकों में इनकी आबादी 50 प्रतिशत तक घट गई है और इसका सबसे बड़ा कारण है संकरण । कुछ लोगों का तो यह भी कहना है कि, विशुद्ध वाइल्ड वॉटर बफलो पालतू एवं जंगली भैंसों के साथ व्यापक अंतःप्रजनन के कारण संभवतया पहले ही लुप्त हो गए हैं। धाकाल कहते हैं कि, "पालतू भैंसों को मीट के लिए संकरित करने वाले लोगों के खिलाफ कड़े कदम उठाने की बजाय उन्हें कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा दी जाए तो वे अपने मवेशी जंगल में नहीं छोडेंगे। पर यह आसान नहीं है, हमारे पास इतने संसाधन नहीं हैं।"*

# रैसलर्स साक्षी मलिक, बजरंग व विनेश फोगाट ने रेलवे की नौकरी जॉइन की

## माना जा रहा है कि, पहलवानों का यह फैसला बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग के लिए हो रहे आंदोलन के खत्म होने की शुरुआत है

नई दिल्ली, 5 जून। कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ धरना प्रदर्शन में शामिल साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने रेलवे की नौकरी फिर शुरू कर दी है। तीनों पहलवानों ने रेलवे की अपनी नौकरी जॉइन कर ली है। माना जा रहा है कि पहलवानों का यह फैसला बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग के लिए हो रहे आंदोलन के खत्म होने की शुरुआत है। हालांकि साक्षी मलिक ने ट्वीट कर आंदोलन से पीछे हटने की खबरों को गलत बताया है और कहा कि मैं सत्याग्रह के साथ-साथ नौकरी की जिम्मेदारी भी निभा रही हूं।

शनिवार की रात को ही तीनों पहलवानों ने होम मिनिस्टर अमित शाह से मुलाकात की थी। फिलहाल इस खबर पर बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट का बयान सामने नहीं आया है,

- **सूत्र ने बताया, तीनों ने अपनी नौकरी जॉइन कर ली है। तीनों पहलवान धरने के लिए बीते 36 दिनों से छुट्टी पर थे और आंदोलन कर रहे थे।**
- **शनिवार की रात को ही विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक ने होम मिनिस्टर अमित शाह से मुलाकात की थी।**

जो इस आंदोलन के बड़े चेहरे रहे हैं। शनिवार की रात को ही विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक ने होम मिनिस्टर अमित शाह से मुलाकात की थी।

इस मीटिंग के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि कानून इस मामले में अपना काम करेगा और आरोपों की जांच की जा रही है। यदि कोई भी इस मामले में दोषी पाया जाएगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। माना जा रहा है कि होम मिनिस्टर की ओर से आश्वासन मिलने के बाद ही साक्षी मलिक विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने यह फैसला लिया है।

तीनों पहलवानों को 28 मई को जंतर-मंतर से हटा दिया गया था, जहां वे धरना दे रहे थे। उत्तर रेलवे मुख्यालय के रिकॉर्ड के मुताबिक रियो ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली साक्षी मलिक ने 31 मई को रेलवे के बड़ौदा हाउस ऑफिस में जाकर नौकरी दोबारा जॉइन कर ली। इससे पहले 30 मई को तीनों पहलवान हरिद्वार गए थे और वहां गंगा में अपने मेडल बहाने का प्रयास किया था।

हालांकि उन्हें ऐसा ना करने के लिए किसान नेता नरेश टिकैत ने राजी कर लिया था और उनसे मेडल ले लिए थे। सूत्र ने बताया, तीनों ने अपनी नौकरी जॉइन कर ली है। तीनों पहलवान धरने के लिए बीते 36 दिनों से छुट्टी पर थे और आंदोलन कर रहे थे।

पूनिया ने बीते महीने इसे लेकर कहा था, हमने शुरुआत में 7 से 10 दिन तक की लीव ली थी। इसके बाद हम छुट्टी बढ़ाते रहे। अब तक हमारे ऊपर रेलवे की ओर से कोई दबाव नहीं आया है। हम अपनी छुट्टी के दौरान ऐसा कुछ भी करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो हम चाहते हैं और आंदोलन करना तो हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है।

## डोभाल की अमेरिकी रक्षा मंत्री से दिल्ली में मीटिंग

नयी दिल्ली 5 जून (वार्ता)। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने सोमवार को यहां अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ मुलाकात की और दोनों देशों के बीच समुद्री , सैन्य और एयरोस्पेस क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी में सहयोग बढाने के उपायों पर चर्चा की। सूत्रों के अनुसार डोभाल ने दो दिन की यात्रा पर रविवार को यहां पहुंचे आस्टिन के साथ 'मेक इन इंडिया'

- **अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर भारत आये हुये हैं।**

और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलों की तर्ज पर प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण , सह उत्पादन और स्वदेशी क्षमता को बढ़ाने पर भी बातचीत की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय , क्षेत्रीय और हिन्द प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सहित वैश्विक महत्व के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने साझा सुरक्षा हितों और समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढाने पर अपना दृष्टिकोण रखा।

# डीडवाना में 32 खान धारकों व खनन इंजीनियर के खिलाफ एफ.आई.आर.

## यह एफ.आई.आर. डीडवाना की अदालत के आदेश पर दर्ज की गई है

डीडवाना, 5 जून। उपखण्ड के कोलिया और पीर पहाड़ी क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर हो रहे खनन को डीडवाना के न्यायालय ने गंभीरता से लेते हुए 32 खान धरकों सहित खनिज अभियंता के खिलाफ मामला दर्ज करने के आदेश डीडवाना पुलिस को दिए हैं। कुचामन निवासी पूर्व सैनिक और पर्यावरण प्रेमी दातार सिंह द्वारा दिए गए इस्तगासे के आधार पर कोर्ट ने इसे गंभीर मानते हुए सभी खान धारकों के साथ खनिज अभियंता के खिलाफ भी मामला दर्ज करने के आदेश दिए।

दातार सिंह की वकील सुमन शेखावत के अनुसार क्षेत्र में खनन नियमों को ताक पर रखकर पहाड़ी क्षेत्र को पूरी तरह से छलनी कर दिया गया

- **अदालत ने यह आदेश कुचामन निवासी पूर्व सैनिक व पर्यावरण प्रेमी दातार सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।**
- **याचिका में आरोप लगाया गया है कि, कोलिया और पीर पहाड़ी क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध खनन हो रहा है, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान हुआ है।**

है। खान धारक अवैध ब्लास्टिंग के जरिये खनन कर रहे हैं और पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। साथ ही परिवादी ने खनिज विभाग से मिलीभगत कर सरकार को भी करोड़ों के राजस्व नुकसान पहुँचाने का आरोप लगाया है।

परिवादी की अपील पर कोर्ट ने आज मामला दर्ज कर जांच के आदेश दिए हैं।

पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में सुखाराम, बुद्धाराम जाट, बजरंग लाल पंवार, चेनाराम जाट, धापू देवी पवार, गिरधर गोपाल पवार, चेनाराम जाट, कमलेश कुमार, मांगीलाल, राजकुमारी पवार, रामनिवास जाट, प्रेमाराम, प्रेमाराम जाट, दिनेश चौहान, विनोद कुमार, भंवरी देवी, बजरंग लाल पंवार, किस्तूराराम जाट, नानूराम, रामनिवास, अर्जुन राम, छूनाराम, सत्यनारायण शर्मा, रामदेव, रामनिवास, महेंद्र पंवार सहित माइनिंग इंजीनियर नागौर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### पैंथर्स पार्टी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

वर्ष पहले राजस्थान में पैंथर पार्टी का प्रांतीय अध्यक्ष मनोनीत किया था। ज्ञातव्य है कि प्रो. भीम सिंह सुप्रसिद्ध राजपूत जनरल जोरावर सिंह के प्रपौत्र थे। शर्मा ने कहा कि भीम सिंह के पूर्वज मूलतः राजस्थान के ही थे।



*लोकप्रिय टेलीविजन धारावाहिक महाभारत में शकुनी मामा की भूमिका के लिए मशहूर हुए अभिनेता गूफी पेंटल का सोमवार की सुबह निधन हो गया। उनके परिजनों ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर यह जानकारी दी। दिल और किडनी की बीमारियों से जूझ रहे पेंटल 78 वर्ष के थे। पंजाब के तरनतारन में चार अक्टूबर, 1944 को जन्मे पेंटल ने फिल्म चैतन्य महाप्रभु का निर्देशन भी किया। गूफी ने 1975 में रफूचक्कर से फिल्मी जीवन की शुरुआत की थी। उन्हें महाभारत धारावाहिक में शकुनि मामा की भूमिका से सर्वाधिक प्रसिद्धि मिली। उन्होंने "देस परदेस", "दावा" जैसी फिल्मों में अभिनय किया। वे टीवी सीरियल्स सी.आई.डी., कर्ण संगिनी, राधाकृष्ण का भी हिस्सा थे।*

## वैष्णो देवी में श्रद्धालुओं के पहुँचने का रिकॉर्ड बना

जम्मू, 5 जून (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के कटरा शहर की त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर में इस साल पहले पांच महीनों में 38 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने पहुंचकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को

- **वैष्णो देवी गुफा मंदिर में इस साल पहले पांच महीनों में 38 लाख से अधिक तीर्थयात्री पहुँचे हैं, यह अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है।**

यूनीवार्ता को बताया कि गर्मी की छुट्टियों को देखते हुए कटरा शहर में भारी भीड़ है और तीर्थयात्री गुफा मंदिर में मत्था टेकने के लिए भवन के लिए रवाना हो रहे हैं।

एक अधिकारी ने कहा, इस साल अब तक पहले पांच महीनों में 38.47 लाख (38,47,584) तीर्थयात्री गुफा मंदिर के दर्शन कर चुके हैं।

## पेपर लीक मामले में...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

भजनलाल डबल ए क्लास का ठेकेदार है। उसे पेपर लीक मामले में भतीजी सोहनी देवी के साथ गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के समय 71 लाख रुपए नकद के साथ कुछ सबूत भी जब्त किए गए थे। भजन लाल ने सोहनी देवी के लिए पेपर खरीदा था जो परीक्षार्थी थी।

जालौर संवाददाता के अनुसार पेपर लीक मामले में ईडी ने सोमवार को सांचोर क्षेत्र के विभिन्न जगह दंबिश देकर कार्यवाही की। मुख्य आरोपी सांचौर के ही है। ई.डी. के पदाधिकारियों ने सांचोर के अचलपुर निवासी मुख्य आरोपी सुरेश ढाका के घर पर रेड की । ई.डी. की रेड पड़ने की सूचना पर सुरेश ढाका के पिता मांगीलाल अलमारी में बंद हो गये। अलमारी में बंद होने से वे बहोश हो गये तथा ई.डी. ने अलमारी से निकालकर उन्हें हॉस्पीटल में भर्ती करवाया। वही पेपर लीक मामले के एक अन्य मुख्य आरोपी सुरेश विश्नोई के घर भी ई.डी. ने रेड की। सुरेश विश्नोई की माता घबरा गई तथा उनकी भी तबीयत खराब हो गई। ई.डी. ने करीब सात जगह पर छापेमारी की कार्यवाही की। ई.डी. की कार्यवाही से पेपर लीक मामले के आरोपियों के घर हड़कम्प मच गया तथा ई.डी. के पदाधिकारियों ने उनसे पूछताछ कर कई दस्तावेज व अन्य जानकारी जुटाई। ई.डी. ने पेपर लीक के मास्टर माइंड आरोपी भूपेन्द्र सारण के घर पर भी रेड कर कई सबूत व दस्तावेज एकत्रित किये। वही एन.एस.यू.आई. के विकास मांजू, राजू मांजू सहित अन्य आरोपियो के घर पर छापामारी कर कार्यवाही की।

डूंगरपुर संवाददाता के अनुसार इस मामले में ई.डी. की एक टीम सोमवार सुबह डूंगरपुर में आर.पी.एस.सी. सदस्य बाबूलाल कटारा के घर पहुंची। इस दौरान घर के बाहर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सशस्त्र जवान तैनात किए गए, घर में परिवार के दो लोगों की मौजूदगी में ई.डी. की टीम जांच कर रही है। हालांकि कोई भी अधिकारी जांच को लेकर कोई बयान नहीं दे रहे हैं। न्यू कॉलोनी के सुभाष नगर में बाबूलाल कटारा का घर है। सोमवार सुबह जयपुर नंबर की 2 इनोवा गाड़ी में करीब 10 अधिकारी और सुरक्षाकर्मियों की टीम डूंगरपुर पहुंची। ई.डी. के अधिकारियों के साथ ही केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सशस्त्र जवान घर के बाहर चारों तरफ तैनात कर दिए गए। इसके बाद ई.डी. के अधिकारी घर में पहुंचे, जहां बाबूलाल कटारा की पत्नी और बेटा मौजूद थे। ई.डी. की टीम ने परिवार के लोगों से पूछताछ की।

अजमेर संवाददाता ने बताया कि सोमवार को अजमेर में भी इस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड और आरोपी बाबूलाल कटारा के सरकारी आवास पर ई.डी. की टीम ने रेड की। दो कारों में सवार होकर आई ईडी की टीम में कुल 6 सदस्य थे, जो दोपहर के समय सीधे कटारा के टोडरमल लेन स्थित सरकारी आवास पहुंचे।

गौरतलब है कि वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में एसओजी द्वारा बाबूलाल कटारा को इसी साल 18 अप्रैल को उनके इसी सरकारी आवास से गिरफ्तार किया गया था। राजस्थान सरकार ने बाबूलाल कटारा को 15 अक्टूबर 2020 को आर.पी.एस.सी. का सदस्य नियुक्त किया गया था। आरोप है कि वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा के पेपर बाबूलाल कटारा के निर्देशन में ही तैयार हुए थे और इसी दौरान उन्होंने यह पेपर सरकारी शिक्षक शेर सिंह मीणा को 60 लाख रुपए में बेचा था। बाद में शेर सिंह ने यह पेपर पश्न पत्र पेपर लीक माफिया सुरेश ढाका को 80 लाख रुपए में बेच दिया था।

### मुम्बई पुलिस...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कर रही नैशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी ने अदालत से कहा कि जमानत की अवधि पर पाबंदी रहनी चाहिये। प्रदीप शर्मा को तीन सप्ताह की जमानत मंजूर करते हुये, न्यायमूर्ति अनिरूद्ध बोस तथा राजेश बिन्डिया की अवकाशकालीन बैंच ने शर्मा से कहा कि वे सुनवाई की अगली तारीख, 26 जून को अपनी पत्नी की सभी मैडिकल रिपोर्ट्र्स, जिनमें ट्रीटमैन्ट का स्टेट्स भी शामिल है, अदालत में पेश करें। शर्मा, पुलिस ऑफिसर दया नायक, विजय सलास्कर तथा रवीन्द्रनाथ आँग्रे के साथ, मुम्बई के उस पुलिस एनकाउन्टर स्कॉड के सदस्य थे, जिसने पिछले वर्षों में 300 से अधिक अपराधियों को मार डाला था।

### बाइक ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय गई है जिसमें राइड-शेयरिंग प्लेटफॉर्म्स को अनुमति दे दी गई है कि वे राष्ट्रीय राजधानी में अपनी व्यावसायिक गतिविधि जारी रखें तथा शहर में चल रहे नॉन-ट्राँसपोर्ट दुपहिया वाहनों के संचालक-समूह के रूप में काम करते रहें।

दिल्ली सरकार ने कहा है कि उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश को मद्देनज़र रखते हुये, उबर तथा रैपिडो नॉन-ट्रांसपोर्ट, जिनमें दुपहिया वाहन भी शामिल हैं, को काम में ले रहे हैं। दिल्ली सरकार ने कहा है कि मोटर वीकल एक्ट तथा मोटर वीकल ऐग्रीगेटर गाइडलाइन्सस 2020 के तहत, वैध परमिट प्राप्त किये बिना, राइड-पूलिंग की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## 'ए.सी.बी. अच्छा काम कर रही...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

के लिए जनता का दिल जीतना पड़ता है, जनता की सेवा करके और जनता के काम करके चुनाव जीता जाता है, इन संस्थाओं से चुनाव नहीं जीता जाता है।

डोटासरा ने कहा- जिन्होंने पेपरलीक किया उन्हें गिरफ्तार कर लिया, जिनके खिलाफ जो कार्रवाई करनी थी वह कर दी गई। फिर भी ये किस बेस पर ई.डी. को घुसा रहे हैं। फिर भी मैं कहना चाहता हूं, मैं तो स्वागत करता हूं कोई दिक्कत नहीं है। किसी ने कोई अपराध किया है कि उसको सजा मिलनी चाहिए। पर आप बताइए जब हमारी सरकार अच्छे से कार्रवाई कर रही है और उच्च पदों पर बैठे लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, तो फिर इसके बाद में इनका क्या रोल है? समझ में नहीं आ रहा। इमानदारी से कोई मामला बनता बनाएं, किसी ने जमाखोरी की है, मनी लॉन्ड्रिंग की है तो उसके खिलाफ कार्रवाई करें, हमें दिक्कत नहीं है। इस मामले पर भाजपा नेताओं के बयानों पर डोटासरा ने कहा कि राजेंद्र राठौड़ को तो बोलने का हक ही नहीं है, क्योंकि उनके स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए तो एनएचएम घोटाला हुआ था। तब केंद्र में यही भाजपा की सरकार थी, क्या ई.डी. आई थी? किस-किस के यहां क्या क्या मिला था, एक बार बता दीजिए। पिछले 5 साल में भाजपा शासित राज्य में क्या भ्रष्टाचार की घटना नहीं हुई? क्या भाजपा राज वाले एक भी प्रदेश में करप्शन का मामला नहीं है जिस पर ई.डी. जाए? केवल कांग्रेस शासित राज्यों में जहां पर सरकारें अच्छा काम कर रही है वहां ई.डी. भेज रहे हैं।

डोटासरा ने कहा कि, अब ये क्या करेंगे, जब आरपीएससी के मेंबर को हमारी सरकार ने बर्खास्त किया, हमारी सरकार ने उसको पकड़ा, उसके पैसे मिल गए कोई हमने छुपाया थोड़ी ही है। हमारी सरकार ने कुछ छुपाया नहीं तो फिर यह नौटंकी क्यों? फिर भी अगर किसी भी एजेंसी को लगता है कि कोई गड़बड़ है तो हमें जांच में कोई तकलीफ नहीं है। भजनलाल बिश्नोई के साथ खुद की फोटो वायरल होने के सवाल पर डोटासरा ने कहा कि अब तो ईडी आ गई है। अगर किसी ने गड़बड़ी की तो जेल की सलाखों में होगा। अगर फोटो से ही कोई अपराधी बनता है, तो बनाओ ना अपराधी। हम तो नेता हैं, लाखों लोग मिलते हैं, मेरे साथ किसकी कोई फोटो आई है, मैं तो किसी भजनलाल व्यक्ति के जानता नहीं और न मैंने जानने की चेष्टा की। बाबूलाल कटारा को भी मैं तो नहीं जानता था।

### पटना में...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

दलों को एक साथ लाना आसान नहीं होगा। ऐसे में संयुक्त घोषणा पत्र और समन्वय समिति की जरूरत से इन्कार नहीं किया जा सकता। नीतीश कुमार समन्वयक की भूमिका के लिए सबसे महत्वपूर्ण पात्र साबित होंगे। त्यागी का तर्क है कि लालू प्रसाद को छोड़कर कांग्रेस से सभी दलों के रिश्ते पूरी तरह सहज नहीं हैं। ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, अखिलेश यादव, शरद पवार और उद्धव ठाकरे समेत कई नेताओं को एक मंच पर लाने का दायित्व हर कोई नहीं संभाल सकता है।

### सी.बी.आई. को बालासोर एक्सीडैंट ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

किया था। जैसी पूरी-पूरी संभावना है कि सी.बी.आई. इस केस की जांच करेगी और अगर ऐसा होता है तो जानकारियों (इनपुट्स) के लिए काफी हद तक सी.आर.एस. पर निर्भर रहना पड़ेगा। विपक्षी दल यह पूछ रहे हैं-क्या जांच के काम में सी.बी.आई. को लाने की कोशिश के पीछे यह विचार है कि रेलवे को दोष मुक्त कर दिया जाये तथा लोगों का ध्यान रेल-सुरक्षा से जुड़े अति महत्वपूर्ण मुद्दों से हटा दिया जाये?

रेल-सुरक्षा की प्रक्रियाओं में तेजी लाने की जरूरत से जुड़े अनेकानेक मुद्दे हैं। इंडियन रेलवेज की अंदरूनी रिपोर्ट बताती हैं कि इलैक्ट्रॉनिक इन्टरलॉकिंग फेलियर्स, जैसी बालासोर में हुई है, विभिन्न रेलवे जोनों में होती ही रहती हैं। कन्ट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल (सी.एंड ए.जी.) की 2022 की रिपोर्ट इस चौंका देने वाले तथ्य को उजागर करती है कि 2017 से लेकर 2022 तक की 5 साल के अवधि में पूरे भारत में ...ट्रेनों के पटरी से उतरने की 1000 से ज्यादा घटनाएं हुई हैं।" जैसा कि सी.ए.जी. रिपोर्ट कहती है, "राष्ट्रीय रेल सुरक्षा कोष", जो नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा बनाया गया पंचवर्षीय रेल सुरक्षा कोष है, के प्रथम प्राथमिकता वाले कार्यों पर होने वाले कुल खर्च में कमी की जा रही है। जहाँ 2017-18 में यह 81.55 प्रतिशत था, वहीं 2019-20 में यह 73.76 प्रतिशत कर दिया गया। ट्रैक नवीनीकरण के लिये आवंटित फंड में भी कमी की जा रही है- जहाँ 2018-19 में यह 9607.65 करोड़ रू. था, वहीं 2019-20 में यह कम होकर 7417 करोड़ रू. रह गया। इसके अलावा, ट्रैक नवीनीकरण (ट्रैक रिन्यूअल) के लिये आवंटित फंड को पूरा काम में भी नहीं लिया गया। अधिकारियों का कहना है कि बालासोर की दुर्घटना इस बात को बड़े जबरदस्त तरीके से इस बात की याद दिला रही है कि रेलवे को नियमित मेंटीनेंस के मुद्दों तथा सेफ्ट्री-ड्रिल्स पर ध्यान केन्द्रित करने की सख्त जरूरत है।

# कर्नाटक में गौहत्या प्रतिबंध कानून हटायेगी राज्य सरकार?

## मु.मंत्री सिद्धारमैया ने गौहत्या पर लगा प्रतिबंध हटाने के, अपने पशुपालन मंत्री के बयान का खुलकर बचाव किया

बेंगलुरु 5 जून (वार्ता)। कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में गोहत्या कानून पर से प्रतिबंध हटाने की स्थिति में राज्य भर में आंदोलन करने की धमकी दी है। दरअसल, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने राज्य में पिछली भाजपा सरकार के गो हत्या प्रतिबंध संबंधी कानून को हटाये जाने के संकेत दिये हैं।

भाजपा के विधान परिषद सदस्य एन रावकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा,गाय और बैल हमारे किसानों के मित्र हैं, अगर भारत में खेती को बनाए रखना है, गाय, बैल और भैंसों को जीवित रहना है। अब सरकार गाय विरोधी कानून को वापस लेने पर विचार कर रही है, हम इसका विरोध करते हैं और अगर इसे हटा लिया जाता है, तो हम राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे।

भाजपा नेता कर्नाटक के पशुपालन मंत्री के वेंकटेश के गोवध पर प्रतिबंध को हटाने के इरादे पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, उन्होंने विवादित बयान दिया कि अगर भैंस और बैल काटे जा सकते हैं, तो गायों का क्यों नहीं। उन्होंने तीन जून को गोहत्या विरोधी कानून पर एक नज़र डालने की मांग की।

कर्नाटक पशुवध रोकथाम और पशु संरक्षण अधिनियम जिसे भाजपा सरकार ने 2021 में लागू किया था। तब कांग्रेस ने इस कानून का विरोध किया था।

मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा कि 1964 के अधिनियम के तहत 12 वर्ष से अधिक आयु की गायों को मारने का प्रावधान है।

- **कर्नाटक भाजपा ने राज्य में गौहत्या कानून से प्रतिबंध हटाने की स्थिति में राज्य भर में आंदोलन करने की धमकी दी है।**
- **कर्नाटक के पशुपालन मंत्री के. वैंकटेश ने बयान दिया कि, अगर भैंस और बैल काटे जा सकते हैं, तो गायों का क्यों नहीं। उन्होंने गत तीन जून को गौहत्या विरोधी कानून की समीक्षा करने की बात कही थी।**

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हम कैबिनेट में इस (गौहत्या के मुद्दे) पर चर्चा करेंगे। इस मामले में 1964 के अधिनियम में जो कहा गया है, वह यह है कि (वध करने का प्रावधान है) 12 साल से अधिक उम्र की गायों, बांझ गायों और खेती के लिए अनुपयोगी गायों को मारने का प्रावधान है।

उन्होंने (वेंकटेश) ने कानून के पूर्ण विवरण को जाने बिना टिप्पणी की है। अधिनियम में संशोधन किया गया था, फिर हम इसे वापस लाए और इसे फिर से बदल दिया गया (पिछली भाजपा सरकार द्वारा)। हम इस पर कैबिनेट में चर्चा करेंगे। सिद्दारमैया ने हालांकि स्पष्ट किया, अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया है।

वेंकटेश ने शनिवार को कहा था कि अगर भैंसों का वध किया जा सकता है तो गायों का क्यों नहीं।

उनके इस बयान पर भाजपा के बड़े पैमाने पर विरोध को किया, भाजपा ने कर्नाटक वध रोकथाम और मवेशी अधिनियम, 2020 पारित किया था। तब विपक्षी कांग्रेस ने इस कानून का विरोध किया था ,इस मामले में 2021 में कानून बना दिया गया था। वेंकटेश ने कहा कि किसान वृद्ध मवेशियों को रखने और मृतकों का निपटान करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

सोमवार की सुबह, कर्नाटक के पूर्व मंत्री प्रभु चव्हाण ने वेंकटेश को गोहत्या के पक्ष में बयान देने के लिए उन्हें 'मेंटल केस' बता दिया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908